# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



छतरपुर जिले में पानी में डूबे गांव, संपर्क कटा, 2 कच्चे मकान गिरने से 2 की मौत

संजय नगर टोल प्लाजा

बारिश ने दिखाया उग्र रूप, बाढ़ में फंसे हजारों परिवार

# शिवपुरी में लैंड स्लाइड, टीकमगढ़ व झांसी हाईवे बंद वाहनों की कतारें लगीं, दो जिलों में स्कूलों की 'छुट्टियां'

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल/छतरपुर

प्रदेश के कई जिलों में बारिश ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। छतरपुर, टीकमगढ़, सतना, ग्वालियर, रीवा और मंदसौर में हालात खराब हो गए हैं। छतरपुर जिले में पानी का सैलाब नजर आने लगा है, नदी-नाले उफान पर चल रहे हैं।

कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट चुका है। लोग घर छोड़ने के लिए मजबूर हैं। गुरुवार की सुबह से शुरू हुई बारिश पूरी रात जो कहर बरपाया उससे 2 लोगों की जान भी चली गई। थाना ओरछा रोड के अंतर्गत ▶▶शेष पेज 6 पर

नाले में बहे युवक का मिला शव

संजयनगर का टोल प्लाजा बहा आवागमन ठप

ग्वालियर समेत 4 जिलों में डैम के गेट खोले



सिंहपुर बैराज डैम

## आज 23 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

प्रदेश के 23 जिलों में शनिवार को भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वर्तमान में दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश पर दवाब का क्षेत्र बना हुआ है। शनिवार को मौसम प्रणाली के दक्षिण उत्तर प्रदेश और उससे लगे उत्तरी प्रदेश से होते हुए उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ने की संभावना है। इस सिस्टम की वजह से उत्तर-पूर्वी प्रदेश में कई स्थानों पर भारी बारिश हो रही है। शनिवार और रविवार को ग्वालियर, चंबल, सागर, रीवा, शहडोल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं अति भारी बारिश के आसार हैं। प्रदेश के 5 संभागों के 23 जिलों ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, दतिया, अशोक नगर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, सागर, छतरपुर, दमोह, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, ▶▶शेष पेज 6 पर ▶▶पढ़ें पेज 03 भी



छतरपुर में मकान ढहा

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### एक्टर विजय देवरकोंडा की तबीयत खराब, भर्ती



**नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी तबीयत ठीक नहीं है, वो इस वक्त डेंगू से जूझ रहे हैं, जिसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया गया है कि उन्हें जल्द अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। उनकी 'किंगडम' फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

### प्रेमी-प्रेमिका सहित दो साल के बच्चे की मौत



**बालाघाट।** ग्राम गढ़ी सब्जी बाजार में शुक्रवार को एक प्रेमी ने पहले खुद कीटनाशक खाया और अपनी प्रेमिका व उसके दो वर्षीय बच्चे को भी खिला दिया। जिससे तीनों की मौत हो गई। मरने वालों में कदला निवासी प्रेमी सुकेश धुर्वे (30), प्रेमिका प्रीति पति सोनसाय धुर्वे (30) और दक्ष पिता सोनसाय धुर्वे ग्राम समनापुर निवासी हैं।

### नारकोटिक्स इंस्पेक्टर और दलाल गिरफ्तार



**उज्जैन।** सीबीआई की जयपुर टीम ने मप्र के केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के घूसखोर इंस्पेक्टर और दलाल को पकड़ा। इंस्पेक्टर ने नारकोटिक्स के केस में परिवार को नहीं फंसाने की एवज में 1 करोड़ रुपए की रिश्वत की मांगी थी। सौदा 53 लाख रुपए में तय हुआ था। 3 किश्त में दलाल के जरिए 44 लाख ले चुका था।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फूड प्रोसेसिंग, टैक्सटाइल और नवकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में कैटलोनिया की अग्रणी कंपनियों को मप्र में निवेश और तकनीकी सहयोग के लिए आमंत्रण दिया

# यही समय है...सही समय है, यूरोपीय कंपनियां मप्र को अपने निवेश गंतव्य के रूप में देखें





मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वसुधैव कुटुंबकम' के मंत्र को आत्मसात करते हुए मप्र वैश्विक साझेदारियों के लिए तैयार है

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फूड प्रोसेसिंग, टैक्सटाइल और नवकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में कैटलोनिया की अग्रणी कंपनियों को मप्र में निवेश और तकनीकी सहयोग के लिए आमंत्रण दिया।

उन्होंने प्रदेश की नई औद्योगिक नीति, मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और युवा शक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सही समय है जब यूरोपीय कंपनियां मप्र को अपने निवेश गंतव्य के रूप में देखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात स्पेन प्रवास के तीसरे दिन निवेशकों से मुलाकात में यह बात कही। उन्होंने इससे पहले बार्सिलोना के मर्काबार्ना का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बार्सिलोना स्थित मर्काबार्ना का समग्र मॉडल मप्र के लिए उपयोगी हो सकता है। बढ़ते कृषि उत्पादन को ▶▶शेष पेज 6 पर

मुख्यमंत्री ने स्पेन प्रवास के तीसरे दिन निवेशकों से की मुलाकात

मर्काबार्ना का समग्र मॉडल मध्यप्रदेश के लिए प्रेरणादायक



आईआईटी इंदौर और आईशर (आईआईएसईआर) भोपाल बार्सिलोना के विश्वविद्यालयों से जुड़ेंगे

मप्र में गेहूं, चावल, फल, सब्जियों और प्रोसेस्ड फूड के निर्यात की असीम संभावनाएं

कृषि, नवाचार लॉजिस्टिक्स और निर्यात के क्षेत्र में वैश्विक अनुभवों का किया अवलोकन

## भारत और स्पेन के बीच कृषि लॉजिस्टिक्स, फूड प्रोसेसिंग की संभावनाएं

मर्काबार्ना के सीईओ ने मप्र के प्रति रूचि जताई। मर्काबार्ना के सीईओ पाब्लो विल्लानोवा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिवादन करते हुए कहा कि भारत और स्पेन के बीच कृषि लॉजिस्टिक्स, फूड प्रोसेसिंग और मार्केट इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में मजबूत सहयोग की संभावनाएं हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश के प्रति विशेष रुचि और भविष्य में द्विपक्षीय ज्ञान साझेदारी पर सहमति जताई। उन्होंने 'फार्म- ▶▶शेष पेज 6 पर

**खाद्य अपशिष्ट नियंत्रण और नवाचार के क्षेत्र में भी प्रेरणा**

मुख्यमंत्री ने मर्काबार्ना में संचालित फूड बैंक, जीरो वेस्ट मैनेजमेंट प्रणाली और फूड-टेक स्टार्टअप्स के लिए तैयार किए गए इनक्यूबेशन मॉडल का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्थाएं मप्र में नवाचार-आधारित कृषि ▶▶शेष पेज 6 पर

### अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता के अनुरूप उत्पादों का निर्माण होगा

*डॉ. यादव ने स्पेन यात्रा के तीसरे दिन बार्सिलोना में कैटलोनिया सरकार के विदेश मंत्री जैम डच गुइलोट से भेंट की। इस दौरान उन्होंने मप्र के प्रमुख उच्च शिक्षा संस्थान आईआईटी इंदौर और आईशर (आईआईएसईआर) भोपाल को बार्सिलोना के विश्वविद्यालयों से जोड़ते हुए अकादमिक और शोध सहयोग को बढ़ाने की बात कही। उन्होंने बताया कि मप्र विश्वस्तरीय अनुसंधान और नवाचार केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मर्काबार्ना जैसे केंद्रों से प्रेरणा लेकर पोस्ट-हार्वेस्ट लॉस को कम करते हुए अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता के अनुरूप उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। यह संस्थान 250 एकड़ में फैला हुआ यूरोप का प्रमुख फूड लॉजिस्टिक्स हब है, जहां उत्पादन, भंडारण, प्रोसेसिंग और वितरण की व्यवस्थाएं एकीकृत रूप से संचालित होती हैं। उन्होंने कहा कि आज मप्र को सिर्फ उत्पादन की नहीं, बल्कि कटाई के बाद मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण, भंडारण, और वैश्विक बाजारों तक पहुंच की भी चुनौती है।* ▶▶पढ़ें पेज 05 भी

### बघेल के परिवार पर ईडी की फिर 'नकेल'

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य गिरफ्तार, शराब घोटाले में बड़ी कार्रवाई



**कोर्ट ने पांच दिन के लिए ईडी कस्टडी में भेजा**

» भूपेश ने लिखा- भिलाई निवास में 'साहेब' ने ईडी भेज दी

» भूपेश सरकार के दौरान 3200 करोड़ का शराब घोटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶रायपुर

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई एक कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले की जांच के तहत की गई।

भूपेश बघेल ईडी की कार्रवाई के दौरान विधानसभा के लिए घर से निकल गए थे। भिलाई वाले घर पर शुक्रवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापा मारा था। ईडी ने ये कार्रवाई मनी लांड्रिंग ▶▶शेष पेज 6 पर

### शराब घोटाला मामले में हुए थे 22 अफसर निलंबित

बीती 11 जुलाई को छत्तीसगढ़ सरकार ने आबकारी विभाग से जुड़े एक बहुचर्चित मामले में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की। कुल 22 अधिकारियों को निलंबित किया। यह कार्रवाई पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के दौरान हुए 3200 करोड़ रुपए के शराब घोटाले ▶▶शेष पेज 6 पर

### कैसे हुआ शराब घोटाले का खुलासा

ईडी ने मामले में जब जांच शुरू की तो सामने आया कि छत्तीसगढ़ में शराब की बोतलों पर लगने वाले होलोग्राम का टेंडर कारोबारी विधु गुप्ता की कंपनी ने जीता। हालांकि, यह टेंडर उन्हें अवैध कमीशन से मिला। जब प्रवर्तन निदेशालय ने विधु को गिरफ्तार किया तो उन्होंने मामले में बघेल सरकार की तरफ से सीएसएमसीएल के एमडी बनाए गए अरुणपति त्रिपाठी, रायपुर महापौर के बड़े भाई शराब कारोबारी अनवर ढेबर और अनिल टुटेजा का नाम लिया। जब ईडी ने इन तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया, तो मामले में और भी खुलासे हुए।

### इंदौर हाईकोर्ट ने डीजीपी को दिए निर्देश

## गंभीर चोटों पर कमजोर धाराएं लगाना, अब यह नहीं चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶इंदौर

■ पुलिस थाने में ही पीड़ित की तस्वीरें ली जाएं

मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने मारपीट और गंभीर चोट के मामलों में पुलिस की ढिलाई और साक्ष्य कमजोर करने वाली कार्यशैली को लेकर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि जानबूझकर कमजोर धाराएं लगाई जाती हैं, गंभीर चोटों को मामूली बता दिया जाता है। जिससे आरोपी को शुरुआती चरण में ही जमानत मिल जाए। अदालत ने स्पष्ट आदेश जारी करते हुए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को निर्देश दिए हैं कि भविष्य में ▶▶शेष पेज 6 पर



### मंदसौर में भाजपा नेता की हत्या

## खून से लथपथ मिला शव, शरीर पर धारदार हथियार के निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶मंदसौर

■ डिप्टी सीएम देवड़ा ने जांच के आदेश दिए

नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के हिंगोरिया बड़ा में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष श्यामलाल धाकड़ (45) की गुरुवार रात धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। श्यामलाल अपने घर की दूसरी मंजिल पर सो रहे थे। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन पर हमला किया। शुक्रवार सुबह परिजन को श्यामलाल का खून से लथपथ शव मिला। घटना के वक्त परिजन घर के नीचे वाले हिस्से में थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम किया है और शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजन से पूछताछ के साथ आसपास ▶▶शेष पेज 6 पर



### हरदा की घटना और लाठीचार्ज का 3 जिलों में विरोध

## उज्जैन, रतलाम व खंडवा में करणी सैनिकों का प्रदर्शन, सौंपे गए ज्ञापन

न्यायिक जांच व रतलाम एएसपी को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल/हरदा

करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर समेत अन्य पदाधिकारियों की हरदा में गिरफ्तारी और लाठीचार्ज की घटना के विरोध में शुक्रवार को करणी सैनिकों ने रतलाम, उज्जैन और खंडवा जिला मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन किया।

रतलाम में दोपहर में बड़ी संख्या में करणी सैनिक नेहरू स्टेडियम में एकत्र हुए और वहां से रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इस दौरान अपर कलेक्टर को मुख्यमंत्री, एसपी और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हरदा मामले की न्यायिक जांच कराने, रतलाम एएसपी को सात दिन में हटाने समेत कई मांगें की गईं। 13 जुलाई को करणी सैनिकों ने हरदा प्रकरण को लेकर रतलाम ▶▶शेष पेज 6 पर



### महिला सशक्तिकरण पर बोले संघ प्रमुख डॉ. भागवत

## महिलाओं को पिछड़ी परंपराओं से मुक्त करना भी जरूरी, तभी विकास

◆ ईश्वर ने महिलाओं को एक अतिरिक्त विशेषता दी है, जिससे वे वह सब कर सकती हैं जो पुरुष नहीं कर पाते

एजेंसी ▶▶सोलापुर

आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण से ही देश का विकास संभव है। समाज में महिलाओं को पिछड़ी परंपराओं और रुढ़ियों से मुक्त किया जाना चाहिए, क्योंकि महिलाओं को पुरुषों के बराबर सभी योग्यताएं प्राप्त हैं। उन्होंने कहा- महिलाओं की स्वतंत्रता से पूरा समाज लाभान्वित होता है। वे महाराष्ट्र के ▶▶शेष पेज 6 पर



### महिला आगे बढ़ती है, तो वह पूरे समाज को आगे ले जाती है

*उन्होंने यह भी कहा कि पुरुषों को यह सोचना कि वे महिलाओं को ऊपर उठाएंगे, यह एक अहंकार की बात है। ऐसा सोचने की कोई जरूरत नहीं है। महिलाओं को बस स्वतंत्र छोड़ देना चाहिए, उन्हें पिछड़ी परंपराओं से मुक्त करना चाहिए और उन्हें खुद को विकसित करने देना चाहिए। जब एक महिला आगे बढ़ती है, तो वह पूरे समाज को आगे ले जाती है।*

### दुर्गापुर में पीएम मोदी की गर्जना- बंगाल का नौजवान पलायन के लिए मजबूर, छोटे-छोटे काम के लिए भी उसे दूसरे राज्यों की तरफ जाना पड़ रहा

# तृणमूल सरकार 'विकास के रास्ते' की दीवार, बदलाव चाहता है बंगाल

एजेंसी ▶▶दुर्गापुर



प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के इतिहास को विकास का केंद्र बताया और वर्तमान स्थिति को बिल्कुल अलग बताया। पीएम ने कहा कि पश्चिम बंगाल में नौजवानों का पलायन बढ़ा है। छोटे-छोटे काम के लिए भी दूसरे राज्यों की तरफ जाना पड़ रहा है और उद्योग बंद होने से आर्थिक स्थिति बिगड़ी है। पीएम ने टीएमसी सरकार पर भ्रष्टाचार और शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद ▶▶शेष पेज 6 पर ▶▶पढ़ें पेज 11 भी

### पश्चिम बंगाल की धरती प्रेरणाओं से भरी हुई

5,400 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

भाजपा बंगाल को विकसित राज्य बनाने की कोशिश कर रही

एक ऐसी सरकार चुनिए जो कामदार हो, ईमानदार हो और दमदार हो



और, क्या बोले पीएम?

उद्योगों पर लग रहे ताले, बंगाल को इस बुरे दौर से बाहर निकालना है

इस भूमि पर सर वीरेंद्र मुखर्जी हुए, जिनके जीवन और विजन से भारत में स्टील उद्योग को मजबूत नींव मिली। ऐसे महान लोगों ने ही पश्चिम बंगाल की महान विरासत को आगे बढ़ाया है। दुर्गापुर वर्धमान और आसनसोल, यह पूरा क्षेत्र भारत के औद्योगिक विकास को किसी समय में गति दे रहे थे। लेकिन ▶▶शेष पेज 6 पर

# आदमपुर खंती में सौ फीसदी कचरा प्रोसेसिंग, फिर भी मिले जीरो नंबर

## डॉक्यूमेंट अपलोडिंग में हुई लापरवाही की जांच, उज्जैन को मिले 62 अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वच्छता सर्वेक्षण के सभी मापदंडों पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले भोपाल को आदमपुर खंती में कचरा सेग्रीगेशन में जीरो नंबर मिले हैं, जबकि उज्जैन जैसे शहर को भी 62 अंक मिले हैं। ऐसे में पहले नंबर पर आने में भोपाल सिर्फ 12 अंक पिछड़ा है।

अगर कचरा सेग्रीगेशन में नबर मिलते तो हम नंबर वन पोजिशन पर होते। अब निगम के अफसर भी हैरान हैं कि आखिर हमें जीरो नंबर क्यों मिले। जिसको देखते हुए शुक्रवार को निगम के अफसर सर्वेक्षण में डॉक्यूमेंट अपलोडिंग में चूक की जांच कर रहे हैं। करीब 40 साल पुरानी भानपुर डम्प साईट को वैज्ञानिक तरीके से रेमेडीयेट किया गया। इस पर सालों से जमा लगभग 7 लाख 23 हजार मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण हुआ और खंती खत्म हो गई। अभी यहां 16 एकड़ एरिया पूरी तरह ग्रीन है और गोल्फ कोर्स की तरह नजर आता है। यह भोपाल नगर निगम की सबसे बड़ी उपलब्धि है। दरअसल साल 2018 के बाद इसमें कचरा डम्प होना बंद हो गया। इसकी जगह नगर निगम ने आदमपुर छावनी में नई लैण्डफिल साइट विकसित कर ली। भानपुर खंती में 40 साल तक पूरे शहर का कचरा फेंका जाता था। अंतिम दिनों तक इसमें मिक्स कचरा ही था। यानि शहर में सेग्रीगेशन के रूल्स ही नहीं थे। इसके बाद निगम ने इसे रिक्लेम किया। इस पूरे प्रोजेक्ट पर लगभग 52 करोड़ रुपए खर्च हुए।

### आदमपुर में रोजाना 800 मीट्रिक टन कचरे का निष्पादन

आमदपुर छावनी में पहुंचने वाले 800 मीट्रिक टन कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन किया जा रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के लिए डॉक्यूमेंट अपलोडिंग में इसकी पूरी डिटेल्स दिल्ली भेजी गई। लेकिन रिजल्ट में इसमें जीरो नंबर मिले। नतीजा, भोपाल दूसरे नंबर पर आया।

### अफसर हैरान, कहां गए रेमेडीशन के नंबर

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के रिजल्ट में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन 100 प्रतिशत, वेस्ट जनरेशन और प्रोग्रेसिंग 100 प्रतिशत, रहवासी इलाकों में साफ-सफाई 100 प्रतिशत, शहर के बाजार इलाके 100 प्रतिशत साफ, शहर के सभी तालाब भी 100 प्रतिशत क्लीन और शहर के पब्लिक टॉयलेट 100 प्रतिशत साफ। जबकि सोर्स सेग्रीगेशन 95 और रेमेडीशन-डम्प साईट में जीरो प्रतिशत। यह रिजल्ट देखकर निगम अधिकारी भी हैरान हैं। भोपाल को जीरो मिलना किसी के गले नहीं उतर रहा।

## अवॉर्ड लेकर लौटे महापौर-कमिश्नर, एयरपोर्ट पर स्वागत

दिल्ली से लौटने पर भोपाल एयरपोर्ट पर महापौर, एमआईसी सदस्यों का स्वागत किया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के नतीजों में भोपाल देश का दूसरा सबसे साफ शहर घोषित किया गया है। गुरुवार को नई दिल्ली में यह खिताब मिला है। महापौर मालती राय और टीम के सदस्य शुक्रवार को दिल्ली से भोपाल लौट आए। इस दौरान सफाई मित्र भी एयरपोर्ट पहुंच गए और महापौर समेत अन्य का स्वागत किया। इसके बाद महापौर और एमआईसी सदस्यों ने एयरपोर्ट पर झाडू भी लगाई। महापौर और टीम ने सफाई मित्रों को भी



हार पहनाकर मुंह मीठा कराया। महापौर राय, निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण सहित भोपाल के दल में शामिल सदस्यों का स्वागत किया गया। महापौर ने स्वच्छता की रैंकिंग में सुधार का श्रेय सफाई मित्रों को देते हुए पुष्प माला से उनका अभिनंदन किया।

### खबर संक्षेप

#### पीएचक्यू में दो एआईजी के प्रभार बदले

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) में पदस्थ दो महिला अफसरों के प्रभार बदले गए हैं। इस संबंध में शुक्रवार को आदेश जारी कर दिए गए। जारी आदेश के अनुसार 2001 बैच की राज्य पुलिस सेवा की अधिकारी इरमीन शाह को प्रशिक्षण शाखा से कल्याण शाखा में एआईजी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा 2002 बैच की राज्य पुलिस सेवा की अफसर अंशुमन अग्रवाल को कल्याम शाखा से प्रशिक्षण ब्रांच में एआईजी के तौर पर पदस्थ किया गया है।

#### बिजली कंपनी ने दिया आवेदन, मीटर जलाने वाले पर दर्ज हो केस

**भोपाल।** शहर के दानिशकुंज वितरण केन्द्र अंतर्गत महाबली नगर निवासी उपभोक्ता जीतेंद्र रायजादा के परिसर में स्थापित स्मार्ट मीटर को अनाधिकृत रूप से जलाने के आरोप में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा थाना कोलार में अज्ञात आरोपित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने हेतु आवेदन दिया गया है। कंपनी द्वारा घटना की तकनीकी जांच करने पर पाया गया कि उपभोक्ता के परिसर में स्थापित स्मार्ट मीटर पर केवल 0.28 से 1.0 एम्पीयर लोड था, जबकि मीटर की क्षमता 10 से 60 एम्पियर की है। ऐसे में मीटर का स्वयं जलना या विस्फोट होना तकनीकी रूप से संभव नहीं है। साथ ही कंपनी द्वारा तकनीकी जांच में टर्मिनल जलन का कोई चिन्ह नहीं पाया गया।

#### हेम्टू इंटक की बोनस भुगतान की मांग को प्रबंधन ने स्वीकारा



**भोपाल।** नई दिल्ली में हुई जेसीएम की बैठक में बोनस का एजेंडा ही गायब था। हेम्टू इंटक यूनियन का 12 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में 17 जुलाई को डॉ. जी संजीवा रेड्डी से इंटक भवन नई दिल्ली में मुलाकात की । रेड्डी ने कहा कि इस विषय का निराकरण जेसीएम की बैठक में करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। भेल भोपाल कर्मचारियों के नेतृत्व में हेम्टू इंटक यूनियन द्वारा किये गए आंदोलन की वजह से दोनों बोनस के अलग अलग भुगतान की मांग को प्रबंधन ने स्वीकार कर लिया है। हेम्टू इंटक यूनियन प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष राजेश शुक्ला, महामंत्री अजित गोंड, कोषाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी, मीडिया प्रभारी सी आर नामदेव, धर्मेन्द्र अवस्थी, फजल खान, इक़बाल खान, प्रदीप मालवीय, रणजीत चन्द्रावत, नीरज विष्वकर्मा, जीतेन्द्र मालवीय एवं ललित रायचंदानी शामिल हुए।

#### भोपाल के अक्षत शर्मा का आकस्मिक निधन



**भोपाल।** जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त अधीक्षण यंत्री हरीश कुमार शर्मा के इकलौते पुत्र अक्षत शर्मा (उम्र 33 वर्ष) का शुक्रवार देर रात दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। अंतिम यात्रा निज निवास बी-404, सर्वधर्म कॉलोनी, बी-सेक्टर, कोलार रोड से दोपहर 3 बजे प्रारंभ होगी।

### बहुमंजिला इमारत में कुल 5 खंड होंगे, प्रत्येक खंड में होंगे 20 से लेकर 22 आवास,21 को भूमिपूजन

# विधायक निवास का पारिवारिक खंड एक टूटेगा 159 करोड़ में बनेंगे 102 सर्वसुविधायुक्त आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के विधायक आवास के लिए करीब 66 वर्ष पहले बने विधायक निवास के पारिवारिक खंड-एक तथा उससे सटे मार्केट के क्षेत्र को डिस्मेंटल करने की प्रक्रिया जल्दी शुरू हो जाएगी। इसी स्थान पर 102 सर्वसुविधा युक्त, भव्य चार से छह मंजिला बहुमंजिला भवन बनेगा। इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत 159 करोड़ रुपए आएगी। यह आलीशान भवन तीन वर्षो में बनकर तैयार हो जाएगा। इसके कुल पांच खंड होंगे। प्रत्येक खंड में 20 से लेकर 22 आवास होंगे। प्रत्येक आवास का कुल क्षेत्रफल 2600 स्क्वायर फीट होगा।

अभी विधायक आवास पारिवारिक खंड का निर्माण 1958 में बना था। तब से लेकर अब तक में हर साल मेंटनेंस होता आया है। आवास काफी छोटे होने की वजह से कई विधायक अपने परिवार के लोगों को किराए के मकान या फिर होटलों में रूकवाते हैं। विधायकों की समय समय पर मांग होती रही है कि उनके लिए भी पर्याप्त जगह वाले आवास का निर्माण कराया जाए। उनकी मांगों को देखते हुए विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने बहुमंजिला आवास निर्माण का प्रस्ताव पारित कराया था।

- *प्रत्येक आवास का कुल क्षेत्रफल 2600 स्क्वायर फीट होगा*
- *दो बेडरूम, एक गेस्ट कक्ष, पीए के लिए एक रूम, एक वेटिंग एरिया भी होगा*




### हर खंड में जिम व वेटिंग हॉल भी होंगे

*विधायक आवास के लिए अभी तो डिजायन तैयार हुआ है, उस अनुसार एक जिम, योगा आदि लिए अलग से एरिया, इसके साथ ही वेटिंग हॉल प्रत्येक खंड में तैयार होगा। विधायक निवास में वह सभी जरूरी सुविधाएं होंगी जो समय के हिसाब से होना चाहिए। विधायक आवास के लिए कई बार की बैठकों के बाद निर्णय हुआ कि माननीय विधायकों के लिए जो भी आवास बने वह बेहतरीन डिजायन के साथ सर्व सविधा युक्त हो। इसी अनुसार आवास बनाने का निर्णय हुआ है। इसके अलावा बहुमंजिला इमारत के बेसमेंट में पार्किंग, स्विमिंग पूल और कैंटीन की सुविधा भी रहेगी।*

### बहुमंजिला भवन में माननीयों के लिए यह सुविधाएं होंगी

*पारिवारिक खंड को तोड़कर बनने वाले बहुमंजिला भवन में विधायको के लिए सर्व सुविधायुक्त पर्याप्त स्थान होंगे। कुल पांच खंड होंगे। इसमें एक ब्लाक में 20 से लेकर 22 आवास होंगे। इसे एस प्लस 6 की मंजूरी मिली हुई है। इसमें विधायकों के लिए सर्व सुविधायुक्त दो बेडरूम, एक गेस्ट कक्ष, पीए के लिए एक रूम, एक वेटिंग एरिया भी होगा। इसके अलावा माननीय विधायक के लिए एक ऑफिस रूम, एक सर्वेंट रूम, सभी सुविधायुक्त किचेन, बाल्कनी, लिविंग व डायनिंग एरिया, चार टॉयलेट तथा सर्वेंट के लिए एक अलग टॉयलेट भी होगा।*

### मंत्री, अफसर कर चुके निरीक्षण

अभी दो दिन पहले अध्यक्ष तोमर, विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह, पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह, पीडब्ल्यूडी के ईएनसी (बी एंड आर) केपीएस राना समेत संबंधित इंजीनियर मौके का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसमें तय हुआ कि 21 जुलाई को इसका भूमिपूजन किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तब तक अपने एक सप्ताह के विदेश प्रवास से वापस भी आ जाएंगे।

### विधायक आवास बनेगा भूकंप रोधी, होगी फायर फायटिंग की सुविधा



अभी बनने वाले विधायक आवास की डिजायन ऐसी होगी कि यह पूरी तरह से भूकंपरोधी होगा। यानी एक निश्चित तीव्रता का भूकंप भी बहुमंजिला इमारत झेल सकेगा। बताते हैं कि अभी पुराने आवास में फायर फायटिंग की सुविधा नहीं है। किंतु अब बनने वाले आवास में फायर फायटिंग की सुविधा भी होगी। आग लगने आदि की स्थिति में यह तत्काल प्रभाव से काम करेगा।

### छत्तीसगढ़ से पुलिस पहुंची भोपाल तो महिला ने खुद को बनाया बंधक

## बिना इजाजत बच्ची को छत्तीसगढ़ से भोपाल लाई महिला





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा स्थित गौतम नगर में रहने वाली एक महिला सेप्रेशन के बाद बच्ची को छत्तीसगढ़ से भोपाल ले आई। पति ने इसकी शिकायत छत्तीसगढ़ में नजदीकी पुलिस थाने में की। छत्तीसगढ़ से पुलिस भोपाल पहुंची और गौतम नगर स्थित महिला के घर गई।

वहां पुलिस को देख महिला ने घर में खुद को बंधक बना लिया। काफी प्रयास करने के बाद भी जब महिला ने दरवाजा नहीं खोला तो गोविंदपुरा पुलिस को सूचना दी गई। गोविंदपुरा पुलिस ने दरवाजा खुलवाया और महिला को थाने लेकर पहुंची थी। वहां पति पत्नी के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली महिला की दस साल की बेटी है। महिला का पति से कोर्ट से सेप्रेशन हो चुका है। कोर्ट ने बच्ची की कस्टडी पिता को सौंपी थी। कोर्ट ने मां को सप्ताह में दो दिन मिलने की अनुमति दी है। कुछ दिन पहले महिला बच्ची से मिलने गई और उसे बिना अनुमति भोपाल ले आई। इस बात की जानकारी पिता ने कोर्ट को दी, जिसके बाद कोर्ट ने महिला के खिलाफ वारंट जारी किया और बच्ची की कस्टडी दोबारा पिता को सौंपने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को छत्तीसगढ़ पुलिस इसी आदेश की तामील के लिए भोपाल पहुंची थी। महिला ने वारंट लेने से इंकार कर दिया और खुद को बच्ची के साथ कमरे में बंद कर लिया। बाद में स्थानीय पुलिस की मध्यस्थता से वह बाहर आई। बच्ची का पिता, जो छग पीडब्ल्यूडी में अधिकारी हैं, पुलिस के साथ मौजूद था। वहीं मां मध्यप्रदेश बीज निगम में पदस्थ हैं।



## स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने में पीएचसी की भूमिका अहमः डॉ. सलोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को अंतिम छोर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि कोई भी हितग्राही न छूटे। अपने समर्पण और सेवाभाव से वे न केवल हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की नींव को मजबूत करते हैं, बल्कि स्वास्थ्य परिणामों और समग्र सामुदायिक कल्याण पर भी स्थाई प्रभाव डालते हैं। यह बात एनएचएम डायरेक्टर डॉ सलोनी सिडाना ने व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम के समापन अवसर पर कही। समापन समारोह में वरिष्ठ संयुक्त निदेशक डॉ. प्रभाकर तिवारी सहित विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम से बढ़ा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं में आत्मविश्वास

डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण ज्ञान, व्यावहारिक कौशल और आत्मविश्वास से लैस करना है ताकि वे अपने क्षेत्र के हितग्राहियों की बेहतर सेवा कर सकें। भोपाल में आयोजित प्रसार बैठक नें प्रशिक्षकों, प्रतिभागियों और गणमान्य व्यक्तियों के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान किया, जहां उन्होंने विचारों का आदान-प्रदान किया और राज्य में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा वितरण को मजबूत करने के लिए अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

## पुजारी के साथ अन्याय की घटना से अखिल पुजारी महासंघ में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

देश में मंदिरों और पुजारियों को कई दशकों से मंदिर की जमीनों पर कई लोगों अपनी नजर बना रखें हुए। इसके कारण पुजारियों को संघर्ष करना पड़ रहा हैं।

पुजारी महासंघ के नगर अध्यक्ष मंगल पुजारी का कहना है कि वर्तमान में उज्जैन जिले के बड़नगर तहसील के पीरझालार ग्राम में नाग मंदिर के पुजारी के साथ ग्राम पंचायत द्वारा अन्याय करते हुए पुजारी को मंदिर से हटा दिया। गांव के लोगों द्वारा मंदिर के पुजारी पूनमचंद चौधरी का बहिष्कार कर पुजारी को पूजन नहीं करने दिया जा रहा है। पुजारी के बच्चों को स्कूल से निकाल दिया गया । जो शिक्षा के अधिकार से वंचित करने और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ है। इसको लेकर अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने विरोध शुरू कर दिया है। अध्यक्ष मंगल पुजारी ने कहा कि इस संकट की इस घड़ी में पुजारी परिवार के साथ है।

## प्रीति यादव ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**भोपाल।** भाभा विवि के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के बी.टेक तृतीय सेमेस्टर के छात्रों के लिए परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें बी.टेक तृतीय सेमेस्टर की छात्रा प्रीति यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुमित पाठक, अभिषेक सिंह और आयुष कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रीति



कुलगुरु डॉ.एनके अग्रवाल अधिष्ठाता डॉ.अशोक झाला, विभाग प्रमुख प्रो सुरेश गावंडे ने टॉपर छात्रों को ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया।

## सुलभ शौचालय का शुल्क बढ़ाने पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में भोपाल के सुलभ शौचालय (पब्लिक टॉयलेट्स) में जाना महंगा पड़ेगा। मेयर इन कौंसिल (एमआईसी) में प्रस्ताव पास होने के बाद कांग्रेस पार्षद खुलकर मैदान में उतर गई है। शुक्रवार को शिवाजी नगर स्थित सुलभ कॉम्पलेक्स के सामने पार्षद गुड्डू चौहान ने नेतृत्व में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। सुलभ शौचालय के सामने कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर शुल्क बढ़ाने का विरोध किया। गुड्डू चौहान ने कहा कि दीनदयाल रसोई में पांच रुपए में खाना मिल रहा है। दूसरी ओर टॉयलेट्स के रेट बढ़ाए जा रहे हैं। सुलभ शौचालय का उपयोग ज्यादातर गरीब आदमी करते है। उन्हें अब शौच जाने के लिए भी ज्यादा रुपए देने पड़ेंगे। कांग्रेसी पार्षदों ने कहा कि 24 जुलाई को नगर निगम परिषद की बैठक होगी, जिसमें यह प्रस्ताव लाया जाएगा। बैठक में इस प्रस्ताव का विरोध करेंगे।

### अब छह की जगह लगेंगे 10 रुपए

पिछले दिनों एमआईसी की बैठक में 25 स्थानों पर संचालित सुलभ सार्वजनिक शौचालय में शुल्क दर छह से बढ़ाकर 10 रुपए किए जाने की मंजूरी चाही थी। एमआईसी ने इस प्रस्ताव को पास कर दिया था। इसके बाद से ही कांग्रेस विरोध कर रही है। पार्षद चौहान ने कहा कि शुल्क बढ़ने से स्वच्छता अभियान पर भी असर पड़ेगा। अभी 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में भोपाल दूसरे नंबर पर आया है। शुल्क बढ़ने से अभियान पर असर पड़ सकता है। लोग पैसे नहीं देते हैं तो वे खुले में जाएंगे। शुल्क बढ़ाना जबरन बोझ बढ़ाने जैसा है।

## बांग्लादेशी के पास मिला पासपोर्ट, एजेंसी भी कर रही जांच

**भोपाल।** तलैया थाना क्षेत्र में करीब आठ साल से अपनी पहचान छिपाकर रह रहे बांग्लादेशी नागरिक अब्दुल के पास तलैया पुलिस को पासपोर्ट मिला है। उसनं पासपोर्ट कैसे बनाया इसकी जांच की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय एजेंसी भी अब जांच में शामिल हो गई है। बांग्लादेश का नागरिक होने के बाद भी अब्दुल का भारत का पासपोर्ट कैसे बन गया। यह बड़ा सवाल है। अब्दुल तलैया के बुधवारा इलाके में किन्नरों के साथ रह रहा था और वह अब्दुल से नेहा किन्नर बन गया था। पुलिस जांच के बाद उसके खिलाफ फर्जी दस्तावेज बनाने का मामला दर्ज कर सकती है। यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि अब्दुल उर्फ नेहा ने राजधानी के किसी लोकल नेटवर्क की मदद से फर्जी दस्तावेज बनवाएं है। उसके स्लीपर सेल से जुड़े होने की भी संभावना जताई जा रही है। अब तक की जांच में सामने आया कि अब्दुल बांग्लादेश से मुंबई और फिर भोपाल पहुंचा था।

### मंदिरों में महादेव का राजा के रूप में होगा हरित श्रृंगार, कई संगठन रोपेंगे पौधे

# हरियाली अमावस्या 24 को, सर्वार्थ अमृत सिद्धि योग का बन रहा संयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस साल हरियाली अमावस्या तीन शुभ योग के महासंयोग में 24 जुलाई को मनेगी। मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि इस दिन पुनर्वसु नक्षत्र, हर्षण योग, सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ सर्वार्थ अमृत सिद्धि योग का संयोग बन रहा है। अमावस्या पर दूध, जल, तिल, चंदन, फूल, दीपक आदि से पीपल की पूजा कर परिक्रमा करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है।

साथ ही श्री हरि विष्णु प्रसन्न होते हैं। इस मौके पर दान-पुण्य, भजन-कीर्तन, मंत्र जाप, वेद पाठ, गुरु सेवा, पर्यावरण का संरक्षण के अलावा ब्राह्मण, गौ, निर्धन, विधवा, असहाय को वस्त्र, अन्न, फल, आदि का दान करना बहुत कल्याणकारी और शुभ फलदायी होता है। सावन मास की अमावस्या पर गुरुवार दिन और पुष्य नक्षत्र होने से सर्वार्थ अमृत सिद्धि योग का संयोग बन रहा है। इस दिन शिव मंदिरों में महादेव का राजा के रूप में हरित श्रृंगार किया जाएगा, तो वहीं कई संगठन पौधे रोपेंगे।

### शिव के साथ पार्वती की होगी विशेष पूजा



सावन मास शिव को अत्यंत प्रिय है। इस मास में भोलेनाथ की पूजा विशेष तौर पर की जाती है। सावन अमावस्या के दिन पति-पत्नी द्वारा एक साथ भगवान शंकर के साथ माता पार्वती का पूजन कर श्रृंगार प्रसाधन अर्पित करने से वैवाहिक जीवन खुशहाल रहता है। हरियाली अमावस्या पर मां पार्वती की पूजा करने से कुंवारी कन्याओं को मनचाहा वर मिलता है।

### पौधा लगाना फलदायी

हरियाली अमावस्या का त्योहार पर्यावरण से जुड़ा है। यह त्योहार प्रकृति की पूजा, पर्यावरण संरक्षण का संकल्प और प्रकृति को कुछ देने का दिन है। पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। वे हमें प्राण शक्ति ऑक्सीजन देते हैं, इसलिए पेड़-पौधों को संरक्षित करने, आदर देने और धरती मां के आंगन में हरियाली बिखेरने के उद्देश्य से प्रति वर्ष हरियाली अमावस्या मनाई जाती है। **धार्मिक महत्वः पौराणिकः** कथाओं के अनुसार, पीपल के पेड़ पर तीन देवताओं का वास माना जाता है- ब्रह्मा, विष्णु और महेश। पौधा लगाते हैं तो आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी होंगी और आपकी सभी समस्याएं दूर हो जाएंगी। इस दिन पितरों को तर्पण और पिंडदान करना शुभ माना जाता है। वे खुश होकर आशीर्वाद देते हैं।

### हरियाली अमावस्या के दिन होगा डोला उघाड़ना

निमाड़ी समाज में हरियाली अमावस्या लोक पारंपरिक पर्व को धूमधाम से मनाता है। हरियाली अमावस्या के दिन डोला उघाड़ना मनाया जाएगा।

## अमरनाथ यात्रा निर्विघ्न संपन्न हो, इसके लिए हिमाचल की चारों माता रानियों से की प्रार्थना



**भोपाल।** अमरनाथ यात्रा निर्विघ्न संपन्न हो इसको लेकर शनिवार को राजधानी के अमरनाथ यात्रियों ने हिमाचल की चारों माता रानियों से प्रार्थना की है। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया की इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से प्रारंभ होकर 9 अगस्त रक्षाबंधन तक होनी है। जो 38 दिनों की होनी है। लगभग 15 दिनों की यात्रा सकुशल संपन्न हो चुकी है। मंडल सदस्यों द्वारा हिमाचल प्रदेश में स्थित चारों देवियों बजेशवरी देवी (कांगड़ा), चामुंडा माता,ज्वाला देवी एवं चिंतपूर्णी मैया के समक्ष प्रार्थना कर उनका आशीर्वाद लिया। प्रार्थना करने वालों में मंडल सचिव रिंकू भटेजा, योगेश श्रीवास्तव, कपिल ग्वाला,मनोज नवले सचिन आर्य, नीलिमा माथुर, दुर्गेश तिवारी, योगिता श्रीवास्तव, जयवर्धन तिवारी आदि मंडल सदस्य है।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 19 जुलाई 2025

4 नशे से दूर रहने व समाज में फैली इस बुराई को...



5 बार्सिलोना में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मुरीद हुई...





# अब एनएच की सड़क धंसी, सिटी बस के पहिए 3 फीट जमीन में घुसे, क्रेन ने निकाले

## रायसेन रोड पटेल नगर का मामला, ट्रैफिक पुलिस ने हादसे से बचने के लिए लगाए गड्ढे के आसपास बैरीकेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बोर्ड ऑफिस चौराहे के पास सड़क धंसकने के बाद शुक्रवार को रायसेन रोड स्थित पटेल नगर में पीडब्ल्यूडी की सड़क में सिटी बस के पहिए धंस गए। करीब 3 फीट तक बसों के पहिए सड़क के अंदर घुस गए। इससे करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। क्रेन बुलाकर बामुश्किल बस को बाहर निकाला गया। ट्रैफिक पुलिस ने गड्ढे के आसपास बैरीकेट्स लगा दिए हैं।


गुरुवार को ही बोर्ड ऑफिस चौराहा से ज्योति सिनेमा की तरफ जाने वाली सड़क अचानक धंस गई थी, जिससे आठ फीट गहरा और दस फीट चौड़ा गड्ढा हो गया था। हालांकि पीडब्ल्यूडी ने देर रात ही इसकी मरम्मत कर दी थी। लेकिन अगले दिन रायसेन रोड स्थित पटेल नगर में पीडब्ल्यूडी की सड़क में सिटी बस के पहिए धंस गए। बताया जाता है कि यह पीडब्ल्यूडी की सड़क है। वहीं पीडब्ल्यूडी अधिकारियों का दावा है कि मुख्य सड़क जरूर पीडब्ल्यूडी की है, लेकिन जिस हिस्से में बस के पहिए फंसे, वह दूरी पर है।

एक घंटे तक लगा रहा बस के कारण जाम, लोग होते रहे परेशान

पीडब्ल्यूडी अफसरों ने कहा- सड़क से दूर धंसे सिटी बस के पहिए

एमपी नगर मामले में चीफ इंजीनियर की रिपोर्ट में कहा-50 साल पहले नाले पर नहीं बनाई थी पुलिया





### ज्योति टॉकीज चौराहे के पास सीमेंट का स्लैब डालकर सड़क की मरम्मत की



एमपी नगर में सड़क धंसने पर पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर संजय मस्के ने अपनी रिपोर्ट दी है। जिसमें कहा गया कि एमपी नगर की बसाहट के दौरान करीब 50 साल पहले पत्थरों की दीवार का नाला बना था। उस समय इसके ऊपर पुलिया नहीं बनाई गई, बल्कि उसे अंडरग्राउंड कर दिया गया। कुछ साल पहले निगम ने नाले के ऊपर ही पब्लिक टॉयलेट बना दिया। सफाई नहीं होने और पानी के प्रेशर के कारण सड़क धंस गई। इंजीनियर्स ने अंदर लोहे के बड़े एंगल से सेंटरिंग कर दी है, जिससे मजबूती मिल सके। ऊपर से सीमेंट क्रांकीट का स्लैब डाला जाएगा। बाद में इस सेंटरिंग को नहीं निकालेंगे।

## सांसद शर्मा ने ली कलेक्टर-ट्रैफिक अफसरों के साथ बैठक

# ई-रिक्शा से स्कूली विद्यार्थियों को लाने-ले जाने पर रहेगा प्रतिबंध, नहीं मानें तो करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए शुक्रवार को सांसद आलोक शर्मा ने कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्र, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, अवधेश गोस्वामी व यातायात, नगर निगम, जिला प्रशासन, आरटीओ, पीडब्ल्यूडी, एमपीईबी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने स्कूलों में ई-रिक्शा पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। साथ ही ट्रैफिक अफसरों को ऐसे रिक्शों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। दरअसल, हरिभूमि ने ई रिक्शा से बिगड़े शहर के यातायात को लेकर खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी।

भोपाल शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने ली बैठक | शहर में लेफ्ट टर्न क्लीयर कार्ययोजना बनाने के निर्देश

### हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी खबरें




*इस संबंध में ट्रैफिक पुलिस डीसीपी बसंत कौल का कहना है कि शनिवार से निर्देशों का पालन किया जाएगा। अगर कोई ई-रिक्शा संचालक छात्रों को बैठाए नजर आएगा। तो ऐसे ई-रिक्शा के संचालकों को पहले समझाइश देंगे। इसके बाद भी नहीं मानते हैं, तो कार्रवाई की जाएगी।*

### ई-रिक्शा संचालन को लेकर चार जोन तय

*डीसीपी बंसत कौल ने बताया कि ई-रिक्शा संचालन को लेकर यातायात पुलिस की ओर से चार जोन तय किए गए हैं। इसमें जहां होशंगाबाद रोड, न्यू मार्केट से नेहरू नगर पट्टी, पिपलानी और हमीदिया अस्पताल को शामिल किया गया। अभी ई-रिक्शा संचालकों से यातायात पुलिस की ओर से एक फार्म भरवाया जा रहा है, जिसमें किस संचालक को किस रूट पर रिक्शा चलना है, यह पूछा जा रहा है।*

### इन बिंदुओं पर हुई चर्चा

- शहर में संचालित ई-रिक्शा के संबंध में नियमावली अतिशीघ्र ही लागू होगी।
- ई-रिक्शा द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं के परिवहन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया।
- ई-रिक्शा की पार्किंग एवं चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध कराना।
- शहर में जलभराव वाले स्थानों का चयन कर निदान संबंधित कार्य।
- शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू संचालन के लिए सभी विभागों समन्वय कर विभिन्न चौराहों तिराहा के लेफ्ट टर्न क्लीयर करने हेतु कार्ययोजना तैयार की जाकर उचित एवं आवश्यक कार्य किए जाएंगे।
- निगम द्वारा निर्मित सभी पार्किंगों में स्थाई रूप से रखे वाहन हटाए जाने एवं मासिक पास समाप्त करने एवं रात्रि 11 बजे बाद पार्किंग बंद किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाए।
- मुख्य मार्गों पर रखे वाहनों जिनसे यातायात में बाधा हो उन पर निरंतर कार्रवाई की जाए।
- दुर्घटना संभावित स्पॉट एवं ब्लैक स्पॉट पर संबंधित एजेंसी द्वारा परिशोधन के लिए डिजाइन तैयार प्राक्कलन प्रस्तुत किया जाए।

# आरकेएमपी के पांच नंबर प्लेटफॉर्म की ओर टिकट काउंटर बंद होने से यात्री हुए परेशान

## अफसरों का तर्क-सिर्फ 5 मिनट के लिए कर्मचारी बाहर गया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आरकेएमपी स्टेशन पर अक्सर जनरल टिकट काउंटर बंद होने व रिजर्वेशन केंद्र के अधिकांश काउंटर नहीं खोले जाने को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके बाद भी इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। बीती शाम पांच बजे भी स्टेशन के 5 नंबर प्लेटफॉर्म की ओर सभी काउंटर बंद थे। इसके चलते जनशताब्दी सहित अन्य ट्रेनों से जाने वाले यात्री खासे परेशान हुए। इस मामले को लेकर यात्रियों ने रेलवे मंत्रालय तक शिकायत की।

### एक साल में 45 से अधिक शिकायतें पहुंची

आरकेएमपी स्टेशन पर अधिकांश रिजर्वेशन काउंटर बंद होने व कई बार जनरल टिकट काउंटर नहीं खोले जाने को लेकर रेल यात्रियों द्वारा एक साल में 45 से अधिक शिकायत की हैं। इसमें सबसे अधिक शिकायतें त्योहारी व समर सीजन में हुई। इसके बाद भी रेल अधिकारियों द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। कई बार इसके कारण रेल यात्रियों की ट्रेनें तक छूट चुकी है।

### टॉयलेट गया था कर्मचारी और बना लिया वीडियो

जानकारी के अनुसार रेल यात्री द्वारा शिकायत में कहा कि आरकेएमपी के पांच नंबर प्लेटफॉर्म पर शाम के समय सभी टिकट काउंटर बंद कर दिए गए। इसके चलते कई यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके बाद रेलवे की ओर से मामले की जांच कराई जा रही है। तो वहीं रेलवे अधिकारियों का कहना है कि टिकट काउंटर बंद नहीं थे। यहां पर एक ही काउंटर खोला जाता है। उस काउंटर का कर्मचारी पांच मिनट के लिए टॉयलेट गया था। इस दौरान एक यात्री द्वारा वीडियो बनाकर मामले की शिकायत कर दी।

# काचीगुड़ा-भगत की कोठी एक्सप्रेस आज से चलेगी, रेल मंत्री ने वैष्णव ने दी मंजूरी

## इटारसी नर्मदापुरम, आरकेएमपी, संत नगर स्टेशन पर रुकेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेल यात्रियों की सुविधा के लिए लगातार रेलवे की ओर से नई ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी के तहत भोपाल रेल मंडल के यात्रियों को शनिवार से एक नई ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। काचीगुडा-भगत की कोठी के बीच चलेगी। इस ट्रेन को लेकर यात्रियों की सुविधा के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने काफी कम समय में इस ट्रेन के संचालन को लेकर मंजूरी दे दी है।

### स्पेशल रूप में चलेगी

गाड़ी संख्या 17605/17606 काचीगुडा-भगत की कोठी-काचीगुडा के मध्य नई ट्रेन का संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन 19 जुलाई को गाड़ी संख्या 07615 उद्घाटन स्पेशल के रूप में चलाई जाएगी। इसके बाद यह ट्रेनें नियमित रूप से संचालित हो सकेगी। वहीं गाड़ी संख्या 07615 काचीगुडा से शाम 17:30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन इटारसी दोपहर 13:10, नर्मदापुरम 13:38, रानी कमलापति 15:25 एवं संत हिरदाराम नगर 16:10 बजे पहुंचकर तीसरे दिन सुबह 11:30 बजे भगत की कोठी स्टेशन पहुंचेगी।

### इन स्टेशन पर हॉल्ट

निजामाबाद, नांदेड़, पूर्णा, हिंगोली, वाशिम, अकोला, मलकापुर, खंडवा, इटारसी, नर्मदापुरम, आरकेएमपी, संत नगर, सीहोर, मक्सी, उज्जैन, रतलाम, जौरा, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाडा, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, ब्यावर, सोजत रोड, मारवाड़ एवं पाली मारवाड़ स्टेशन।

### नियमित सेवा के बाद बदल जाएगा नंबर

*यह ट्रेन पहले स्पेशल के रूप में 07615 इस गाड़ी नंबर से संचालित की जाएगी। इसके बाद 20 जुलाई से गाड़ी संख्या 17605/17606 ट्रेन की नियमित रूप से इस नंबर से संचालित की जाएगी। यह ट्रेन काचीगुडा से रात्रि 23:50 बजे प्रस्थान कर मार्ग के स्टेशनों से होते हुए दूसरे दिन इटारसी रात 20:55 बजे, नर्मदापुरम 21:22 बजे पहुंचकर तीसरे दिन रानी कमलापति मध्य रात्रि 00:25 बजे, संत हिरदाराम नगर 01:15 बजे एवं सीहोर 01:41 बजे पहुंचकर और रात 20:00 बजे भगत की कोठी स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी सांख्य 17606 भगत की कोठी-काचीगुडा एक्सप्रेस ट्रेन 22 जुलाई से प्रतिदिन भगत की कोठी से रात 22:30 बजे प्रस्थान कर मार्ग के स्टेशनों से होते हुए दूसरे दिन संत हिरदाराम नगर शाम 16:30 बजे, रानी कमलापति 17:10 बजे, नर्मदापुरम 19:08 बजे एवं इटारसी रात 19:40 बजे पहुंचकर और तीसरे दिन दोपहर 15:40 बजे काचीगुडा स्टेशन पहुंचेगी।*

# गैस एजेंसी के कर्मचारी घरेलू से कर रहे थे कमर्शियल सिलेंडर में रिफलिंग, पकड़ाए

## 12 सौ रुपए में बेचा जा रहा कमर्शियल सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में घरेलू गैस सिलेंडरों से कमर्शियल सिलेंडर में गैस रिफलिंग का कारोबार बढ़ गया है। दरअसल, कमर्शियल सिलेंडर करीब 18 सौ रुपए में आता है, जबकि घरेलू गैस सिलेंडर से रिफलिंग वाला सिलेंडर दुकानदारों को 12 सौ रुपए में मिल जाता है। इस अवैध कारोबार को अब गैस एजेंसी संचालकों ने भी पकड़ लिया है। शुक्रवार को फूड कंट्रोलर चंद्रभान सिंह जादौन जब भानपुर के गोल चौराहा मैदान पर पहुंचे तो वहां नवतारण भारत गैस एजेंसी के कर्मचारी घरेलू गैस सिलेंडर से कमर्शियल गैस सिलेंडरों में रिफलिंग करते हुए पकड़े गए। टीम ने मौके से गैस रिफलिंग मशीन जब्त की है। यहां से 209 घरेलू और कमर्शियल सिलेंडर जब्त किए हैं।

टीम शुक्रवार को भानपुर गोल चौराहा स्थित मैदान पर पहुंची, तो वहां नवतारण गैस एजेंसी के एक वाहन में 26 भरे और 131 खाली घरेलू गैस सिलेंडर रखे हुए थे, जबकि 22 भरे और 17 खाली कमर्शियल सिलेंडर रखे मिले। टीम ने यहां से चार गैस रिफलिंग करने वाली बंसी भी जब्त की है। टीम को कर्मचारियों ने बताया कि घरेलू सिलेंडर से कमर्शियल सिलेंडर में गैस रिफलिंग की जाती है। होटल, हॉकर्स कॉर्नर, ढाबे और रेस्टॉरेंट पर इन सिलेंडरों को सप्लाई किया जाता है।



### हैप्पी इंडेन का ऑटो भी किया जब्त

मैदान में करोंद जेल रोड स्थित हैप्पी इंडेन का ऑटो भी सिलेंडरों से भरा मिला, जिसमें 12 भरे और एक खाली सिलेंडर रखा हुआ था। टीम ने जब कर्मचारियों से पूछा कि यहां वाहन क्यों खड़ा किया है, तो वह जवाब नहीं दे पाए, जिसको देखते हुए सिलेंडर और वाहन को जब्त कर लिया गया है।

## घर-घर जाकर बताए बचाव के उपाय

# रात में ही नहीं, दिन में भी मच्छरों से बचाव जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मच्छरों से जितना खतरा रात को रहता है, उसके ज्यादा दिन में रहता है। डेंगू का मच्छर दिन में काटता है, इसलिए दिन में भी मच्छरों से बचने के लिए पर्याप्त उपाए करने चाहिए। यह जानकारी घर-घर जाकर लार्वा सर्वे कर रही टीम लोगों को दे रही है। शुक्रवार को प्रोग्राम कॉर्डिनेटर रत्नेश सिंह ने घर-घर जाकर युवाओं को लार्वा सर्वे करने की विधि और सावधानियों के बारे में बताया। उन्होंने लोगों को पानी जमा नहीं होने देने के लिए संदेश देने के महत्व के बारे में भी बताया, जिससे घर के आसपास मच्छर नहीं पनप सकें। शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 54 एवं 55 में युवा स्वयं सेवकों को डेंगू नियंत्रण के लिए लार्वा सर्वे एवं गतिविधि के लिए हैंड्स ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



### डेंगू नियंत्रण के लिए तैयार किए स्वयंसेवक

प्रशिक्षण का उद्देश्य युवा स्वयं सेवकों को डेंगू नियंत्रण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार करना था, जिससे वे अपने समुदाय में लार्वा सर्वे और जागरुकता गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित कर सकें।

डॉ. मनीष शर्मा, सीएमएचओ

## केवल 112 पर मिलेगी पुलिस, फायर ब्रिगेड और मेडिकल सहायता

# 15 अगस्त से डायल 100 हो जाएगी डायल 112

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में आगामी 15 अगस्त से डायल 100 की जगह डायल 112 सेवा शुरू की जाएगी, जो तकनीकी रूप से पूरी तरह अपडेट होगी। इसमें नए हाइटेक वाहन शामिल किए गए हैं जो फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल के रूप में प्रदेश भर में दौड़ेगे। जीवीके कंपनी को डायल 112 का टेंडर मिला है जिसने अपना काम शुरू कर दिया है।

अब प्रदेश भर में डायल 112 के 1200 फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल दौड़ेंगे। इसमें नई बोलेरो नियो गाड़ियां शामिल होंगी, जो तकनीकी रूप से अधिक सक्षम होंगी और जीपीएस व वायरलेस सिस्टम से लैस रहेंगी। डायल 100 सेवा की शुरुआत वर्ष 2015 में की गई थी, जिसकी अवधि पांच साल तय की गई थी, लेकिन टेंडर प्रक्रिया की देरी और अन्य कारणों से इसे एक्टेंशन मिलता रहा। पूर्व में इसका संचालन बीबीजी कंपनी के हाथों में था लेकिन अब इसे 108 एंबूलेंस का संचालन कर चुकी कंपनी जीवीके को दिया गया है।

डायल 100 आपराधिक सूचना मिलने पर तो पहुंचती ही इसने एंबूलेस के तौर पर भी बेहतर काम किया। पिछले एक वर्ष में डायल 100 के माध्यम से 15 हजार से अधिक घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया, जिससे इस सेवा से कई लोगों की जान बच सकी। यही कारण रहा कि एमपी पुलिस की डायल 100 सेवा का दूसरे राज्यों ने भी अनुसरण किया है। वहीं डायल 100 की देशभर में सराहना हुई वहीं कई पुरस्कार भी प्राप्त हुए।

### सेंट्रलाइज कॉल सेंटर भी हो रहा तैयार




आला अफसरों की मानें तो अब लोगों को मदद के लिए 112 नंबर डायल करना होगा। इस नंबर पर पुलिस, मेडिकल और फायर ब्रिगेड सभी प्रकार की मदद लोगों को मिल सकेगी। डायल 112 को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नया कॉल सेंटर भी बनाया जा रहा है, जो सेंट्रल सर्वर से जुड़ा होगा। डायल 112 पहले से ही राजस्थान और हरियाणा में चल रही है अब इसे मध्यप्रदेश में भी लागू किया जा रहा है।

### नए सिस्टम में क्या होगा खास

*डायल 112 के तहत दौड़ने वाले हाइटेक वाहनों में ग्लोबल पॉजिशनिंग सिस्टम, डिजिटल नेविगेशन, लाइव लोकेशन ट्रेकिंग, टेक होम ऑप्शन, डैशबोर्ड केमरा और पुलिसकर्मियों के लिए बॉडी वॉर्न कैमरा होगा। वहीं इसका रिस्पांस सिस्टम भी पहले से कम होगा ताकि लोगों को डायल 112 पर कॉल करते ही त्वरित मदद मिल सके।*



## खबर संक्षेप



### कस्बा क्षेत्र में नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया

**औबेदुल्लागंज।** 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत शुक्रवार को एसडी ओपी शीला सुराणा एवं थाना प्रभारी बीपी सिंह के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं के साथ साइकिल रैली निकाली। साथ ही प्रचार प्रसार के लिए तैयार रथ कस्बा क्षेत्र में भ्रमण कर कराया। अर्जुन नगर झुग्गी बस्ती में रहने वालों से अपील कर नशे के दुष्प्रभाव के बारे बताया और शपथ ली गई। इसके साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का संकल्प दिलाया।

### ग्राम बहारावल पुलिया जर्जर,हादसे की आशंका



**नजीराबाद।** ग्राम बहारावल पुलिया के क्षतिग्रस्त होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। पीडब्ल्यूडी विभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत वेरावल चौराहा पर पुलिया पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। यहां कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। पीडाब्लूडी विभाग पर ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पुलिया के संबंध में संबंधित अधिकारियों को कई बार अवगत कराया है, लेकिन आज तक किसी भी अधिकारी ने सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं किया हैं। संबंधित अधिकारी से फोन द्वारा संपर्क करने पर उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### सिकल सेल एवं थैलेसीमिया जागरुकता कार्यक्रम



**संतनगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, भोपाल में शुक्रवार को वन एमपी नेवल एनसीसी यूनिट के सहयोग से सिकल सेल एवं थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स के साथ-साथ नवप्रवेशित प्रथम वर्ष की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. असलम खान, मेडिकल ऑफिसर, आईआईएसईआर भोपाल, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सिकल सेल और थैलेसीमिया जैसे आनुवांशिक रोगों की विस्तृत जानकारी दी, उनके लक्षण, कारण एवं रोकथाम के उपायों पर गहराई से प्रकाश डाला।

### भजन प्रतियोगिता प्रमुख महेंद्र दुबे का निधन



**औबेदुल्लागंज।** नगर के भजन प्रतियोगिता प्रमुख महेंद्र दुबे का शुक्रवार को कार में हार्ट अटैक आने से आकस्मिक निधन हो गया। अवध नारायण दुबे के बड़े बेटे हैं। उनका दाह संस्कार हिरानिया श्मशान घाट पर किया गया। पूर्व साडा अध्यक्ष राम किशोर शर्मा, रमेश गौर, पूर्व जनपद अशोक पटेल, अशोक मित्तल, कन्हैया नंदवंशी, नरेंद्र शर्मा, प्रेम नारायण सोनी, संजय सिंह चौहान, योगेश तिवारी, रामेश्वर नागर, सुरजीत सिंह बिल्ले, राजेंद्र गुड्डू साहू, उमेश नागर, राजेश दीक्षित, सुदामा तिवारी, मनीष गोशिंदे, राकेश तिवारी, जेपी शर्मा डॉक्टर माखन सिंह नागर डॉक्टर नंदू नागर शैलेंद्र दुबे आदि ने श्रद्धांजलि दी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 4927 | | |
| दिन: | 689 | 36 | 268 |
| रात: | 466 | 60 | 299 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 390 | 24 | 347 |
| रात: | 478 | 95 | 348 |

'नशे से दूरी है-जरूरी' विशेष अभियान के तहत मैनिट में आयोजित हुआ जागरुकता कार्यक्रम

# नशे से दूर रहने व समाज में फैली इस बुराई को खत्म करने में सहयोग करने के लिए शिक्षकों और विद्यार्थियों ने ली शपथ

### छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को नशा मुक्ति संबंधी शॉर्ट मूवी दिखाकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना द्वारा 'नशे से दूरी है-जरूरी' नाम से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान (मैनिट) सभागार में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस आयुक्त नगरीय पुलिस भोपाल हरिनारायणा चारी मिश्र, पुलिस उपायुक्त जोन-1 शशांक, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-1 रश्मि अग्रवाल दुबे, सहायक पुलिस आयुक्त जहांगीराबाद बिट्टू शर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त हबीबगंज उमेश तिवारी, थाना प्रभारी कमला नगर निरूपा पाण्डेय एवं मैनिट संस्थान के डीन छात्र कल्याण डॉ. शैलेन्द्र जैन, डॉ. एमएस चौहान चेयरमैन चीफ ऑफ वॉर्डन मैनिट मुस्कान संस्था के सदस्यों के साथ-साथ अन्य स्टाफ तथा मैनिट के करीब 200-250 छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को नशा मुक्ति संबंधी शॉर्ट मूवी दिखाकर फ्लेक्स पंप्लेट के माध्यम से जागरूक किया। पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्र ने नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए, समाज को नशा मुक्त बनाने के लिये तत्पर रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पुलिस आयुक्त नगरीय पुलिस भोपाल द्वारा नशा उन्मूलन के लिए नशे से दूर रहने व समाज में इस बुराई को खत्म करने सहयोग करने कि शपथ दिलाई।

### ओलंपिक विजेता बोले- मैंने चुना स्वस्थ जीवन, आप भी चुनिए



एमपी पुलिस के प्रदेशव्यापी अभियान नशे से दूरी है जरूरी से हर क्षेत्र के लोग जुड़ रहे हैं। इसमें खेल और सांस्कृतिक हस्तियां भी पीछे नहीं है। एमपी पुलिस के डीएसपी और ओलंपिक पदक विजेता विवेक सागर प्रसाद ने नशे से दूरी है-जरूरी अभियान से जुड़कर कहा कि मैदान में जीतने के लिए शरीर को ही नहीं, सोच को भी मजबूत रखना पड़ता है। नशा आपको भीतर से कमजोर बनाता है। मैंने चुना है स्वस्थ जीवन, आप भी चुनिए।

### जिन्हें सुरों से प्रेम, वो नशे से दोस्ती नहीं करते: प्रतिभा



लोक गायिका प्रतिभा बघेल ने नशे से दूरी है-जरूरी अभियान को लेकर कहा कि सरगम और संगीत तभी सार्थक हैं, जब जीवन भी सुर में हो, लेकिन नशा उस लय को तोड़ देता है, जो इंसान को भीतर से जोड़ती है। जब कला समाज से जुड़ती है, तो वह सिर्फ मनोरंजन नहीं रहती, वह बदलाव की प्रेरणा बन जाती है। नशे से दूरी है-जरूरी, क्योंकि जिन्हें सुरों से प्रेम होता है, वे नशे से कभी दोस्ती नहीं करते।


गुनगा थाना के धमर्रा गांव में हुआ हादसा

# बाइक से गिरकर डॉयल हंड्रेड के चालक की मौत, मां भी हुई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित गांव धमर्रा में ईंटखेड़ी की हंड्रेड डायल के ड्राइवर की बाइक से गिरकर मौत हो गई। हादसे के समय वह मां के साथ गांव के एक डॉक्टर के पास पेट दर्द का इलाज कराने के लिए जा रहा था। घर से कुछ दूरी पर पहुंचते ही उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और उसे गंभीर चोट आई थी। इस हादसे में मां को मामूली चोट है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार कुलदीप नाथ पिता सनमान नाथ (30) गांव धमर्रा, गुनगा में रहता था और ईंटखेड़ी थाने में अटैच डायल 100 की गाड़ी चलाता था। बुधवार शाम वह ड्यूटी कर घर लौटा। उसने मां को बताया कि उसके पेट में दर्द हो रहा है। मां ने उसे कहा कि गांव के डॉक्टर से इलाज कराकर आते हैं। वह मां को लेकर बाइक से डॉक्टर के पास जा रहा था। बाइक निकालने के बाद उसने मां को बिठाया और कुछ ही दूरी तक पहुंचा था। इसी बीच उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई। बाइक अनियंत्रित होने से वह बाइक समेत सड़क पर गिर गया। इस हादसे में उसे सिर में गंभीर चोट आई थी, जबकि मां को मामूली चोट थी। गंभीर रूप से घायल



कुलदीप को हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां देर रात कुलदीपक की मौत हो गई। गुरुवार सुबह सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### पुलिस ने बदमाश से किया देशी कट्टा बरामद

गौतम नगर पुलिस ने रेशम केंद्र के पास से एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से देशी कट्टा बरामद किया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर कट्टे के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि रेशम केंद्र बिजली के खंभे के पास से एक युवक खड़ा है और उसके पास देशी कट्टा है। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए एक संदेही को रेशम केंद्र बिजली के खंभे के पास पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास देशी कट्टा रखा मिला। कट्टा रखने के संबंध में उससे लाइसेंस मांगा तो वह कोई जवाब नहीं दे सका। पूछताछ में उसने अपना नाम दानिश शेख पिता नईम शेख (23) अलख मियां मस्जिद के पास बाग मुक्ति साहब कबीटपुरा, टीला जमालपुरा बताया। आरोपी दानिश शेख के खिलाफ हनुमानगंज, टीला जमालपुरा, कोहेफिजा में पूर्व में अपराध दर्ज है।

### बोलेरो से गांजे की तस्करी करने वाले जीजा-साले गिरफ्तार, 30 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद



क्राइम ब्रांच की टीम ने बोलेरो वाहन से गांजे की तस्करी करने वाले जीजा साले को गिरफ्तार कर उनसे 30 किलो 700 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर गांजे के बारे में पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि सरोज मेमोरियल स्कूल के पास बैरागढ़ कलां में दो युवक सफेद रंग की बोलेरो में बैठे हुए है। उनके पास बोलेरो में गांजा रखा है और उसे बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे है। सूचना मिलते ही हरकत में आई क्राइम ब्रांच की टीम ने इलाके की घेराबंदी की। सरोज मेमोरियल स्कूल के पास बैरागढ़ कला पहुंचने पर सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी खड़ी नजर आई। वहां से घेराबंदी करते हुए दो युवकों को हिरासत में लिया गया। उनकी बोलेरो गाड़ी की मेट हटाकर देखा गया तो नीचे की तरफ बॉक्स बना हुआ था। बॉक्स के अंदर पैकेट में गांजा मिला। पूछताछ में आरोपियों की पहचान दीपक सविता (40) सरोज मेमोरियल स्कूल के पास बैरागढ़ कला और मुकेश कुमार राठौर (52) सरोज मेमोरियल स्कूल के पास बैरागढ़ कला के रूप में की गई।

कंप्लीशन सर्टिफिकेट के एवज में की थी 65 हजार रुपए की डिमांड

# 30 हजार की रिश्वत लेते आरईएस के इंजीनियर और ग्राम रोजगार सहायक को रंगे हाथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की जबलपुर इकाई ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, आरईएस के सब इंजीनियर नीरज डेहरिया और ग्राम रोजगार सहायक आशीष शर्मा को 30 हजार की रिश्वत लेते हुए ट्रेप कर लिया। ईओडब्ल्यू की टीम ने इस ट्रेप की कार्रवाई को छिंदवाड़ा जिले के चौरई में अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत चौरई के अधीन आने वाले ग्राम खिरखिरी निवासी लालजी सोलंकी ने 15 जुलाई को ईओडब्ल्यू में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उल्लेख था कि उनकी भाभी आरती वर्मा इस ग्राम पंचायत की सरपंच हैं। यहां चल रहे नाली और सड़क निर्माण के निरीक्षण और कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी करने के लिए सब इंजीनियर नीरज डेहरिया 50 हजार रुपए और ग्राम रोजगार सहायक आशीष शर्मा 15 हजार रुपए की घूस मांग कर रहे थे।

ईओडब्ल्यू ने शिकायत मिलते ही इसका सत्यापन कराया। प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए गए। जांच में यह भी सामने आया कि इंजीनियर और रोजगार सहायक बिना रिश्वत लिए पंचायत में हुए निर्माण कार्यों को लेकर लगातार टालमटोल कर रहे है।

ईओडब्ल्यू के ट्रेप प्लान के मुताबिक शिकायतकर्ता ने इंजीनियर और ग्राम सहायक से रिश्वत की रकम ज्यादा होने की बात कही। इस पर इंजीनियर ने 25 हजार और रोजगार सहायक ने पहली किस्त के रूप में 5 हजार लेने को तैयार हो गया। शुक्रवार को ईओडब्ल्यू की टीम ने चौरई जनपद में सब इंजीनियर नीरज डेहरिया को 25 हजार और ग्राम रोजगार सहायक आशीष शर्मा को 5 हजार रुपए की घूस लेते हुए पकड़ लिया और रिश्वत की रकम बरामद कर ली। टीम की गिरफ्त में आते ही इंजीनियर रोने लगा और बोला उसे फसाया जा रहा है। इसके बाद टीम ने दोनों को लेकर जनपद पंचायत चौरई के दफ्तर पहुंची और कई दस्तावेज जब्त भी किए। ईओडब्ल्यू टीम ने मौके पर ही आरोपियों से रिश्वत की राशि जब्त कर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### पत्नी की हत्या के दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा

**भोपाल।** शक के चलते पति से अलग रह रही पत्नी की आरोपी पति मोहसिन खान को अपर सत्र न्यायाधीश नीलू संजीव श्रंगीऋषि ने दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 6 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक प्रीति श्रीवास्तव ने पैरवी की। एशबाग में रहने वाली इकरा का विवाह आरोपी मोहसिन खान से हुआ था।



### साप्ताहिक बाजार को सुंदर बनाने पर पटवा को दी बधाई

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा के प्रयासों से साप्ताहिक बाजार को सुंदर और स्वच्छ बनाने और दुकानें आवंटित करने के लिए दुकानदारों ने बधाई दी है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हरप्रीत कौर, बिट्टू रानी एवं उनकी परिषद द्वारा बाजार में शेड एवं सड़क का निर्माण कराया था। वर्तमान परिषद ने दुकानों का आवंटन किया है। पार्षद भारती नरेश सेठी, दीपू परमार, बागीश अग्रवाल, अनूप प्रीति चौधरी, मनोज चौरसिया ने विधायक पटवा के निवास पर पहुंचकर उन्हें मिठाई खिलाई एवं बधाई दी।

भोपाल जिला साइकिल संघ ने किया आयोजन

# स्वास्थ्य जागरुकता के लिए लगाया शिविर, साइकिल रैली भी निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज




वीर सावरकर शासकीय महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा समाज में स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत 'पैडल फॉर चेंज' और बेसिक हेल्थ चेकअप के लिए एक 'स्वास्थ्य शिविर' लगाया गया। रैली से पूर्व सभी ने ऐरोबिक्स एवं जुम्बा डांस किया। इसके बाद महाविद्यालय से प्रारंभ करते हुए पूरे औबेदुल्लागंज में साइकिल रैली निकाली।

यह कार्यक्रम पीएम ऊषा योजना के द्वारा प्रायोजित किया गया। कार्यक्रम की सभी गतिविधियों का आयोजन भोपाल जिला साइकिल संघ के माध्यम से किया गया। साइकिल रैली का प्रारंभ प्राचार्य डॉ. सुनीता गुप्ता द्वारा झंडी दिखाकर किया गया। इससे पूर्व प्राचार्य के स्वागत उद्बोधन के साथ उपस्थित अतिथि (थाना प्रभारी) श्री भरत प्रताप सिंह, (सचिव, साईकिल संघ भोपाल) डॉ. विशाल सिंह सेंगर, (चेयरपर्सन, सेंट्रल इंडिया ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल) डॉ. नितिन वर्मा को स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन एवं संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ सुमित सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सम्मिलित प्रतिभागियों एवं महाविद्यालय स्टाफ के लिए 100 साईकिल, टी-शर्ट एवं रिफ्रेशमेंट की सुविधा दी गयी। इसके साथ ही विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के स्टाफ ने हेल्थ चेकअप करवाया। साइकिल रैली के दौरान शासकीय चिकित्सालय औबेदुल्लागंज द्वारा एंबुलेंस और औबेदुल्लागंज थाने द्वारा सुरक्षा प्रदान की गई।

बारिश के कारण कुछ महीने पहले बनी सड़क भी उखड़ी

# सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढों से वाहन चालक हो रहे दुर्घटना के शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में बारिश के कारण वार्डों की खराब सड़कों के कारण लोगों परेशान हो रहे हैं, इसके साथ ही वाहन चालक लगातार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। नगर में 10 से 12 सड़कों की हालत खराब हैं, जबकि नगर पालिका ने कुछ महीने पहले कंक्रीट सड़कों पर डामरीकरण कराया था, लेकिन बारिश से पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। सबसे ज्यादा खराब हालत में पुरानी बस्ती पर स्थिति सड़क है।

नगर पालिका ने पिछले दिनों कुछ सड़कों पर चूरी डलवा दी थी, लेकिन बारिश में वह भी बह गई है। वहीं वार्ड 4 की सड़क भी पूरी तरह



उखड़ गई और जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। यहां रोजाना वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो कर घायल हो रहे हैं। बीती रात भी जर्जर सड़क के चलते दो बाइक सवार गिर गए थे। गनीमत रही कि पीछे से कोई वाहन नहीं आ रहा था। अन्यथा कोई भी बड़ी दुर्घटना घट सकती थी।

### वार्डों में नहीं हुआ विकास कार्य समस्याओं से रहवासी परेशान



**औबेदुल्लागंज।** पार्षदों के 3 साल पूरे हो गए पर क्षेत्र में विकास कार्य को लेकर भेदभाव नगर आ रहा है। जर्जर सड़कों, अतिक्रमण, जलभराव, स्ट्रीट लाइट आदि समस्याओं से रहवासी परेशान हैं। कांग्रेस के वार्ड में भरपूर काम किया पर भाजपा के पार्षद निराश हैं।

नगर पंचायत औबेदुल्लागंज में 13 पार्षद भाजपा के और दो कांग्रेस के पार्षद हैं। वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष ने भाजपा पार्षदों से दूरियां बनाई है। नगर में चर्चा है कि पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने भाजपा के कुछ पार्षदों से दूरियां बना रखी है। न ही वे उनसे फोन पर सही तरीके से बात करते हैं और न ही उनके परिषद क्षेत्र में काम करते हैं। आजकल अध्यक्ष प्रतिनिधि कांग्रेस नेता और पार्षदों के साथ देखे जाते हैं। वार्ड 14 पार्षद दीपू परमार, वार्ड 15 नमिता बागिश अग्रवाल, वार्ड 3 पार्षद प्रीति चौधरी, वार्ड दो महावीर कॉलोनी और अर्जुन नगर, वार्ड 10,11 एवं 12 में विकास कार्य नहीं हुए हैं।

पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी

# चार साल तक दैहिक शोषण के बाद शादी से मुकरा लिव इन पार्टनर, पीड़िता ने दर्ज करवाई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर उसके लिव इन पार्टनर पर दुष्कर्म और दैहिक शोषण की धाराओं में एफआईआर की है। पीड़िता का आरोप है कि एक ही गांव और एक ही समाज के होने के कारण लिव इन पार्टनर से दोस्ती हो गई थी। बाद में वह शादी का प्रलोभन देकर चार साल तक दैहिक शोषण करता रहा और अब कहीं और शादी करने की बात करते हुए शादी से इंकार कर रहा है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 24 साल की युवती गुनगा इलाके की रहने वाली है। उसी के गावं में रहने वाले शुभम भारती से वर्ष 2021 में उसकी पहचान हो गई। शुभम और युवती भोपाल जॉब करने के सिलसिले में आए और एक साथ रहने लगे। इस दौरान शुभम ने युवती को शादी का प्रलोभन दिया और उसके साथ लिव इन रिलेशन में रह रहा था। अब युवती ने शादी का दबाव बनाया तो वह शादी करने से इंकार कर रहा है।

### कमला नगर में छात्रा का पीछा कर की छेड़छाड़

कमला नगर इलाके में 18 साल की सेकंड ईयर की छात्रा का पीछा कर उससे छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह मूलतः गैरतगंज की रहने वाली है। तीन साल पहले उसकी सहेली के माध्यम से उसकी दोस्ती दीपक से हुई थी। दीपक भी गैरतगंज का रहने वाला है। करीब तीन महीने पहले छात्रा ने दीपक से बातचीत करनी बंद कर दी। दरअसल, माता-पिता को छात्रा से दीपक की दोस्ती की बात पता चल गई थी। इधर, बातचीत बंद होने से दीपक उसका पीछा करने लगा। करीब एक सप्ताह पहले छात्रा का कॉलेज शुरू होने के कारण भोपाल आ गई और किराए के फ्लैट में रह रही है। आरोपी दीपक उसका पीछा करते हुए उसके फ्लैट तक पहुंच गया। वहां उसे बातचीत करने के लिए दबाव बनाते हुए छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता ने घटना की शिकायत तत्काल पुलिस से की।

### पीछा करते हुए ऑफिस तक पहुंचा बदमाश

हबीबगंज पुलिस ने 25 साल की युवती की शिकायत पर एक मनचले के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। युवती का कहना है कि संग्राम सिंह राजपूत विदिशा का रहने वाला है। ट्रेन में उसकी मुलाकात संग्राम सिंह राजपूत से हुई थी। दोनों में बातचीत होती थी। युवती को पता चला कि संग्राम सिंह किसी अन्य युवती से बातचीत करता है। लिहाजा तीन महीने पहले युवती ने संग्राम सिंह से बातचीत करनी बंद कर दी। इस पर संग्राम सिंह उसका पीछा करने लगा और बातचीत करने का दबाव बनाने लगा। हद तो उस समय हो गई जब आरोपी उसका पीछा करते हुए उस जगह पहुंच गया, जहां वह जॉब करती है।

# धूमधाम से किया झूलेलाल बहिराणे का शुभारंभ, किया भजन-कीर्तन

श्रद्धालुओं को हाथ प्रसादी का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

हरी सेवा गंगाधाम दरबार, टाटा शोरूम के पीछे, विजय नगर, लालघाटी भोपाल में चल रहे सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल के चालीहा पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस महोत्सव में सिंधी समाज उत्थान पंचायत के अध्यक्ष आनंद सबधाणी द्वारा बहिराणे का शुभारंभ किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भजन-कीर्तन एवं भगवान झूलेलाल की कथा सुनाई। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को हाथ प्रसादी का वितरण भी किया गया।

सिंधी समाज उत्थान पंचायत अध्यक्ष आनंद सबधाणी ने बताया कि जल के देवता भगवान झूलेलाल जी के बहिराणे साहिब को शीतलदास की बगिया में पूजा-अर्चना के बाद विसर्जित किया गया। इस अवसर पर अर्जुन वाधवानी, इंदरदास मेंघानी, गीता सचदेवा, कृष्णा मुरजानी, राधेश्याम नाथानी, किशन असुदानी, अशोक टिलवानी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।



### स्पेन यात्रा के दौरान डिजिटल और तकनीकी क्षेत्र में हुआ महत्वपूर्ण रणनीतिक समझौता

# बार्सिलोना में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मुरीद हुई टेक जायंट कंपनी सबमर, कर लिया एमओयू

## सीएम ने कहा, डिजिटल विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की स्पेन यात्रा के दौरान बार्सिलोना में टेक जायंट कंपनी सबमर के अधिकारी उनके इतने मुरीद हो गए कि विजिट के कुछ घंटों बाद ही एमओयू कर लिया। समझौता मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम और सबमर के बीच हुआ। इस समझौते में निवेश, तकनीकी सहयोग और सतत डिजिटल अवसंरचना के विकास पर फोकस किया गया है। इसके साथ मध्य प्रदेश सरकार और वैश्विक टेक्नोलॉजी कंपनी सबमर टेक्नोलॉजीस एसएल के बीच डिजिटल और तकनीकी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक समझौता हुआ।

डॉ. यादव द्वारा 17 जुलाई की रात को बार्सिलोना स्थित सबमर मुख्यालय के भ्रमण के अगले कुछ ही घंटों बाद यह एमओयू साइन होना निवेश के प्रति मध्यप्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता का सुदृढ़ कदम है। मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट विजन से वैश्विक निवेशकों का विश्वास तेज़ी से हासिल करने का भी उदाहरण है। डॉ. यादव ने कहा कि डिजिटल विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होगा।

### मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम और सबमर में समझौता



**समझौते में निवेश, तकनीकी सहयोग और सतत डिजिटल अवसंरचना के विकास पर फोकस**

### क्षमता को एक गीगावॉट तक किया जाएगा विकसित

समझौते के अंतर्गत मध्यप्रदेश में नेक्स्ट जनरेशन के एआई-रेडी डेटा सेंटर की क्षमता को संयुक्त रूप से एक गीगावॉट तक विकसित करने के लिए एक रणनीतिक सहयोग स्थापित किया गया है। यह समझौता उन्नत लिक्विड-कूलिंग तकनीकों जैसे इमर्शन कूलिंग और डायरेक्ट-टू-चिप समाधानों पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य ऊर्जा खपत, जल उपयोग और पर्यावरणीय प्रभाव को काफी हद तक कम करना है। यह सहयोग डेटा सेंटर संचालन के लिए वैश्विक दक्षता मानकों के अनुरूप है। यह तकनीक पारंपरिक तरीकों की तुलना में 45 प्रतिशत तक ऊर्जा की बचत और 90 प्रतिशत तक जल संरक्षण करती है। सबमर कंपनी निर्माण, अनुसंधान एवं विकास और तकनीकी क्षेत्र में प्रदेश में निवेश करेगी। वहीं मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम इस परियोजना के लिए उपयुक्त भूमि, आधारभूत संरचना, नीति सहयोग एवं शासकीय औपचारिकताओं का अंतिम रूप देगा।

### साझेदारी से डिजिटल क्षेत्र में बढ़ेगी राज्य की तकनीकी क्षमता

इस साझेदारी का उद्देश्य न केवल डिजिटल क्षेत्र में राज्य की तकनीकी क्षमता को बढ़ाना है, बल्कि कौशल विकास, नवाचार और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को भी प्रोत्साहित करना है। प्रदेश के युवाओं को अत्याधुनिक डिजिटल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। सबमर, मध्यप्रदेश में डेटा सेंटर्स के डिज़ाइन और स्थापना में नई पीढ़ी के मानकों को स्थापित करने में सहायता करेगा। सबमर तकनीकी सलाहकार के रूप में काम करते हुए लिक्विड कूलिंग, ऊर्जा अनुकूलन और एआई आधारित अवसंरचना विकास के लिए वैश्विक विशेषज्ञता प्रदान करेगा। यह सहयोग मध्यप्रदेश को टिकाऊ, एआई-रेडी डिजिटल केंद्र के रूप में स्थापित करेगा और राज्य को दीर्घकालिक आर्थिक लाभ देगा।

### देखने को मिला सांस्कृतिक सौहार्द्र का सुंदर दृश्य

*इस समझौते के अवसर पर सांस्कृतिक सौहार्द्र का सुंदर दृश्य देखने को भी मिला, जब सबमर के फाउंडर पोल वाल्स सोलर मध्यप्रदेश हैंडलूम से बनी विशेष टाई पहनकर एमओयू कार्यक्रम में शामिल हुए। यह समझौता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' अभियानों की भावना के अनुरूप है और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार की तकनीकी उन्नयन तथा वैश्विक निवेश प्रोत्साहन की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से दर्शाता है।*

## मुख्यमंत्री ने टैक्सटाइल मशीनरी कंपनियों के साथ राउंड टेबल बैठक में कहा, निवेशकों को उपलब्ध कराएंगे हर सुविधा

### 1 टैक्सटाइल सेक्टर में निवेश अनुकूल माहौल और नीतियों की दी जानकारी

### 2 इकाइयां स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पेन यात्रा के तीसरे दिन बार्सिलोना में विश्व की अग्रणी टैक्सटाइल मशीनरी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ एक उच्च स्तरीय राउंड टेबल बैठक की। बैठक का आयोजन मध्यप्रदेश को टैक्सटाइल मशीनरी मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने और यूरोपीय टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर्स के साथ साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के टैक्सटाइल सेक्टर में निवेश के लिए अनुकूल माहौल और निवेशक अनुकूल नीतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश टैक्सटाइल निवेश आकर्षित करने में भारत में अग्रणी है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाएं, जैसे विशेष टैक्सटाइल पार्क, एसईजेड और निवेशकों के लिए प्रोत्साहन योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने निवेशकों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को समझने पर जोर दिया, जिससे उनकी जरूरतों के अनुरूप नीतियां और सुविधाएं प्रदान की जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश टैक्सटाइल मशीनरी मैन्युफैक्चरिंग के लिए भी आदर्श है। राज्य सरकार वैश्विक कंपनियों के साथ साझेदारी कर टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और सस्टेनेबल प्रोडक्शन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।



### मेक इन इंडिया और मेक इन एमपी के तहत निवेश का आह्वान

*बैठक में यूरोपीय टैक्सटाइल मशीनरी कंपनियों को मध्यप्रदेश में अपनी उत्पादन इकाइयां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित कर आमंत्रित किया गया। मध्यप्रदेश में टैक्सटाइल मशीनरी मैन्युफैक्चरिंग हब की स्थापना, भारतीय और यूरोपीय कंपनियों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देना, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, और नॉलेज एक्सचेंज की संभावनाओं पर चर्चा की गई। यह पहल मेक इन इंडिया और मेक इन एमपी के तहत विश्व स्तरीय टैक्सटाइल मशीनरी के उत्पादन को बढ़ावा देने और विशेष टैक्सटाइल पार्क व एसईजेड की स्थापना पर केंद्रित थी।*

**वैश्विक टैक्सटाइल कंपनियों की भागीदारी**

बैठक में वैश्विक स्तर की टैक्सटाइल टेक्नोलॉजी कंपनियों आर्थर इमैनुएल, यूएस की अग्रणी टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी स्टार्टअप लॉन्च के फाउंडर, एनरिक सिला, जीनोलॉजिया के सीईओ और संस्थापक, जे जामिन्टरनेशनल, इटली की प्रीमियम वीविंग और स्पिनिंग मशीनरी निर्माता कंपनी,ग्राजियानो मैकटेक, इटली की फाइबर प्रोसेसिंग और यार्न प्रोडक्शन में विशेषज्ञता वाली कंपनी,जोसे मारिया ब्रोंको, इटली के टैक्सटाइल इंजीनियरिंग विशेषज्ञ, शामिल थे। मप्र से प्रमुख टैक्सटाइल कंपनियों बेस्ट कॉर्प, प्रतिभा सिंटेक्स, श्रीजी पॉलिमर्स ने भी बैठक में हिस्सा लिया।

### कैटलोनिया के विदेश मंत्री गुइलोट से चर्चा

#### सांची, खजुराहो और भीमबेटका को यूरोप में प्रमोट करने के लिए अभियान पर सहमति बनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैटलोनिया के विदेश मंत्री जैम डच गुइलोट के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने एफसी बार्सिलोना फाउंडेशन जैसे संगठनों के साथ मिलकर खेल, नेतृत्व और जीवन कौशल पर आधारित कार्यक्रमों की साझेदारी की संभावनाएं साझा कीं। साथ ही मप्र के विश्व धरोहर स्थलों सांची, खजुराहो और भीमबेटका को यूरोप में प्रमोट करने के लिए संयुक्त पर्यटन अभियान पर भी सहमति बनी। मुख्यमंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि दोनों सरकारें प्रदर्शन कला, सिनेमा, साहित्य और संग्रहालयों के माध्यम से सांस्कृतिक संवाद को और सशक्त बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्मार्ट सिटी, ग्रीन बिल्डिंग्स और शहरी परिवहन में कैटलोनिया की विशेषज्ञता का लाभ लेने के लिए तकनीकी सहयोग प्रस्तावित किया।

### 'फीरा दे, बार्सिलोना मेले का अवलोकन

#### मध्यप्रदेश में अंतरराष्ट्रीय स्तर के संस्थान की स्थापना पर हुआ विचार-विमर्श

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पेन प्रवास के तीसरे दिन बार्सिलोना स्थित 'फीरा दे बार्सिलोना- मोंटजुइक' मेला परिसर का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य स्पेन के स्मार्ट नगर मॉडल, पर्यावरणीय प्रबंधन, शहरी गतिशीलता एवं नवाचार प्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन करना था, जिससे मध्यप्रदेश में भी इन क्षेत्रों में विकास को गति दी जा सके। 'फीरा दे बार्सिलोना' जैसे संस्थानों के सहयोग से मध्यप्रदेश में अंतरराष्ट्रीय स्तर के निवेश सम्मेलनों तथा स्थायी प्रदर्शनी केंद्र की स्थापना की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। मेला भ्रमण के दौरान मेले के प्रतिनिधि एवं मध्यप्रदेश के अधिकारियों की टीम भी मौजूद रही। करीब एक लाख 65 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में प्रदर्शनी परिसर फैला हुआ है।

---

### कला, संस्कृति, साहित्य और फिल्म आधारित कार्यक्रमों का आयोजन होगा

# सीएम डॉ. मोहन ने कहा, भारत-स्पेन सांस्कृतिक सहयोग वर्ष के रूप में मनाया जाएगा वर्ष 2026

**डॉ. यादव इन्वेस्ट इन एमपी बिजनेस फोरम मीट में हुए शामिल**

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि निवेशकों की जरूरतों को हम अच्छी तरह से जानते हैं। निवेशकों को प्रॉपर्ली फेसिलिटेट करना ही हमारी नीति है। हमारी डेडिकेटेड इन्वेस्टर्स फ्रेंडली 18 औद्योगिक नीतियों के जरिए हमने सबके लिए निवेश के द्वार खोल दिए हैं। मध्यप्रदेश आईए, हमारी नीतियों और उपलब्धियों का अवलोकन कीजिए और निवेश कीजिए। उन्होंने कहा कि भारत और स्पेन के बीच पुराने संबंध हैं। हम उन्हीं संबंधों को और भी प्रगाढ़ करने यहां आए हैं।

हम यहां से सिर्फ निवेश नहीं, दीर्घ साझेदारी चाहते हैं। हमारी सरकार अगले वर्ष 2026 को भारत-स्पेन सांस्कृतिक सहयोग वर्ष के रूप में मनाएगी। इसके अंतर्गत कला, संस्कृति, साहित्य और फिल्म आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश और स्पेन के बीच फिल्म को-प्रोडक्शन को बढ़ावा देने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। हमने स्पेन फिल्म आयोग के साथ फिल्म निर्माण के क्षेत्र में सहयोग पर भी चर्चा की है। डॉ. यादव शुक्रवार को यूरोप यात्रा के तीसरे दिन बार्सिलोना में इन्वेस्ट इन एमपी बिजनेस फोरम मीट को संबोधित कर रहे थे।

### ग्लोबल ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहा मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिस तरह बार्सिलोना ने नवाचार, संस्कृति और आर्थिक समावेशन के जरिए विकास का अनूठा मॉडल प्रस्तुत किया है, उसी तरह मध्यप्रदेश भी विरासत से विकास की परंपरा को और आगे बढ़ाते हुए अब तेजी से ग्लोबल ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि यूरोप को विज़न देने वाले बार्सिलोना को मध्यप्रदेश की ओर से अभिनंदन है। डॉ. यादव ने कहा कि भारत और स्पेन लोकतांत्रिक मूल्यों और नवाचारों के साथ खड़े हुए दिखाई देते हैं। दोनों के बीच 9 बिलियन डॉलर से अधिक द्विपक्षीय व्यापार है। रक्षा क्षेत्र में भी बड़ी साझेदारी है।

### मप्र में बना निवेश के लिए बेहतर माहौल : सुंदरमूर्ति

स्पेन में भारत के महावाणिज्यदूत इंबासेकर सुंदरमूर्ति ने 'इन्वेस्ट मध्यप्रदेश' सत्र में कहा कि मध्यप्रदेश का प्रतिनिधिमंडल जिस गंभीरता और तीव्रता से कार्य कर रहा है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जहां व्यापारिक समझौतों में महीनों लगते हैं, वहीं मध्यप्रदेश ने पहली ही बैठक में एमओयू कर एक नई कार्य संस्कृति प्रस्तुत है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व को 'वाइब्रेंट' बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में मप्र में निवेश के लिए बेहतर माहौल बन रहा है।

### निवेशकों का विश्वास जीत रही यूरोप यात्रा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत यूरोपियन देशों के साथ साझेदारी के नए आयाम स्थापित कर रहा है। मध्यप्रदेश भी इसी भावना से आगे बढ़ते हुए फूड, टैक्सटाइल, फार्मास्युटिकल, पॉवर सेक्टर सहित अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आज डेटा सेंटर के लिए हमारा एमओयू साइन हुआ है, जिससे हमारे संबंध अब और पक्के हो गए हैं। डॉ. यादव ने कहा कि हमारी यूरोप यात्रा न केवल यहां के निवेशकों का विश्वास जीत रही है, बल्कि भारत के बढ़ते वैश्विक कद, मध्यप्रदेश की कुशल औद्योगिक नीतियों और हमारे विज़न को वैश्विक मंचों पर प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत करने का माध्यम भी बन रही है।

---

### कहा-आज भी पार्टी जब चाहेगी, चुनाव लड़ने को तैयार

# उमा भारती ने कहा, मैं आज तक नहीं समझ पाई, व्यापमं कांड में मेरा नाम कैसे आया?

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने शुक्रवार को अपने निवास पर आयोजित प्रेस कांफ्रेस में व्यापमं घोटाला, भ्रष्टाचार, गो संरषण, शराब बंदी सहित अन्य राजनैतिक मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर व्यापमं घोटाले में अपना नाम आने को लेकर पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे आज तक नहीं पता कि व्यापमं कांड में मेरा नाम कैसे आ गया।

वहीं मेरा नाम आगे करके इस मामले में कितने लोगों को इस केस से छोड़ दिया गया। इस मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए कि व्यापमं में मेरा नाम लाकर क्राइम ब्रांच ने कौन सा कारनामा किया।

उन्होंने कहा कि व्यापमं मामले से मुझे बहुत तकलीफ हुई है, लेकिन जिन लोगों ने मुझे कष्ट दिए हैं, उन्हें मैंने भी यहीं रोते हुए देखा है।



### गंगा शुद्धिकरण के लिए काम कर रहा केंद्र

*उमा ने कहा कि केंद्र सरकार गंगा शुद्धिकरण के लिए काम कर रही है और मध्य प्रदेश सरकार ने भी गो संरक्षण के लिए प्रयास शुरू किए हैं। हालांकि, अभी इन दोनों क्षेत्रों में और सुधार की और आवश्यकता है। उन्होंने शराबबंदी के मुद्दे पर भी जोर देते हुए कहा कि इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।*

### मेरे भाइयों पर झूठी डकैती के मामले दर्ज करा दिए गए

उमा ने कहा कि प्रदेश भाजपा के किसी नेता को इतनी प्रताड़ना नहीं मिली, जितना मुझे प्रताड़ित होना पड़ा है। यह प्रताड़ना 1990-92 की सरकार से लेकर 2005 तक की सरकार तक चली। कांग्रेस की अर्जुन सिंह की सरकार के समय लागू किए गए लैंड रिफॉर्म का मैंने विरोध किया तो मेरे भाईयों पर झूठी डकैती के मामले दर्ज करा दिए गए। इसके बाद जनशक्ति पार्टी बनाई तो उस समय भी प्रताड़ित किया गया।

### भ्रष्टाचार बड़ी समस्या

उमा भारती ने कहा कि देश और मध्य प्रदेश में बड़ी समस्या भ्रष्टाचार की है। राजनीतिक सुचिता की भावना तो आई है, लेकिन पुलिस और प्रशासन में भी इसे लाना होगा। संघ प्रमुख मोहन भागवत के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी जिसमें 75 वर्ष की उम्र के बाद सक्रिय राजनीति से दूर रहने की बात कही गई थी। उमा ने स्पष्ट किया कि उनकी उम्र अभी 75 वर्ष नहीं हुई है और इस बयान को लेकर जो भी बातें सामने आ रही हैं, वे पूरी तरह गलत और निराधार हैं। आज भी पार्टी जब चाहेगी मैं चुनाव लड़ने हर वक्त तैयार हूं।



### प्रयागराज व डीडीयू से बुलाई गई एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन

# चुनार रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी डिरेल, 3 बोगी पलटी

एजेंसी ▶▶ मिर्जापुर

जिले में शुक्रवार को दिल्ली-हावड़ा रूट पर मालगाड़ी का तीन बोगी पटरी से उतर गए। हादसे के बाद रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया।

रेलवे फाटक के पास मालगाड़ी के बेपटरी होने से लोग जाम में फंस गए। प्रयागराज व डीडीयू से एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन बुलाई गई। जानकारी के मुताबिक, चुनार रेलवे स्टेशन के पास स्थित रेलवे फाटक पर शुक्रवार को एक मालगाड़ी की तीन बोगी रेलवे पटरी से नीचे उतर गई। रेलवे फाटक बंद होने के कारण दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। लोको पायलट ने हादसे की जानकारी स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर ने रेलवे अधिकारियों को सूचना दे दिया।

जिस समय हादसा हुआ, उस समय चुनार रेलवे क्रॉसिंग पूरी तरह से बंद कर दी गई। जिससे नगर के इस पार से उस पार जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। क्रॉसिंग पर लंबा जाम लग गया। देर रात तक रेल प्रशासन और आरपीएफ मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे रहे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल**

प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)
हाऊसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ (HFA CELL)
तृतीय तल, आई.एस.बी.टी. भवन,
होशंगाबाद रोड, हबीबगंज, भोपाल-462023

NIT No.- 01/HFA/BMC/2025 Date : 18-07-2025

निविदा आमंत्रण

निविदा क्रमांक 2025_UAD_404016_3

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत गंगा नगर परियोजना (रेरा पंजीयन क्र. P-BPL-24-5259) स्थल के शेष 59 एल.आई.जी. 2 बी.एच.के. में से शेष 43 आवासों का व्ययन उच्चतम निविदा दर के आधार पर किये जाने हेतु ई-निविदा पद्धति के अन्तर्गत www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं दिनांक 23.07.2025 समय 10:00 AM से 22.08.2025 समय शाम 05:30 PM बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जो दिनांक 25.08.2025 को प्रातः 10:30 AM बजे निविदा की तकनीकी बिड खोली जावेंगी। निविदा प्रपत्र, अनिवार्य शर्तें एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल www.mptenders.gov.in पर प्राप्त होंगी। यदि निविदा में किसी प्रकार का कोई संशोधन इत्यादि होता है तो वह पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

नोटः- ऑनलाईन, ई-निविदा में समस्या होने पर मोबाइल नंबर - 9424499880, पर संपर्क करें अथवा ईमेल-bmcmp.hfa@gmail.com पर मेल करें।

जोनल अधिकारी
(HFA)
नगर पालिक निगम भोपाल

सू.क्र. 1949/025/026

## पेज एक का शेष...

### शिवपुरी में लैंड स्लाइड...

अलग-अलग 2 गांव में कच्चे मकान धराशाई होने से एक 20 वर्षीय युवती और एक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि 1 महिला घायल हो गई। छतरपुर में एंबुलेंस पानी में बह गई। हादसा ओरछा रोड थाना अंतर्गत बमीठा झांसी फोरलेन पर कैडी ब्रिज के पास हुआ। मौके पर मौजूद लोगों ने ड्राइवर को सुरक्षित बचा लिया। ओरछा रोड़ थाना अंतर्गत ही नारायणपुरा रोड़ में नाले को पार करते हुए एक युवक साइकिल सहित बह गया। युवक के शव को खोज निकाला गया। लवकुशनगर छतरपुर- मार्ग में संजयनगर के पास स्थिति टोल प्लाजा बाढ़ की चपेट आ गया। उर्मिल नदी का जल स्तर इसलिए बढ़ गया क्योंकि सिंहपुर बैराज डैम के कुछ गेट इसलिए खोल दिए गए। पहाड़ी बांध और सुखनई नदी से आ रहे इनफ्लो से लहचूरा में पानी की आवक बढ़ गई है। छतरपुर विधायक ललिता यादव, एसडीएम अखिल राठौर, सीएमओ माधुरी शर्मा, टीआई अरबिंद दांगी ने सभी तालाबों से बाढ़ प्रभावित बस्तियों का दौरा करते हुए लोगों से चर्चा कि और कहा कि बारिश के बाद तालाबों और नालों का सीमांकन कराया जाएगा। टीकमगढ़ में रातभर हुई बारिश के चलते दिगौड़ा थाना क्षेत्र में पूनौल नाला उफान पर है। पुल के ऊपर से 3 फीट तक पानी बह रहा है। झांसी हाईवे पर ट्रैफिक बंद करा दिया गया है। शिवपुरी में समस्त शासकीय, अशासकीय, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, आईसीएससी व सीबीएसई से संबंधित शैक्षणिक संस्थानों में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक दिन का अवकाश घोषित किया है। टीकमगढ़ में भी स्कूलों की छुट्टी रहेगी।

**नदी में फंसे 6 लोगों को रेस्क्यू कर निकाला:** थाना गढ़ी मलहरा के अंतर्गत करोला गांव के पास से निकली सिघाड़ी नदी की बाढ़ मे एक पूरा परिवार फंस गया। प्रशासन को जानकारी लगने पर एसडीईआरएफ की टीम को रेस्क्यू के लिए भेजा गया। टीम ने सफल रेस्क्यू कर पूरे परिवार को सुरक्षित निकाला।

**इन जिलों में भी हालात खराब:-** शिवपुरी में बारिश के चलते नरवर-शिवपुरी मार्ग पर अटल सागर बांध के पास पटी घाटी की पहाड़ी पर लैंडस्लाइड हो गया। पहाड़ी से मलबा और पेड़ सड़क पर आ गिरे। इससे दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। करीब दो घंटे तक मार्ग बंद रहा।

- मुरैना के जौरा क्षेत्र में बहने वाले पगारा डैम के सभी 6 गेट खुल गए हैं। डैम से 28500 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इतनी अधिक संख्या में पानी छोड़े जाने से मुरैना के बीचों-बीच बहने वाली आसन नदी में बाढ़ की आशंका बढ़ गई है।
- मंदसौर समेत पूरे जिले में शुक्रवार दोपहर से तेज बारिश हो रही है। शहर के कई हिस्सों में एक से डेढ़ फीट तक पानी भर गया है।
- ग्वालियर में तिघरा डैम का जल स्तर 738.20 बढ़ने पर शुक्रवार दोपहर फिर सात गेट खोले गए हैं। डैम के गेट खोलने से पहले आसपास के 20 गांव में अलर्ट जारी किया है।
- मऊगंज में बहुती के पास कटरा मुख्य मार्ग का बड़ा हिस्सा बारिश के कारण बह गया।
- सतना जिले के भरजुना गांव में एक परिवार मकान में पानी के बीच फंस गया। सूचना मिलते ही होमगार्ड और एसडीईआरएफ की क्विक रिस्पॉन्स टीम मौके पर पहुंची और सभी को सुरक्षित ठिकाने पर पहुंचाया।

### आज 23 जिलों में भारी...

मैहर, शहडोल, उमरिया और अनूपपुर में कहीं-कहीं अति भारी बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि वर्तमान में बने नए सिस्टम से प्रदेश के अधिकतर जिलों में तेज बारिश होगी। हालांकि कुछ जिलों में अति भारी बारिश होने की संभावना भी जताई जा रही है।

### यही समय है...

देखते हुए बेहतर पोस्ट-हार्वेस्ट मैनेजमेंट और निर्यात प्रणाली की जरूरत है। मप्र में गेहूं, चावल, फल, सब्जियों और प्रोसेस्ड फूड के निर्यात की असीम संभावनाएं हैं। इस दिशा में मर्काबार्ना का अनुभव एक मॉडल के रूप में सामने आता है, जिससे प्रेरणा लेकर प्रदेश के खाद्य उत्पादकों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा सकता है।

### भारत और स्पेन ...

टू-फोर्क' मॉडल, कोल्ड चेन प्रणाली, गुणवत्ता नियंत्रण, ट्रेसेबिलिटी और खाद्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में मर्काबार्ना की ओर से अपनाई गई सर्वोत्तम प्रक्रियाओं की सराहना की। मुख्यमंत्री ने मप्र में विकसित किए जा रहे मेगा फूड पार्क, एग्रीबिजनेस क्लस्टर और ग्रामीण उद्योग केंद्रों में इन नवाचारों को समाहित करने को कहा।

### खाद्य अपशिष्ट नियंत्रण...

नीति को मजबूती देंगी। निर्यात और वैश्विक पहुंच के लिए ठोस रणनीति बनाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने मर्काबार्ना प्रबंधन को मप्र में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वसुधैव कुटुंबकम' के मंत्र को आत्मसात करते हुए मप्र वैश्विक साझेदारियों के लिए तैयार है। राज्य सरकार कृषि क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी और तकनीकी निवेश को बढ़ावा भी दे रही है। डॉ. यादव की यह यात्रा कृषि आधारित विकास के एक नए चरण की भूमिका तय कर रही है। अब मप्र केवल उत्पादन आधारित राज्य नहीं, बल्कि वैश्विक खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में एक मजबूत भागीदार के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। मुख्यमंत्री का नेतृत्व कृषि, नवाचार और निर्यात के समन्वय से 'एडवांटेज एमपी' के विजन को साकार कर रहा है।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश...

रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कथित शराब घोटाले से जुड़े एक मामले में की है। कार्रवाई के दौरान नाराज समर्थकों ने बैरिकेडिंग को हटाने की मांग की। साथ ही समर्थकों ने बैरिकेडिंग को गिरा दिया था। ईडी के घर पहुंचने पर भूपेश बघेल ने एक्स पर पोस्ट साझा कर जानकारी देते हुए लिखा था कि ईडी आ गई है। यह विधानसभा सत्र का अंतिम दिन है। अडाणी के लिए तमनार में काटे जा रहे पेड़ों का मुद्दा उठना था। भिलाई निवास में 'साहेब' ने ईडी भेज दी है। कोर्ट ने पांच दिन के लिए ईडी कस्टडी में भेज दिया। कुछ महीनों पहले केंद्रीय एजेंसी ने इस मामले में 14 स्थानों पर रेड मारी थी। इन जगहों में भूपेश बघेल का भिलाई स्थित आवास भी शामिल है।

### शराब घोटाला...

की जांच के आधार पर की गई है। वर्ष 2019 से 2023 के बीच हुए इस घोटाले में आबकारी विभाग के इन अधिकारियों की संलिप्तता पाई गई थी, जिन्होंने अवैध रूप से अर्जित धन से संपत्तियां बनाई थी। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की गहन जांच से यह स्पष्ट हुआ कि यह एक संगठित सिंडिकेट के रूप में संचालित घोटाला था। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर सरकार ने तत्क्षण कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर दिया।

### गंभीर चोटों पर कमजोर...

मारपीट या हमले के प्रत्येक मामले में, यदि पीड़ित को चोटें आई हों, तो थाने में ही उसकी तस्वीर लेना अनिवार्य होगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि केस में दर्ज धाराएं चोट के अनुसार हैं या नहीं। कोर्ट ने यह निर्देश शीतू नामक आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। जस्टिस सुबोध अभ्यंकर की खंडपीठ ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। सुनवाई के दौरान कहा कि मध्यप्रदेश में यह एक चिंताजनक और लगातार दोहराया जाने वाला चलन बन गया है, जहां पुलिस अधिकारी गंभीर चोटों के मामलों में भी जानबूझकर कमजोर धाराएं लगाते हैं। अदालत ने कहा कि इसका मकसद अभियुक्तों को शुरुआती चरण में ही अग्रिम जमानत का अनुचित लाभ दिलाना होता है।

### खून से लथपथ...

के क्षेत्रों में तलाश अभियान जारी है। श्यामलाल धाकड़ साल 2021 से लगातार भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता और मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बूढ़ा मंडल से उपाध्यक्ष थे। वे पार्टी के हर कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे। उनका एक बेटा और एक बेटी है। थाना प्रभारी प्रभात सिंह गौड़ ने बताया- मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एसएफएल की टीम को भी बुलाया गया है। परिजन से पूछताछ के साथ आसपास के क्षेत्रों में तलाश अभियान जारी है। डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता श्यामलाल धाकड़ का शव उनके ही घर में मिलने का समाचार प्राप्त हुआ। मैंने जिला पुलिस अधिकारियों से चर्चा कर निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं।

### उज्जैन, रतलाम व...

में चक्काजाम किया था, जिस पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया था। इस घटनाक्रम को लेकर भी एक अलग ज्ञापन एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव को सौंपा गया। करणी सैनिकों का आरोप है कि रतलाम एएसपी राकेश खाखा ने हाईवे पर बेवजह लाठीचार्ज करवाया।

**आज बंद रहेगा हरदा:** जिले में 13 जुलाई को छात्रावास के भीतर घुसकर पुलिस द्वारा की गई लाठीचार्ज के विरोध में राजपूत परिषद ने शनिवार को हरदा बंद का आह्वान किया है। परिषद ने सभी व्यापारियों से प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की है। शनिवार को दोपहर 1 बजे महाराणा प्रताप चौक से न्याय रैली निकाली जाएगी।

### महिलाओं को पिछड़ी ...

सोलापुर में उद्योगवर्धिनी नाम के एक गैर-सरकारी संगठन की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। डॉ. भागवत ने कहा कि महिलाएं किसी भी समाज का सबसे अहम हिस्सा होती हैं। पुरुष जीवनभर काम करता है, महिला भी जीवनभर काम करती है, लेकिन उससे आगे जाकर वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती है। बच्चों के मन और संस्कार मां के स्नेह में ही विकसित होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल समाज के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के विकास के लिए अनिवार्य है। ईश्वर ने महिलाओं को एक अतिरिक्त विशेषता दी है, जिससे वे वह सब कर सकती हैं जो पुरुष नहीं कर पाते। साथ ही, उन्हें पुरुषों के जैसे सभी गुण भी दिए हैं। इसलिए वे पुरुषों के बराबर हर काम कर सकती हैं।

### तृणमूल सरकार 'विकास...

करने का आरोप लगाया। दुर्गापुर की रैली में पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल कभी विकास का केंद्र था, मगर आज स्थिति बिल्कुल अलग है। भाजपा बंगाल को विकसित राज्य बनाने की कोशिश कर रही है। पीएम मोदी ने बारिश का जिक्र करते हुए कहा कि बीच में बारिश आ गई, लेकिन आपने वह मुकाबला भी कर लिया। पश्चिम बंगाल की धरती प्रेरणाओं से भरी हुई है। यह देश के पहले उद्योग मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की धरती है। उन्होंने भारत के औद्योगिक विकास की नींव रखी। देश को पहली इंडस्ट्रियल पॉलिसी दी। यही डीसी रॉय जैसी विजनरी नेतृत्व धरती है, जिन्होंने दुर्गापुर को बड़े सपनों और बड़े संकल्पों के लिए चुनाव था। पीएम मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल ने देश को द्वारका नाथ टैगोर जैसे रिफॉर्मर दिए, जिन्होंने गुलामी के कालखंड में बैंकिंग रिफॉर्म पर काम किए। उद्योगों और उद्यमों से कैसे समाज का भला हो सकता है, यह करके दिखाया। पीएम ने 5,400 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

### उद्योगों पर लग रहे...

आज यहां नए उद्योग लगने के बजाए जो हैं, उसे भी ताले लग रहे हैं। हम बंगाल को इस बुरे दौर से बाहर निकलाना है। बांग्ला पोरिबॉर्तन चाहे। बांग्ला उन्नयन चाहे।

**टीएमसी की सरकार जाएगी, तभी असली परिवर्तन आएगा:** भाजपा की सरकार आने के बाद, सिर्फ कुछ ही वर्षों में बंगाल देश के शीर्ष औद्योगिक राज्यों में से एक बन सकता है। टीएमसी सरकार, बंगाल के विकास के आगे दीवार बनकर खड़ी है। जिस दिन टीएमसी सरकार की ये दीवार गिरेगी, उसी दिन से बंगाल विकास की नई तेजी पकड़ लेगा। टीएमसी की सरकार जाएगी, तभी असली परिवर्तन आएगा। भाजपा की ओर से मैं आपसे आग्रह करता हूं, एक बार भाजपा को अवसर दीजिए। एक ऐसी सरकार चुनिए, जो कामदार हो, ईमानदार हो और दमदार हो। प्राइमरी एजुकेशन हो या हायर एजुकेशन, हर स्तर पर शिक्षा को बर्बाद किया जा रहा है। टीएमसी की सरकार ने बंगाल की एजुकेशन व्यवस्था को अपराध और भ्रष्टाचार के हवाले कर दिया है। हजारों योग्य शिक्षक आज बेरोजगार है, इसकी सबसे बड़ी वजह है, टीएमसी का भ्रष्टाचार। इससे हजारों परिवारों पर संकट आया है और लाखों बच्चों का भविष्य टीचर की कमी के कारण अंधेरे में है। मां, माटी, मानुष की बात करने वाली पार्टी की सरकार में बेटियों के साथ जो अन्याय हो रहा है, वो पीड़ा भी देता है और आक्रोश से भर भी देता है। हमें मिलकर बंगाल को इस निमर्मता से मुक्ति दिलानी है। टीएमसी और लेफ्ट ने सालों तक दिल्ली में कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार चलाई।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644




छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ायें।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवायें।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
Mob.: 9826264575, 8889560478, 8085377716, 0755-2660949 Web.: www.jncbpl.com
* M.Sc. (Physics, Chemistry, Botany, Zoology, Micro bio., Biotech., Computer Sc., Maths) * PGDCA * B.Sc. (Bio Group & Maths, Chemistry, Computer Sci., Env.Sc., Biology, Micro Bio., Biotech ) * B.Com. Plain & Computer * M.Com * BCA * BA * BBA * M.A. (Eng., Polt. Sc., Socio., Eco. & Urdu) * B. Lib * M. Lib. * B.P.E.S. * PG Diploma in Yoga * D.El. Ed. * B.Ed. * B.P.Ed. * M.Ed. * M.P.Ed.
DIRECT ADMISSION* College Offering Best Career Options With Minimum Fee Structure
* Note : All Admission According to MP Higher Education Guide line and Rules 2023-24

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

**नाम परिवर्तन**

मैं अनिल कुमार यादव आयु 35 वर्ष वल्द श्री संतोष कुमार निवासी खुरई रोड ख्वाजा एजेंसी के बाजू में संत रविदास वार्ड सागर तह. व जिला सागर शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरा पूर्व में नाम अनिल यादव पिता श्री संतोष कुमार था। जो मैंने बदलकर मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, अंक सूची, बैंक पास बुक में मेरा सही नाम अनिल कुमार यादव पिता श्री संतोष कुमार दर्ज है जो कि पूर्णतः सही एवं सत्य है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने दावों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यवस्थापक

## शब्द पहेली - 5932



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

**शब्द पहेली- 5931 का हल**




## सूडोकु नवताल - 5942

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल - 5941 का हल**



## मप्र स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज ऑर्गेनाइजेशन की वार्षिक साधारण सभा संपन्न

# सुबोध कुमार अध्यक्ष, विपिन कुमार जैन ऑर्गेनाइजेशन के महासचिव निर्वाचित

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश स्माल स्केल इंडस्ट्रीज आर्गेनाइजेशन की 65वीं वार्षिक साधारण सभा हुई। वार्षिक साधारण सभा में वर्ष 2025-27 के लिए चुनाव के परिणामों की जानकारी मुख्य चुनाव अधिकारी आरजी द्विवेदी एवं मनोज झा ने साझा की। चुनाव अधिकारी ने कार्यकारिणी समिति में 9 राज्य स्तरीय पदाधिकारी की घोषणा की।

जिसमें अध्यक्ष सुबोध कुमार जैन (जबलपुर), उपाध्यक्षद्वय मंजीत सिंह चावला (खरगोन), सुधीर कुमार मिश्रा (कटनी), महासचिव विपिन कुमार जैन (भोपाल), सचिवद्वय सुनील भार्गव (भोपाल) तथा सैयद फरीद (बुरहानपुर), कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार मित्तल (ग्वालियर), संयुक्त सचिवद्वय राजीव अग्रवाल (मंडीदीप) तथा प्रदीप मित्तल (विदिशा) तथा प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से 13 क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, 13 क्षेत्रीय संयुक्त सचिव तथा 20 कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए।




### तीन उपलब्धियां अपने कार्यकाल में प्राप्त करने की मंशा : सुबोध जैन

इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष सुबोध कुमार जैन ने कहा कि मैं इस 65 वर्ष पुरानी संस्था की अध्यक्षता करते हुए गर्व महसूस कर रहा हूं। तीन उपलब्धियां अपने कार्यकाल में प्राप्त करने की मंशा है। पहली- प्रदेश की प्रत्येक एमएसएमई तक इस संस्था को पहुंचाना। दूसरी- शासन के साथ बैठकर प्रदेश में एमएसएमई के विकास को आगे बढ़ाना। एक सुदृढ़ सेतु का कार्य करना और तीसरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करते हुए एमएसएमई की भागीदारी 60 प्रतिशत से ज्यादा करना जो आज करीब 30 प्रतिशत है।

### एमएसएमई के विकास एवं ऑर्गेनाइजेशन को शासन के सहयोग की अपेक्षा: सुनील भार्गव

महासचिव सुनील भार्गव ने प्रदेश के एमएसएमई के विकास एवं आर्गेनाइजेशन को शासन के सहयोग की आपेक्षा जताई। तत्पश्चात आर्गेनाइजेश वर्ष 2024-25 की वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण किया गया तथा अंकेक्षिक आय-व्यय पत्रक एवं बैलेंस शीट का प्रस्तुतीकरण मुकेश कुमार मित्तल कोषाध्यक्ष द्वारा किया गया तथा स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही आगामी वर्ष 2025-26 के लिए मेसर्स बीसीपी जैन एंड कंपनी को अंकेक्षक नियुक्त के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। इस मौके पर मुख्य चुनाव अधिकारी आरजी द्विवेदी एवं चुनाव अधिकारी मनोज झा को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## महिंद्रा की एक्सयूवी 3 एक्सओ 'रेवएक्स' सीरीज लांच, कीमत 8.94 लाख रुपए से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने 8.94 लाख रुपए की आकर्षक कीमत पर रोमांचक नई एक्सयूवी 3 एक्सओ 'रेवएक्स' सीरीज का अनावरण किया



एक्सयूवी 3 एक्सओ ने हाल ही में एक साल से भी कम समय में 1 लाख से ज्यादा बिक्री का प्रभावशाली आंकड़ा हासिल किया है, जिससे यह इस उपलब्धि तक पहुँचने वाली महिंद्रा की सबसे तेज़ एसयूवी बन गई है।

### सभी तीन वैरिएंट पांच आकर्षक रंग में

'रेवएक्स' सीरीज, प्रीमियम फीचर्स, विशिष्ट स्टाइलिंग और सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस के आकर्षक मूल्य-प्रस्ताव के साथ एक्सयूवी 3 एक्सओ पोर्टफोलियो को और बेहतर बनाएगी, जो ग्राहकों की आकांक्षाओं के अनुरूप है। यह वैरिएंट उन्नत 1.2 एल एमस्टालिन टीजीडीआई इंजन द्वारा संचालित है, जो मैनुअल और ऑटोमैटिक दोनों ट्रांसमिशन के साथ 96 केवी की सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास पावर और 230 एनएम का टॉर्क प्रदान करता है। बॉडी-कलर फ्रंट ग्रिल, विशिष्ट बैजिंग, आर 16 पेंटेड ब्लैक अलॉय और एक डुअल-टोन रूफ। 'रेवएक्स'ट्विन एचडी स्क्रीन से लैस है। 'रेवएक्स' सीरीज के सभी तीन वैरिएंट पांच आकर्षक रंग गैलेक्सी ग्रे, टैंगो रेड, नेबुला ब्लू, एवरेस्ट व्हाइट और स्टील्थ ब्लैक में उपलब्ध है।

## ऑनलाइन आईटीआर फॉर्म-2 दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू

### 15 सितंबर है आखिरी तारीख

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने शुक्रवार से आईटीआर -2 फॉर्म ऑनलाइन दाखिल करना शुरू कर दिया। इसका मतलब है कि सभी करदाता, जिनमें वेतनभोगी व्यक्ति भी शामिल हैं, जिनके पास कर योग्य पूंजीगत लाभ, क्रिप्टो आय, आदि हैं, आज से ई-फाइलिंग आईटीआर पोर्टल के माध्यम से अपना आयकर रिटर्न ऑनलाइन दाखिल करना शुरू कर सकते हैं। वित्त वर्ष 2024-25 (आकलन वर्ष 2025-26) के लिए आईटीआर दाखिल करने की विस्तारित समय सीमा 15 सितंबर, 2025 है। इससे पहले केवल आईटीआर -1 और आईटीआर-4 (ऑनलाइन और एक्सेल यूटिलिटी दोनों) जारी किए गए थे।

## बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड्स शेयरधारकों को देगी पहली बार बोनस शेयर

### तीन साल में 80 फीसदी उछल चुका है शेयर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बाबा रामदेव से जुड़ी कंपनी पतंजलि फूड्स ने गुरुवार को एक बड़ा ऐलान किया। कंपनी अपने शेयरधारकों को बोनस शेयर देगी। ये बोनस शेयर 2:1 के अनुपात में होंगे। इसका मतलब है कि जिनके पास पतंजलि फूड्स का 1 शेयर है, उन्हें 2 नए शेयर मुफ्त में मिलेंगे। कंपनी ने बताया कि इसके लिए शेयरधारकों की मंजूरी लेने के लिए एक नोटिस भेजा जाएगा। कंपनी ने पहली बार बोनस शेयर की घोषणा की है।

### कंपनी लगभग 72,50,12,628 शेयर जारी करेगी

कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि 2:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करने की सिफारिश की गई है। ये शेयर उन शेयरधारकों को मिलेंगे जिनके नाम रिकॉर्ड में दर्ज होंगे। अभी ये तय नहीं हुआ है कि बोनस शेयर पाने के लिए रिकॉर्ड डेट क्या होगी। कंपनी जल्द ही इसकी घोषणा करेगी। कंपनी लगभग 72,50,12,628 शेयर जारी करेगी। हर शेयर की फेस वैल्यू 2 रुपए होगी।

### बोनस शेयर कंपनी के रिजर्व फंड से दिए जाएंगे

कंपनी का कहना है कि बोनस शेयर 16 सितंबर 2025 तक शेयरधारकों के खातों में जमा कर दिए जाएंगे। ये बोनस शेयर कंपनी के रिजर्व फंड से दिए जाएंगे। इसके लिए शेयरधारकों की मंजूरी जरूरी है। बोनस शेयर जारी होने से पहले कंपनी का शेयर कैपिटल 72,50,12,628 रुपए था।

## चीन के बाद भारत बना दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेमिंग बाजार

### मध्यप्रदेश सहित कई राज्य ऑनलाइन गेमिंग के उभर रहे प्रमुख केंद्र बनकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत का ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। भारत में अब 59.1 करोड़ गेमर्स हैं, जो कुल वैश्विक गेमर्स का लगभग 20 फीसदी है, जिससे यह चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेमिंग बाज़ार बन गया है। देश का गेमिंग बाजार, जो 2024 में पहले ही 3.7 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है, 2029 तक बढ़कर 9.1 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। 2034 तक यह 22.53 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है, इस वृद्धि का वित्तीय आकार चौंका देने वाला है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सहित कई राज्य ऑनलाइन गेमिंग के प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहे हैं। ज़ूपी जैसे गेमिंग प्लेटफार्म, संज्ञानात्मक कौशल और सामाजिक संपर्क को बढ़ावा देने वाले छोटे, कौशल-आधारित गेम पेश करके इस बदलाव का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

**आज बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस**

## 14 बैंक के राष्ट्रीयकरण ने बदली थी भारत की वित्तीय तस्वीर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन के महासचिव सीएच वेंकटचलम और मध्य प्रदेश बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन के महासचिव, वीके शर्मा ने कहा कि 19 जुलाई बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस है। हर साल 19 जुलाई का दिन भारतीय बैंकिंग इतिहास में एक मील का पत्थर माना जाता है।

यह वह तारीख है जब 1969 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एक साहसिक और दूरगामी फैसला लेते हुए देश के 14 बड़े निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया था। यह कदम केवल एक वित्तीय निर्णय नहीं था, बल्कि इसने भारत की सामाजिक-आर्थिक दिशा को एक नई राह दी।




### विदेशी बैंकों की भूमिका बढ़ी

शर्मा ने कहा आज भले ही भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में निजी बैंकों और विदेशी बैंकों की भूमिका बढ़ी है, लेकिन बैंकों के राष्ट्रीयकरण के दूरगामी प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता। प्रधानमंत्री जन धन योजना जैसे आज के कार्यक्रम भी कहीं न कहीं राष्ट्रीयकरण के उसी मूल विचार से प्रेरित हैं।

## टेक महिंद्रा का एबिटा 1,477 करोड़ रु. पहुंचा

**नोएडा।** टेक महिन्द्रा ने समाप्त हुई तिमाही के लिए अंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। बीती तिमाही के लिए वित्तीय नतीजे के बारे में कंपनी कहना है कि आय 156.4 करोड़ डालर रही, जो साल दर साल 0.4 प्रतिशत अधिक है। एबिट 17.2 करोड़ डॉलर रहा, साल दर साल 30.2 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा एबिट मार्जिन 11.1 प्रतिशत, साल दर साल 260 बीपीएस बढ़ा।

कर बाद लाभ (शुद्ध लाभ) 13.3 करोड़ डॉलर, साल दर साल 30.2 प्रतिशत बढ़ा। शुद्ध लाभ मार्जिन 8.5 प्रतिशत, साल दर साल 190 बीपीएस बढ़ा, मुक्त नकदी प्रवाह 8.6 करोड़ डॉलर रहा। जबकि भारतीय रूपए के मुताबिक कंपनी आय 13,351 करोड़ रुपए रही। एबिट 1,477 करोड़ रुपए रही, इसमें साल दर साल 34.0 प्रतिशत अधिक, समेकित शुद्ध लाभ 1,141 करोड़ रुपए, साल दर साल 34.0 प्रतिशत बढ़ा।

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सिरोंज जिला-विदिशा (म.प्र.)**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास लटेरी रोड सिरोंज 464228
prinpoly[dot] sirvds[at]mp[dot]gov[dot]in, https://www.gpcsironj.in
Mgpcsironj[at]gmail[dot]com, 07591-299135

क्रमांक / कार्या. /2025/337 // प्रेस नोट // सिरोंज, दिनांकः- 17/07/2025

तकनीकी शिक्षा संचालनालय मध्यप्रदेश के अंतर्गत शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सिरोंज, जिला - विदिशा (म.प्र.) में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए संस्था स्तरीय काउंसलिंग शुरू हो गई है। काउंसलिंग 10वीं पास विद्यार्थियों के लिए रोजगारमुखी तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए है। पाठ्यक्रमों में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेली कम्युनिकेशन, मैकेनिकल इंजीनियरिंग शामिल हैं। विद्यार्थी 13 अगस्त रात 11:45 बजे तक ऑनलाइन या कॉलेज आकर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। रजिस्टर्ड विद्यार्थी 13 अगस्त तक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को सुबह 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक कॉलेज में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। दसवीं के साथ आईटीआई या बारहवीं पास छात्र-छात्राएं इन पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में लेटरल एंट्री से प्रवेश ले सकते हैं। इसके लिए 5 जुलाई 2025 से 13 अगस्त 2025 की रात 11:45 बजे तक रजिस्ट्रेशन करना जरूरी है। प्रवेश प्रक्रिया 20 जुलाई 2025 से 13 अगस्त 2025 तक हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को कार्यालय समय में पूरी की जा सकेगी। एवं दिनांक 14 अगस्त 2025 की रात 11:45 बजे तक रिक्त सीटों के विरुद्ध रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण की जा सकेगी। रजिस्ट्रेशन में आ रही समस्याओं के समाधान या पाठ्यक्रम संबंधी जानकारी के लिए विद्यार्थी कॉलेज उपस्थित होकर अथवा मोबाइल नंबर 8319034281, 8982897470 पर भी संपर्क कर सकते है।

G-15843/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता " प्राचार्य
शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सिरोंज

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी में 36 स्टूडेंट्स को मिली प्लेसमेंट की सौगात

**भोपाल।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी में जॉब फेयर -02 में छात्रों के चेहरों पर मुस्कान और आत्मविश्वास दोनों नजर आया। होरिजन कंसल्टेंसी सर्विसेज के सहयोग से आयोजित इस मेगा प्लेसमेंट इवेंट में 36 छात्रों का चयन हुआ है। इससे पहले, 4 जुलाई को एक शानदार प्री-इवेंट ट्रेनिंग सेशन में होरिजन कंसल्टेंसी के विशेषज्ञों ने छात्रों को साक्षात्कार के गुर सिखाए। प्रशिक्षक श्रीधर पाटवर्धन और विनीत अग्रवाल ने इंडस्ट्री की गहराइयों से निकली कुशलता, संचार, टीम वर्क और अनुकूलन क्षमता जैसी साफ्ट स्किल पर फोकस किया और छात्रों को प्रोफेशनल वर्ल्ड के लिए तैयार किया। आयोजित मुख्य जॉब फेयर में देश की चार शीर्ष फार्मा कंपनियों ने भाग लिया 9विन मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड, विटामैक्स, टॉरेंट फार्मा और नॉर्टिक हेल्थ लैब, जेके हॉस्पिटल। इन कंपनियों ने मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव, प्रोडक्शन, क्वालिटी कंट्रोल और फार्मासिस्ट जैसे अहम पदों के लिए इंटरव्यू लिए और 36 होनहार युवाओं को ऑफर लेटर सौंपे। एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति जयनारायण चौकसे, सचिव डॉ. अनुपम चौकसे, निदेशक डॉ. अखिलेश कुमार सिंघई ने सभी चयनित छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दी प्रशिक्षण और प्लेसमेंट की कमान संभाली सहायक प्रोफेसर मिस स्टेफी थॉमस ने, जिन्होंने आयोजन के हर पहलू को बखूबी संभाला।

### भाभा विवि ने दिलाई पौधरोपण और पर्यावरण सुरक्षित करने की शपथ



**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय में अभियांत्रिकी संकाय द्वारा पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रतिकुलपति डॉ. नवीन कुमार अग्रवाल, रजिस्ट्रार डॉ. श्याम पाटकर, डॉ.भारती सतनकर, अधिष्ठाता डॉ.अशोक कुमार झाला, प्राचार्य डॉ.तृप्ति अरजरिया विभाग प्रमुख प्रो .सुरेश गावंडे प्रो. जितेंद्र यादव एवं सभी विभाग प्रमुख के साथ सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सभी विभाग के छात्रों द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया एवं पौधारोपण के साथ पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए शपथ ली गई।

### एसबीआई को ग्लोबल फाइनेंस ने चुना दुनिया का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक




**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक को ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका ने साल 2025 के लिए दुनिया का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक चुना है। एसबीआई के चेयरमैन सी.एस. सेट्टी इस साल 18 अक्टूबर को आईएमएफ/विश्व बैंक की वार्षिक बैठक के दौरान एक कार्यक्रम में यह पुरस्कार ग्रहण करेंगे। एसबीआई के अध्यक्ष सीएस शेट्टी ने कहाकि ग्राहक अनुभव हमारी विकास रणनीति का केंद्र बिंदु बना हुआ है। ऑन-बोर्डिंग को सरल बनाकर, स्थानीय भाषा में वॉयस बैंकिंग को सक्षम बनाकर और 24/7 डिजिटल सहायता सुनिश्चित करके, हमारा लक्ष्य सभी भौगोलिक क्षेत्रों, विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के उभरते क्षेत्रों के लिए एक सहज और समावेशी अनुभव प्रदान करना है।

### राजधानी वस्त्र व्यवसायी संघ का 'एक दिन अपनों के संग' 20 जुलाई को



**भोपाल।** फेडरेशन ऑफ राजधानी वस्त्र व्यवसायी संघ भोपाल ने भाग-दौड़ भरी जिंदगी और व्यस्तत कामकाज के बीच एक-दूसरे के साथ जुड़ने, आपसी बंधन को मजबूत करने करना और यादगार पल संयोजने के लिहाज संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों के लिए एक विशेष कार्यक्रम एक दिन अपनों के संग आहुत की है। फेडरेशन ऑफ राजधानी वस्त्र व्यवसायी संघ के अध्यक्ष श्यामबाबू अग्रवाल, महामंत्री राजेश गर्ग, उपाध्यक्षसुमित गर्ग दीपाली और कोषाध्यक्ष गौरव जैन ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन राजधानी के बैरागढ़ रोड स्थित आकाश रिट्रीट में 20 जुलाई दिन रविवार को शाम 4 बजे से आयोजित किया गया है। संघ के अध्यक्ष श्यामबाबू अग्रवाल के अनुसार इस आयोजन का शीर्षक एक दिन अपनों के संग है, जिसका अर्थ है अपनों के साथ एक दिन। जहां परिवार और दोस्त एक साथ समय बिताते हैं, मौज-मस्ती करते हैं और एक-दूसरे के साथ जुड़ते हैं।

### केल्टन टेक ने 1:5 स्टॉक स्प्लिट के लिए 25 को तिथि निर्धारित की

**नई दिल्ली।** केल्टन टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसने 1:5 स्टॉक स्प्लिट (प्रत्येक 5 के एक्विटी शेयर का 1 के 5 एक्विटी शेयरों में विभाजित किया जाना) के लिए 25 जुलाई की तारीख रिकॉर्ड डेट के रूप में तय की है। हाल ही में, कंपनी के बोर्ड ने कुछ प्रमोटर और गैर-प्रमोटर निवेशकों को वरीयता के आधार पर अधिकतम 69.30 करोड़ की राशि तक के 55,00,000 वारंट्स जारी व आवंटित करने के लिए निधि जुटाने की घोषणा की है। प्रमोटर मैटनिक फिनवेस्ट एलएलपीः अधिकतम 45,00,000 वारंट्स सब्सक्राइब करेगी, जिसकी कुल राशि 56.70 करोड़ होगी, वहीं गैर-प्रमोटर समूह से करनजीत सिंह व श्रीनिवास पोटलुरी मिलकर अधिकतम 10,00,000 वारंट्स लेंगे।

### सेवी इंफ्रा एंड लॉजिस्टिक्स का आईपीओ 21 को खुलेगा

**मुंबई।** सेवी इंफ्रा एंड लॉजिस्टिक्स लिमिटेड (कंपनी)21 जुलाई 2025 को अपना आईपीओ लांच करने जा रही है। कंपनी 69.98 करोड़ जुटाने की योजना बना रही है। इसके शेयर एनएसई इमर्जी प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। यह इश्यू 58,32,000 इक्विटी शेयरों का होगा, जिनका अंकित मूल्य 10 रुपए है और प्राइस बैंड 114 से 120 प्रति शेयर तय किया गया है। आईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग वर्किंग कैपिटल की जरूरतों और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। एंकर बिडिंग 18 जुलाई 2025 को खुलेगी, जबकि पब्लिक इश्यू 21 जुलाई 2025 को खुलेगा और 23 जुलाई 2025 को बंद होगा।

### न्युवोको ने परिणामों की घोषणा की

**मुंबई।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। 25 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष की संयुक्त स्थापित क्षमता के साथ, कंपनी लगभग 25 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष की क्षमता प्राप्त करने की राह पर है। वडराज सीमेंट लिमिटेड (वीसीएल) के सफल अधिग्रहण के बाद वित्त वर्ष 27 की तीसरी तिमाही तक 31 एमएमटीपीए सीमेंट क्षमता हासिल कर भारत में अपनी पांचवीं सबसे बड़ी सीमेंट समूह की स्थिति को लॉन्गटर्म तौर पर बरकरार रखा। कंपनी ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 5.1 एमएमटी की कंसोलिडिटेड सीमेंट बिक्री वॉल्यूम हासिल की। कंसोलिडिटेड आय वर्ष-दर-वर्ष 9 प्रतिशत बढ़कर 2,873 करोड़ रही। कंपनी ने पहली तिमाही में 533 करोड़ रुपए का अब तक का ऑलटाइम हाई तिमाही कंसोलिडिटेड एबिटिडा भी दर्ज किया।

**Office Of The Municipal Council Narmadapuram (M.P.)**

cmohoshangabad@mpurban.gov.in
NIT No/4922/E-Tendering/NPN/2025 Narmadapuram, Date 16/07/2025
// Notice Inviting Tenders //
( 1st Call )
Online Item rate bids for the following works are invited from registered contractors/suppliers and firms of repute fulfilling registration criteria

| SL No | Tender No. | Name of Work | Probable Amount of Contract | Earnest Money Deposit | Cost of bid Document | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_437287_1 | Tender for supply of Ferric Alum for Municipal Water Treatment (Standard Technical Grade) at Municipal Council, Narmadapuram MP (Please furnish the rate with GST) | 990000/- | 9900/- | 2000/- | 03 months |

The Bid Document can be Download only online from 14/07/2025 (18.00) to 30/07/2025 (17.30) hour for more Information:- https://mptenders.gov.in

Chief Municipal Officer
Municipal Council Narmadapuram

**Z-28016/59/2024-PMSSY-IV(8300536)**
**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय**
**(पीएमएसएसवाय प्रभाग)**

कक्ष संख्या 409-डी, निर्माण भवन,
नई दिल्ली-110011

**एम्स, भोपाल में कार्यकारी निदेशक के पद हेतु भर्ती**

-------

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (पीएमएसएसवाय प्रभाग) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), **भोपाल** में स्तर 15, वेतनमान (7वें वेतन आयोग के अनुसार) रु. 182200-224100/- में प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध/अनुबंध के आधार पर कार्यकारी निदेशक के पद को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया मंत्रालय की वेबसाइट और प्रभाग की वेबसाइट https://mohfw.gov.in और https://pmssy.mohfw.gov.in पर जाएँ।

विस्तृत विज्ञापन रोजगार समाचार में प्रकाशित किया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 45 दिन होगी।

उप सचिव
CBC 17101/11/0020/2526 दूरभाष : 011-23062980

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला रायसेन (म.प्र.)**

क्रमांक / 474 / खनिज / 2025 प्रथम सूचना रायसेन, दिनाक 14/07/2025
(म.प्र. गौण खनिज नियम-1996 के नियम- 18 (1-क)

यह कि सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्रीमती श्वेता दत्ता पत्नी श्री अमरेंद्र कुमार निवासी मकान नंबर 16 सी. आई. पार्क व्यू कोलार अमरनाथ कॉलोनी के पास भोपाल (म.प्र.) एवं आवेदक श्री आशीष शुक्ला आ. श्री लालमणि शुक्ला निवासी मकान नंबर 33 सी. आई. पार्क व्यू कोलार अमरनाथ कॉलोनी के पास भोपाल (म.प्र.) द्वारा उत्खनिपट्टा हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 10.07.2025 को प्रस्तुत किया गया है। समाचार पत्र में प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल ममीदपरण्उचणहवअण्पद पर प्रस्तुत किये जायेगें। आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैः-

// आवेदन का संक्षिप्त विवरण //

| क्रं. | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | गौहरगंज | अगरिया | 74 | 13.059 हे. में से 4.000 हे. क्षेत्र पर | शासकीय भूमि | खनिज पत्थर से गिट्टी (यांत्रिक क्रिया से गिट्टी निर्माण) एवं यांत्रिक क्रिया द्वारा निर्मित रेत (एम-सैंड) उत्खनिपट्टा हेतु | 13.059 हे. |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करनें की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञपित के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

खनिज अधिकारी
जिला रायसेन (म.प्र.)
G-15859/25 सड़क सुरक्षा के नियमों को जानो, सुरक्षित यात्रा की आवश्यकता पहचानो

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी अनुभाग रायसेन जिला रायसेन**

प्रकरण क्रमांक 149/बी-121/2024-25
:: उद्घोषणा ::
(धारा 6 भारतीय वन अधिनियम 1927 के अन्तर्गत)

एतद् द्वारा सर्व संबंधित एवं ग्रामवासियों ग्राम याकूबपुर प.ह.न. 54 तहसील व जिला रायसेन को सूचित किया जाता है कि, निम्नलिखित भूमि को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 4 के अनुसार मध्यप्रदेश शासन ने आरक्षित वन घोषित करने का विनिश्चय किया है। तदाशय की अधिसूचना मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 23 जुलाई 1969 को प्रकाशित की जा चुकी है। जिसमें वन की स्थिति एवं सीमाएं विनिर्दिष्ट की गई है। यह भूमि आरक्षित हो जाने पर किसी भी प्रकार का दखल, प्रवेश, उपयोग, मार्ग, एवं चराई अधिकार, वनोपज संबंधी अधिकार, उत्खनन संबंधी अधिकार, कृषि आदि जीवकोपार्जन अधिकार बंद एवं प्रतिबंधित हो जावेगा। उल्लघंन होने पर भारतीय वन अधिनियम 1927 वन संरक्षण अधिनियम 1980 एवं अन्य सुसंगत वन विधियों व विधानों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकेगी। अतः एतद द्वारा अपेक्षा की जाती है कि, इस उद्घोषणा के प्रकाशन दिनांक से तीन माह की अवधि के अन्दर कोई भी या समस्त हितग्राही व्यक्ति, पक्षकार आदि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी अनुभाग रायसेन के समक्ष उपस्थित होकर अपने अधिकार, दावाकृत प्रतिकार, स्वत्त्व आदि बावत् प्रमाणों, दस्तावेजों सहित लिखित सूचना, आपत्ति आदि प्रस्तुत करें तथा प्रमाणित करें। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जाएगा। आज दिनांक 10.07.2025 को उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

(मुकेश सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी, पदेन वन व्यवस्थापन अधिकारी अनुभाग रायसेन जिला रायसेन
G-15852/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी अनुभाग रायसेन जिला रायसेन**

प्रकरण क्रमांक 135/बी-121/2024-25
:: उद्घोषणा ::
(धारा 6 भारतीय वन अधिनियम 1927 के अन्तर्गत)

एतद् द्वारा सर्व संबंधित एवं ग्रामवासियों ग्राम नरोंदा प.ह.न. 17 तहसील व जिला रायसेन को सूचित किया जाता है कि, निम्नलिखित भूमि को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा -4 के अनुसार मध्यप्रदेश शासन ने आरक्षित वन घोषित करने का विनिश्चय किया है। तदाशय की अधिसूचना मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 24 अप्रैल 1970 को प्रकाशित की जा चुकी है। जिसमें वन की स्थिति एवं सीमाएं विनिर्दिष्ट की गई है। यह भूमि आरक्षित हो जाने पर किसी भी प्रकार का दखल, प्रवेश, उपयोग, मार्ग, एवं चराई अधिकार, वनोपज संबंधी अधिकार, उत्खनन संबंधी अधिकार, कृषि आदि जीवकोपार्जन अधिकार बंद एवं प्रतिबंधित हो जावेगा। उल्लघंन होने पर भारतीय वन अधिनियम 1927 वन संरक्षण अधिनियम 1980 एवं अन्य सुसंगत वन विधियों व विधानों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकेगी। अतः एतद द्वारा अपेक्षा की जाती है कि, इस उद्घोषणा के प्रकाशन दिनांक से तीन माह की अवधि के अन्दर कोई भी या समस्त हितग्राही व्यक्ति, पक्षकार आदि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी अनुभाग रायसेन के समक्ष उपस्थित होकर अपने अधिकार, दावाकृत प्रतिकार, स्वत्व आदि बावत् प्रमाणों, दस्तावेजों सहित लिखित सूचना, आपत्ति आदि प्रस्तुत करें तथा प्रमाणित करें। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जाएगा। आज दिनांक 10.07.2025 को उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

(मुकेश सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी, पदेन वन व्यवस्थापन अधिकारी अनुभाग रायसेन जिला रायसेन
G-15860/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी अनुभाग रायसेन जिला रायसेन**

प्रकरण क्रमांक 148/बी-121/2024-25
:: उद्घोषणा ::
(धारा 6 भारतीय वन अधिनियम 1927 के अन्तर्गत)

एतद् द्वारा सर्व संबंधित एवं ग्रामवासियों ग्राम पंग्नेश्वर प.ह.न. 29 तहसील व जिला रायसेन को सूचित किया जाता है कि, निम्नलिखित भूमि को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा-4 के अनुसार मध्यप्रदेश शासन ने आरक्षित वन घोषित करने का विनिश्चय किया है। तदाशय की अधिसूचना मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 23 जुलाई 1969 को प्रकाशित की जा चुकी है। जिसमें वन की स्थिति एवं सीमाएं विनिर्दिष्ट की गई है। यह भूमि आरक्षित हो जाने पर किसी भी प्रकार का दखल, प्रवेश, उपयोग, मार्ग, एवं चराई अधिकार, वनोपज संबंधी अधिकार, उत्खनन संबंधी अधिकार, कृषि आदि जीवकोपार्जन अधिकार बंद एवं प्रतिबंधित हो जावेगा। उल्लघंन होने पर भारतीय वन अधिनियम 1927 वन संरक्षण अधिनियम 1980 एवं अन्य सुसंगत वन विधियों व विधानों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकेगी। अतः एत्तद द्वारा अपेक्षा की जाती है कि, इस उद्घोषणा के प्रकाशन दिनांक से तीन माह की अवधि के अन्दर कोई भी या समस्त हितग्राही व्यक्ति, पक्षकार आदि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी अनुभाग रायसेन के समक्ष उपस्थित होकर अपने अधिकार, दावाकृत प्रतिकार, स्वत्व आदि बावत् प्रमाणों, दस्तावेजों सहित लिखित सूचना, आपत्ति आदि प्रस्तुत करें तथा प्रमाणित करें। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जाएगा। आज दिनांक 10.07.2025 को उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

(मुकेश सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी, पदेन वन व्यवस्थापन अधिकारी अनुभाग रायसेन जिला रायसेन
G-15835/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

## चिंतन

# टीआरएफ के आतंकी संगठन घोषित होने से पाक बेनकाब

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दूसरी पारी में अमेरिकी नीतियों में अस्थिरता और पाकिस्तान के प्रति झुकाव के बावजूद अमेरिका का पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करना न केवल भारत की कूटनीतिक जीत है, बल्कि इस आतंकी हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी गुटों के हाथ की पुष्टि भी है। पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) है। पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ ने ली थी, हालांकि बाद में पाकिस्तान एस्टाब्लिशमेंट के कहने पर टीआरएफ अपने दावे से पीछे हट गया था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि यह कार्रवाई पहलगाम हमला मामले में न्याय संबंधी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख पर काम करने की अमेरिका की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विदेश नीति व कूटनीतिक परिपाटी का उल्लंघन करते हुए ट्रंप ने भारत व पाक के बीच युद्ध विराम पर सहमति का पहले ऐलान कर नई दिल्ली को असहज कर दिया था। इस दौरान ऐसी स्थिति बनी कि अमेरिका पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखा। पाक के सेना प्रमुख ने पीओके में भारत व हिंदुओं के खिलाफ भड़काऊ बयान दिया, उसके कुछेक दिनों बाद ही पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ, जिसमें धर्म पूछ कर निहत्थे निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया। इस आतंकी हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों का स्पष्ट हाथ था, जिसके खिलाफ भारत ने ऑपरेशन सिंदूर किया। इस दौरान भारतीय सेना ने पाक सरकार के प्रतिष्ठानों, सैन्य ठिकाने और आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया, केवल आतंकवादी गुटों के अड्डों पर टार्गेटेड हमले किए। लेकिन पाकिस्तान ने भारत पर हमले शुरू कर दिए, सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, जिसका भारत ने करारा जवाब दिया। यह सब जानते हुए भी ट्रंप ने पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को ह्वाइट हाउस में दावत पर बुलाया और स्पेशल ट्रीटमेंट दी। हालांकि अमेरिका की यह कूटनीतिक कवायद पाकिस्तान को साधने की थी कि जब वो ईरान पर हमला करे, तो पाकिस्तान ईरान का साथ न दे। लेकिन इसकी टाइमिंग ने ट्रंप को आतंकवाद के पालक-पोसक और पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार पाकिस्तान के साथ खड़ा कर दिया। अब अमेरिका द्वारा टीआरएफ को आतंकवादी संगठन घोषित करने से पाकिस्तान वैश्विक स्तर पर बेनकाब हो गया है। भारत ने अमेरिका के इस फैसले का स्वागत किया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद रोधी अमेरिकी प्रतिबद्धता की सराहना की है, लेकिन अमेरिका की अस्थिर नीतियों के चलते अभी भारत को पैनी नजर वाशिंगटन पर रखनी चाहिए कि उसकी प्राथमिकताओं में आतंकवाद को खाद-पानी देने वाला पाकिस्तान कहां है। कहीं टैरिफ वार्ता से पहले अमेरिका का फैसला भारत को संतुष्ट करने के लिए तो नहीं है? भारत ने कई वैश्विक मंचों और द्विपक्षीय वार्ता में पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित किए जाने की वकालत की है। अब देखना है कि अगर अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ इतना ही प्रतिबद्ध है तो क्या वह पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित करेगा? इस दिशा में वह कोई कदम उठाता है या नहीं। पहलगाम हमला 2008 में लश्कर-ए-तैयबा द्वारा किए गए मुंबई हमलों के बाद भारत में नागरिकों पर सबसे घातक हमला था। टीआरएफ ने भारतीय सुरक्षा बलों के खिलाफ कई हमलों की जिम्मेदारी भी ली है, जिनमें 2024 में किया गया हमला भी शामिल है।



विश्लेषण
अवधेश कुमार

छांगुर उर्फ जिंदा पीर ऊर्फ जलालुद्दीन को जिन्होंने कपड़ों की फेरी लगाते, अंगूठी, नग, माला देते देखा होगा, उन्होंने सपने में भी उसके वर्तमान रूप की कल्पना नहीं की होगी। ऐसा व्यक्ति, जिसका अपने समाज में भी महत्व नहीं हो, 500 करोड़ से ज्यादा का साम्राज्य खड़ा कर ले, विदेशों में भी उसका नेटवर्क हो जाए, हिंदू लड़कियों-महिलाओं को मुसलमान बनाता रहे और उसके विरुद्ध शिकायत करने वाले की ही शामत आ जाए तो इसके विश्लेषण के लिए शब्द ढूंढने पड़ेंगे। भारत के हिंदुओं या सनातनियों को समझ में आना चाहिए कि चारों तरफ उनके विरुद्ध अलग-अलग तंत्र के रूप में घात लगाए हर अस्तर से शक्तिशाली शिकारियों का झुंड बैठा है।

# छांगुर का इस्लामीकरण जाल

उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में हिंदुओं को मुसलमान बनाने का जैसा तंत्र सामने है, वह देश के प्रत्येक व्यक्ति के लिए चेतावनी है। यह स्वतंत्र भारत का अब तक का एक व्यक्ति केंद्रित हिंदुओं को मुसलमान बनाने का ऐसा सबसे बड़ा तंत्र सामने आया है जो कंपनी की तरह व्यवस्थित है, जिसकी अनेक परतें हैं। इसमें हिंदुओं को फंसाने, बरगलाने के लिए युवक - युवतियों की तैयार फौज सक्रिय है। उनकी संख्या बढ़ाई जा रही है और तंत्र के स्थायी देशव्यापी ठोस ढांचे के रूप में विस्तृत होने की प्रक्रिया भी जारी है। छांगुर उर्फ जिंदा पीर ऊर्फ जलालुद्दीन को जिन्होंने कपड़ों की फेरी लगाते, अंगूठी, नग, माला देते देखा होगा, उन्होंने सपने में भी उसके वर्तमान रूप की कल्पना नहीं की होगी। ऐसा व्यक्ति, जिसका अपने समाज में भी महत्व नहीं हो, 500 करोड़ से ज्यादा का साम्राज्य खड़ा कर ले, विदेशों में भी उसका नेटवर्क हो जाए, हिंदू लड़कियों - महिलाओं को मुसलमान बनाता रहे और उसके विरुद्ध शिकायत करने वाले की ही शामत आ जाए तो इसके विश्लेषण के लिए शब्द ढूंढने पड़ेंगे। देश-विदेश में मोटा-मोटी तीन दर्जन बैंक खाते, जिनमें लगातार धन आ और निकल रहे हों, किसी बड़ी कंपनी की गतिविधियों जैसी है। बलरामपुर का मधुपुर गांव उत्तर प्रदेश एटीएस यानी आतंक विरोधी दस्ता, पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों, आयकर विभाग, ईडी से लेकर मीडिया की गतिविधियों का केंद्र बना है।

प्राथमिक सूचना थी कि वह लगभग 1500 हिंदुओं को इस्लाम मजहब में ला चुका है किंतु अब कई गुना ज्यादा संख्या सामने आ सकती है। इस घटना के अभी अनेक पहलू रहस्य में हैं। उसके बारे में नियमित हैरत में डालने वाली नई जानकारियां सामने आ रहीं हैं जो धरातल पर थीं। गांव में तीन बीघे में बना हुआ 70 कमरे का आलीशान मकान जिसमें सारी आधुनिक सुख - सुविधायें और निर्माण ऐसा कि लोगों को बंद कर कुछ भी कर दिया जाए तो बाहर पता न चले। आठ बुलडोजर को 40 कमरे वाले हिस्से को तोड़ने में तीन दिन लगे। उसकी कहानी पर सहसा विश्वास नहीं होता। उसकी ताबीज़ या नगों से कुछ लोगों को कठिनाइयों से थोड़ी बहुत मुक्ति मिली तो उन्होंने छांगुर को पीर मानना शुरू किया और उसकी ख्याति बढ़ी। पत्नी को प्रधानी का चुनाव लड़वाया, वह दो बार जीती और क्षेत्र में उसका कद बढ़ा। इसके पीछे भी कितने लोगों का दिमाग था इसकी परतें खुलनी अभी बाकी हैं। नीतू और नवीन के मुसलमान बनने के दस्तावेज दुबई के हैं। यह कैसे संभव हुआ? वे अनेक बार विदेश गए। दोनों के 19 बार दुबई जाने के रिकॉर्ड हैं जिनमें केवल एक बार साथ गये! अजीब रहस्य है। ईसाई मिशनरियां दलितों व जनजातियों को लक्ष्य बनाकर धर्मांतरण करतीं हैं। उनके पास हर क्षेत्र का जनांकिकीय डाटा है। उसने वहां से डाटा हासिल किया और उत्तर प्रदेश के अलावा 550 से ज्यादा जिलों की पहचान की थी, जहां हिंदू युवतियों-महिलाओं को मुस्लिम बनाने का योजनाबद्ध अभियान चलना था। सोचिए, कितनी बारीकी से वह भारत के इस्लामीकरण पर काम कर रहा था और हिंदू या गैर मुस्लिम बहुसंख्य समाज में उसका बाल तक बांका नहीं हुआ। उसके अकेले के दिमाग की बात नहीं हो सकती। क्या यह आपको नए सिरे से ऐसे तत्वों के मुकाबले के लिए



भूमिका तैयार करने की चेतावनी नहीं है? हिंदू जाति व्यवस्था का ताना देने वाले ध्यान रखें कि बड़ी संख्या में ब्राह्मण और राजपूतों की लड़कियों ने छांगुर तंत्र के प्रभाव- दबाव में इस्लाम कबूल किया है। नीतू वोरा और नवीन वोरा ही नसरीन और जमालुद्दीन कैसे बन गए? इनके मामले में जाति पहलू नहीं है। मुंबई में व्यापार करने वाले दोनों पति-पत्नी कठिनाई में संपर्क में आए। वह मुंबई जाने पर उन्हीं के यहां ठहरने लगा। इन दोनों ने तय कर लिया कि गांव में उसके साथ ही रहना है और इसलिए संपत्ति बेची। छांगुर की हिंदुओं के इस्लामीकरण की कल्पना को साकार करने के लिए जिंदगी लगा दी। घर के साथ शहर की जमीन, दुकानें भी नीतू के नाम है। इनके खातों में ही ज्यादा धन आए और निकले। कोई अपने विचार से मजहब बदले यह उसका अधिकार है। किंतु धन, बाहुबल और हर तरीके से जाल में लाकर, विवश कर इस्लामीकरण का यह तंत्र अपराधियों माफियाओं का गिरोह जैसा था। शायद छांगुर का भयानक तंत्र कायम रहता यदि चंगुल में फंसी कुछ लड़कियां, महिलायें बाहर नहीं आती। एक घटना में अनाम से संगठन विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने जब लखनऊ में कुछ की हिंदू धर्म में वापसी का हवन किया और मीडिया में बातें आई, तब देश के संज्ञान में आया कि छांगुर इन सबके पीछे है। यह स्थिति डराने के साथ खीझ भी पैदा करती है कि एक व्यक्ति सरेआम हिन्दुओं को मुस्लिम बनाने की इस्लामी कॉर्पोरेट शैली में कंपनी खड़ी कर उत्तर प्रदेश से विदेश तक विस्तारित कर लेता है और पुलिस, प्रशासन, संगठनों, जनप्रतिनिधियों को इतने वर्षों तक पता नहीं चलता। उसने मुख्य मार्ग से अपने किले तक 500 मीटर सड़क बना ली। 50 कमांडो तैयार किए जो खुलेआम चलते थे। ऐसा संभव नहीं कि लोग पुलिस, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों तक शिकायत लेकर नहीं गये हों। पुलिस प्रशासन में हैसियत ऐसी कि छांगुर के सहयोगी ने भागकर पुलिस में शिकायत की, पर उसके विरुद्ध ही धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज हो गया। उसके खातों में विदेश से पैसे आते रहे, उसके लोग असामान्य रूप से विदेश जाते- आते रहे और केंद्रीय एजेंसियों के कान खड़े नहीं हुए। तो इसके अर्थ क्या हैं? यह सच है कि केंद्र और अनेक प्रदेशों में भाजपा की सरकारें आने के बाद स्थिति बदली है और आज केंद्र तथा प्रदेश की भाजपा सरकार के कारण ही कार्रवाई संभव हो सकी। बावजूद स्वीकारना होगा कि अभी भी मजहबी मतांतरण, लव जिहाद, मजार, मदरसों के नाम जमीन कब्जा करने आदि अनेक मामलों की आरंभिक शिकायत पुलिस प्रशासन गंभीरता से नहीं लेता।

प्रायः संगठनों, राजनीति का रवैया भी उत्साहजनक नहीं रहता तथा उनके विरुद्ध काम करने वालों के जीवन में ही संकट पैदा हो जाते हैं। अभी तक भाजपा विरोधी पार्टियों, एक्टिविस्टों, मीडिया के पुरोधाओं में से किसी ने इस पर सामान्य विरोधी प्रतिक्रिया भी व्यक्त नहीं की है। क्या निर्दोष, निरपराध हिंदू लड़कियों-महिलाओं की इज्जत, गरिमा, उनके मानवाधिकार का महत्व नहीं? इसका उत्तर उनसे मांगा जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के अंदर ऐसा होना बताता है कि पूरे एप्रोच में आमूल बदलाव की आवश्यकता है। भारत में इस्लामिक कट्टरता का मुख्य आधार उत्तर प्रदेश है। पुलिस प्रशासन का भ्रष्टाचार, अनेक नेताओं की दिशाहीनता तथा कायरता ही इसके पीछे मूल कारण है। भारत के हिंदुओं या सनातनियों को समझ में आना चाहिए कि चारों तरफ उनके विरुद्ध अलग-अलग तंत्र के रूप में घात लगाए हर अस्तर से शक्तिशाली शिकारियों का झुंड बैठा है। आप चौकन्ने रहकर उनके मुकाबले के लिए तैयार नहीं हैं तो फिर कोई सरकार या व्यवस्था आपको हिंदू या सनातनी के रूप में बचा नहीं सकती।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## उपलब्धि

हर्षवर्धन पान्डे




# मप्र के स्वच्छता मॉडल ने पेश की नई मिसाल

मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब अपने नाम किया है। इंदौर ने 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों की सुपर स्वच्छ लीग सिटीज कैटेगरी में ओवरऑल पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि न केवल इंदौरवासियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह शहर की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता, नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और नगर निगम के बेहतरीन नवाचारों का परिणाम है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित इस सर्वेक्षण में इंदौर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक संस्कृति है। इंदौर पूर्व में सात बार देश के स्वच्छतम शहर का पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में स्वच्छ लीग पुरस्कार प्राप्त हुआ, जो गर्व का विषय है। इसी प्रकार 20 हजार से कम आबादी वाले नगरों की श्रेणी में बुधनी नगर को भी सम्मानित किया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में मध्यप्रदेश के अन्य शहरों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इंदौर के साथ भोपाल, देवास, शाहगंज, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन एवं बुधनी को भी विभिन्न श्रेणियों में स्वच्छता पुरस्कार मिला है। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में शीर्ष स्थान मिला है जबकि 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में भोपाल दूसरे, जबलपुर पांचवें और ग्वालियर 14वें स्थान पर रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में स्वच्छता में प्रॉमिसिंग शहर का स्टेट अवार्ड ग्वालियर को मिला है। इसी तरह से 50 हजार से तीन लाख जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में देवास प्रथम स्थान पर रहा। मध्यप्रदेश ने कुल आठ राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल किए जिससे राज्य ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की।

इंदौर की स्वच्छता की सफलता का श्रेय शहर के कचरा प्रबंधन, जन जागरूकता और नवाचारों को जाता है। इंदौर के स्वच्छता मॉडल ने शहर को कचरा-मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इंदौर में खुले में कचरा फेंकना पूर्णतः प्रतिबंधित है। शहर में कचरा डंपिंग को शून्य करने के लिए सभी कचरे की प्रोसेसिंग की जाती है। गीले कचरे से खाद बनाई जाती है, जबकि सूखे कचरे को रिसाइकिल कर अनेक उत्पाद बनाए जाते हैं। इंदौर की सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी भी है। स्वच्छता के प्रति नागरिकों का जुनून और सामूहिक प्रयास इस मॉडल को अनूठा बनाते हैं। नगर निगम ने विभिन्न जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया है। इंदौर ने कचरा प्रबंधन के लिए हाई-टेक सिस्टम विकसित किया है। कचरा संग्रहण वाहनों की हर गतिविधि को जीपीएस के माध्यम से ट्रैक किया जाता है। एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियंत्रण कक्ष से हर सेकंड की गतिविधि की निगरानी की जाती है। इंदौर में एशिया का सबसे बड़ा बायो-मीथेन गैस प्लांट स्थापित किया गया है जो गीले कचरे से बायो-गैस और खाद उत्पादन करता है। इसके अतिरिक्त, भारत का पहला पीपीपी मॉडल आधारित हरित कचरा प्रसंस्करण संयंत्र भी इंदौर में स्थापित है जो लकड़ी और पत्तियों से पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद बनाता है। एक दौर ऐसा भी था जब इंदौर की सड़कों पर कचरा देखा जाता था लेकिन आज यह शहर कचरे से सीएनजी और खाद बनाने में अग्रणी है। इंदौर नगर निगम ने कचरे के शत-प्रतिशत पृथक्करण और रीसाइक्लिंग को सुनिश्चित किया है। भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में इंदौर ने न केवल देश में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है। आज इंदौर का स्वच्छता मॉडल जनभागीदारी, तकनीकी नवाचार और प्रशासनिक दक्षता का एक अनूठा संगम बना है। यह मॉडल भारत के अन्य शहरों के लिए भी एक प्रेरणा बन चुका है। इंदौर का स्वच्छता मॉडल न केवल एक शहर की स्वच्छता की कहानी है बल्कि यह दर्शाता है कि सामूहिक इच्छाशक्ति, तकनीकी नवाचार और प्रशासनिक दृढ़ता के साथ कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। नगर निगम ने कचरा प्रबंधन के लिए नवाचारी योजनाएँ बनाई और उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया। यह मॉडल न केवल स्वच्छ भारत मिशन का प्रतीक है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का भी एक जीवंत उदाहरण है। यह मॉडल पूरे देश के लिए एक प्रेरणा है कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक जीवनशैली हो सकती है। इंदौर ने आठवीं बार स्वच्छता रैंकिंग में देश में शीर्ष स्थान पर रहकर यह साबित कर दिया है कि यदि इरादे मजबूत हों तो देश का कोई भी इलाका कचरे के ढेर से निकलकर स्वच्छता की मिसाल बन सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## प्रयास करके मानव खोल सकता है सफलता के द्वार



संकलित
**दर्शन**

मानव के विषय में धर्म शास्त्रों के स्वर बहुत उच्च कोटि के हैं। मानव को विश्व का श्रेष्ठ तम प्राणी तो स्वीकार किया ही है, मानव को अपार क्षमता का भंडार बताया गया है। यह सत्य है क्यों कि हम देखते हैं कि कुछ व्यक्ति निश्चित ही अद्भुत क्षमता, प्रतिभा लिए होते हैं। इसका अर्थ है सभी मानवों में वे योग्यताएं रही हुई है। अन्तर केवल इस बात का है कि कुछ व्यक्ति प्रयास करके अपनी क्षमताओं का जागरण कर लेते हैं कुछ यह नहीं कर पाते। जो यह प्रयास नहीं कर पाते, वे समझने लगते हैं कि उसको परमात्मा की देन है हम उससे वंचित है किन्तु वास्तविकता यह नहीं है। परमात्मा किसी को कुछ देता नहीं है और यदि वह देगा तो सभी को बराबर देगा। भेद भाव क्यों करेगा। उच्च पुरुष भी भेद भाव नहीं करते तो परमात्मा भेद भाव कैसे करेगा ? वास्तव में परमात्मा कुछ देता नहीं है किसी को। जिसको सफलताएं मिलती है उसे उसके प्रयास से मिलती है और जो जीवन में कुछ भी नहीं कर पाता है तो यह उसकी ही अकर्मण्यता है। परमात्मा को दोष नहीं देना चाहिए। कालीदास बचपन में निरक्षर थे किन्तु प्रयास कर के महान विद्वान बन गए। सफलता प्राप्त व्यक्तियों का सर्वदा एक ही मार्ग रहा है प्रयास। प्रयत्न करते हुए व्यक्ति को कोई परास्त नहीं कर सकता। मानव की चेतना का मौलिक स्वरुप परमात्मा मय है अतः आत्म विश्वास पूर्वक सही दिशा में प्रयत्न करें तो वह अपने जीवन की सफलता के सारे द्वार खोल सकता है। उसका प्रयत्न ही वह चाबी है जिसका उसे प्रयोग करना है। **-कांतिलाल मांडोत,** सूरत


## गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित
**प्रेरणा**

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। गुरु तो रोज खूब मेहनत करते थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिये। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजियेगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है ? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दियाः राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है.. गुरूजी ने कहाः राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहाँ पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

## सटाका




## आज की पाती

### जनप्रतिनिधियों की शपथ में हो समीचीन बदलाव

भारतीय संविधान में व्यवस्था है कि हर मंत्री, विधायक, सांसद और राष्ट्रपति तक, सभी जन-प्रतिनिधि शपथ उठाते हैं कि वे पद की गरिमा एवं गोपनीयता का निर्वहन करेंगे और संविधान तथा देश की जनता के प्रति उत्तरदायी रहेंगे। जवाबदेह रहना भी चाहिए। यह एक बहुत ही अच्छी व्यवस्था है। सब बेहतरी के लिए ही है। इस शपथ में और कुछ शब्द जोड़े जा सकते हैं, कि बड़बोलेपन, भाई-भतीजावाद, घोटालों और क्षेत्रवाद से दूर रहूंगा और पक्षपात से हमेशा तौबा करूंगा। यह भी शपथ में शामिल हो कि, यदि जनाकांक्षाओं पर खरा न उतरूं, तो पद त्याग दूंगा, क्योंकि निर्वाचन के बाद नेताओं का व्यवहार बदल जाता है। - **सचिन देशपांडे**, दुर्ग

## ट्रेंड

### घुसपैठियों पर कार्रवाई



अवैध प्रवासियों पर लगातार कार्रवाई। 12 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है और कछार व श्रीभूमि के रास्ते बांग्लादेश वापस भेज दिया गया है। हम अवैध घुसपैठियों पर कोई रहम नहीं करेंगे और अपना कड़ा रुख जारी रखेंगे।
**-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### 125 यूनिट बिजली मुफ्त



हम शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा।
**-नीतीश कुमार, सीएम, बिहार**

### इस्लाम-कुरान पर चुप्पी



कथित धर्मनिरपेक्ष नेताओं की सारी 'धर्मनिरपेक्षता' सिर्फ हिंदू धर्म और उसकी आस्थाओं पर टिप्पणी करने तक ही सीमित रहती है लेकिन जैसे ही बात इस्लाम और कुरान पर आती है तो वही नेता अचानक 'चुप्पी' साध लेते हैं।
**-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

### मनुवादी व्यवस्था



हरियाणा के सिरसा में दलित युवक की हत्या और उसके परिवार के साथ बर्बरता सिर्फ एक अपराध नहीं है - यह भाजपा-आरएसएस के मनुवादी सिस्टम का वो घिनौना चेहरा है जो बहुजनों के जीवन को सस्ता समझता है।
**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

### श्रीलंका में चेम्मानी सामूहिक कब्रगाह से बच्ची के अवशेष मिले

श्रीलंका के जाफना जिले में एक सामूहिक कब्रगाह से निकाले गए मानव अवशेषों में चार–पांच साल की एक लड़की के कंकाल की पहचान की गई है। 1990 के दशक के मध्य में लिट्टे संघर्ष के दौरान पहली बार यह कब्र चर्चा में आई थी। वकील जगनाथन तथपरन ने कहा, "फोरेंसिक पुरातत्वविद् राज सोमदेव ने चेम्मानी में स्थित सामूहिक कब्र की खुदाई के निष्कर्षों की रिपोर्ट 15 जुलाई को जाफना मजिस्ट्रेट की अदालत को दी थी।" राज सोमदेव इस खुदाई की देखरेख कर रहे थे। इस वर्ष के आरंभ में, न्यायालय ने सामूहिक कब्र स्थल पर नियमित विकास कार्य के दौरान मानव कंकाल के अवशेष मिलने के बाद कानूनी निगरानी में खुदाई का आदेश दिया था।



तथपरन ने बताया कि बच्ची के अवशेष के साथ स्कूल बैग और खिलौने मिले हैं। सोमदेव ने अदालत को बताया कि वह 4–5 साल की उम्र की एक लड़की थी। वकील ने बताया कि कपड़ों और शारीरिक विशेषताओं में समानता के आधार पर दो और कंकाल भी बच्चों के होने का संदेह है। चेम्मानी स्थल ने पहली बार 1998 में सभी का ध्यान आकर्षित किया था, जब एक श्रीलंकाई सैनिक ने वहां सामूहिक कब्रों के अस्तित्व के बारे में गवाही दी थी। वहां 1990 के दशक के मध्य में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) और श्रीलंका सरकार के बीच संघर्ष के दौरान कथित तौर पर मारे गए सैकड़ों नागरिकों की कब्रें थीं।

## ऑफ बीट

### 50 हजार साल पहले से आग का इस्तेमाल किया जा रहा

2,50,000 साल पहले स्पेन में एक स्थान पर मनुष्यों के पूर्वजों या वनमानुष द्वारा आग के नियंत्रित इस्तेमाल के सबूत मिले हैं। यह यूरोप में आग नियंत्रण के



शुरुआती सबूतों से 50,000 साल पुरानी बात है। यह अध्ययन 'नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट्स' में प्रकाशित हुआ है। मनुष्यों के पूर्वजों तथा आग के अवशेषों का एक ही स्थान पर मिलना वाकई खास है। यूरोप के बाहर मनुष्यों द्वारा प्राकृतिक आग का इस्तेमाल करने के सबसे पुराने सबूत दक्षिण अफ्रीका में स्वार्टक्रान गुफा से मिलते हैं जहां 10 से 15 लाख वर्ष पहले पशुओं की सैकड़ों जली हुई हड्डियों के साथ वनमानुष के अवशेष पाये गये। मनुष्यों द्वारा जलाई आग के सबसे शुरुआती सबूतों से लगभग एक लाख साल आगे : इजराइल में 7,90,000 साल पुरानी ग्रेशर बेनोट याआकोव नामक एक खुली जगह है। इस स्थान पर मिले साक्ष्यों में जले हुए पौधे और पत्थर के जले हुए औजार शामिल हैं। इजराइल में क्वेसेम गुफा और ताबुन गुफा जैसे अन्य स्थानों पर ही आग जलाये जाने के ऐसे ही सबूत मिले हैं। यूरोप में आमतौर पर यह स्वीकार किया जाता है कि वनमानुष ने कम से कम 3,50,000 साल पहले आग का नियमित रूप से इस्तेमाल किया। कुछ संकेत मिले हैं कि अग्नि नियंत्रण का संबंध एश्यूलिन नामक पत्थर औजार तकनीक के विस्तार से जुड़ा है।

## खबर संक्षेप

### धार के सरदारपुर में 6 मोर मृत मिले

**भोपाल।** धार जिले के वन परिक्षेत्र सरदारपुर की सब रेंज बदनावर बीट राजौद अंतर्गत ग्राम आनंदखेड़ी के राजस्व क्षेत्र में कोटेश्वर नदी के किनारे 6 मोर मृत पाए गए। वन मंडलाधिकारी धार अशोक कुमार सोलंकी ने बताया कि मोर की मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर परिक्षेत्र अधिकारी सरदारपुर द्वारा मौका पर जाकर जाँच की गयी। जांच में मौके पर पंचनामा तैयार कर वैधानिक कार्रवाई कर वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। शासकीय पशु चिकित्सा अधिकारी धार द्वारा मृत पक्षी मोर के शवों का परीक्षण किया गया।

### प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

**भोपाल।** प्रदेश में प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 का आयोजन 31 अगस्त को किया जाएगा। इसको लेकर मप्र कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा कार्यक्रम जारी कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग और यह परीक्षा स्कूल शिक्षा विभाग में 10150 पद जनजातिया कार्य विभाग 2939 पदों के लिए आयोजित की जा रही है। ऑनलाइन आवेदन शुक्रवार से शुरू हो गए है। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 1 अगस्त है। आवेदन पत्र में संशोधन करने की प्रारंभिक तिथि भी 18 जुलाई है, और संशोधन की अंतिम तिथि 6 अगस्त है।

### सांसद शर्मा ने किया अमृत फार्मेसी का लोकार्पण

**भोपाल।** अमृत फार्मेसी भारत सरकार की एक प्रमुख स्वास्थ्य सुविधा पहल है, जिसके माध्यम से आम जनता को जीवनरक्षक और अन्य आवश्यक दवाएं रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जाती हैं। इस फार्मेसी में मरीजों को बाजार मूल्य से 60 प्रतिशत तक सस्ती दरों पर दवाएं, सर्जिकल उत्पाद आदि उपलब्ध होंगे। यह बात भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने शुक्रवार को बीएमएचआरसी में अमृत फार्मेसी का लोकार्पण करते हुए कही। सांसद शर्मा ने अस्पताल के नेत्र बैंक का अवलोकन कर बीएमएचआरसी के चिकित्सकों व अधिकारियों के साथ बैठक की। शर्मा ने बीएमएचआरसी के नेत्र बैंक (आई बैंक) में कॉर्निया प्रत्यारोपण की प्रक्रिया की जानकारी ली।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुलताई में किया कार्यकर्ताओं को संबोधित, बैतूल में की बैठक

# भाजपा कार्यकर्ता मेरा जीवन और प्राण... उनके सम्मान में कभी कमी नहीं आने दूंगा: खंडेलवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल शुक्रवार को प्रवास के दौरान मुलताई पहुंचे, यहां पार्टी कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने जगह-जगह ढोल-ढमाकों, आतिशबाजी और पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने स्वागत में कार्यकर्ताओं के उमड़े सैलाब का हाथ जोड़कर अभिवादन करते हुए कहा कि कार्यकताओं से मिले अपार प्रेम और आत्मीयता से मैं अभीभूत हूं। भाजपा कार्यकर्ता मेरा जीवन व प्राण हैं। उनके सम्मान में कभी भी कमी नहीं आने दूंगा। पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता ने जो प्यार व स्नेह दिया, उसका कर्ज जीवन भर नहीं उतार पाऊंगा। भाजपा एक परिवार है, मुझे पार्टी ने नया दायित्व सौंपा है, मैं आप सभी के सहयोग से इस दायित्व का निर्वहन करूंगा। यह दायित्व मिलने के बाद भी मैं पहले जैसा था, वैसा ही आज भी आपके साथ हूं और आगे भी आपके साथ रहूगा। प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने बैतूल में जिला भाजपा कार्यालय में जिला पदाधिकारी व प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक एवं प्रबंध समिति की बैठक को संबोधित कर स्थानीय कार्यकर्ताओं से भेंट की।

### संगठन को और मजबूत बनाने की जिम्मेदारी हम सभी की



खण्डेलवाल ने कहा कि आप कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी अब और बढ़ गई है, क्योंकि मैं प्रदेशभर में संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने में लगा रहूंगा। हम सभी कार्यकर्ता पार्टी संगठन को और आगे ले जाने का कार्य करेंगे। भाजपा राजनीतिक दल के साथ एक परिवार भी है और पार्टी कार्यकर्ता परिवार के सदस्य हैं। पार्टी संगठन मजबूत हो, हर कार्यकर्ता को सम्मान महसूस हो, इसका मैं पूरा प्रयास करूंगा।

### श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का संगम है कांवड़ यात्रा



खण्डेलवाल ने मुलताई में ताप्ती उद्गम स्थल ताप्ती सरोवर से कांवड़ यात्रा का शुभारंभ किया एवं कांवड़ यात्रा में शामिल होकर नगर भ्रमण किया। उन्होंने कांवड़ यात्री शिव भक्तों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कांवड यात्रा केवल यात्रा नहीं, बल्कि श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का संगम है। उन्होंने नागपुर नाका मुलताई में संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

## जिला मलेरिया अधिकारी ने किया कोलार अस्पताल का निरीक्षण



**भोपाल।** जिला मलेरिया अधिकारी स्मृता नामदेव एवं डॉ. सुदर्शना शर्मा द्वारा शुक्रवार को सीएचसी कोलार का भ्रमण किया गया। वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत लैब मे मलेरिया की जांच के संबंध आवश्यक निर्देश दिए गए।

मलेरिया कार्यालय में जोन क्रमांक 5 से 8 तक के कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली गई, जिसमें नई दवा नीति 2013 द्वारा मलेरिया उपचारित किया जाए। मलेरिया विवक्स इन्फेक्शन मे 14 दिन का उपचार पूर्ण दिया जाए एवं फालसिपारम इन्फेक्शन में तीन दिवस की कॉम्बिनेशन थेरेपी दी जाए। डेंगू एडीस मछर के लार्वा विनस्टीकरण के लिए घर-घर में जमे पानी में जला हुआ तेल, कबाड़ का उचित निष्पादन, गमले टायर एवं अन्य अनुपयोगी सामान को हटाने संबंधी समस्त कर्मचारियों को निर्देशित किया गया।

# तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के काम के बंटवारे में होगा बदलाव

- रेवेन्यू कोर्ट बंद नहीं होंगे, 12 जिलों में लागू होगी नई व्यवस्था
- उप तहसीलों को मर्ज करने पर राजस्व विभाग का प्रस्ताव रुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के काम के बंटवारे में बदलाव होने जा रहा है। शुरुआती तौर पर 31 जुलाई तक 12 जिलों में नई व्यवस्था लागू की जाएगी। इन जिलों में राजस्व संबंधी या तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के काम के तरीकों में जो कमियां सामने आएंगी उसे सुधारकर एक अगस्त से पूरे प्रदेश में इसे लागू किया जाएगा।

दरअसल, राजस्व न्यायालयों की संख्या कम करने सरकार के फैसले का तहसीलदारों की ओर से किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद राज्य सरकार ने यू टर्न ले लिया है। प्रमुख सचिव (राजस्व) विवेक पोरवाल ने कहा कि कोई भी राजस्व न्यायालय बंद नहीं होगा। सभी रेवेन्यू कोर्ट पहले की तरह काम करते रहेंगे। सिर्फ तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के काम के बंटवारे में बदलाव किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह गलत बात सामने आ रही है कि रेवेन्यू कोर्ट बंद हो रहे हैं। उनकी ओर से कैबिनेट के फैसले के बाद जो आदेश जारी किया गया है, उसमें साफ लिखा है कि सभी रेवेन्यू कोर्ट चलते रहेंगे। उनमें कोई बदलाव नहीं होगा। पोरवाल ने कहा कि शुरुआत में जिन 12 जिलों में तहसीलदारों से रेवेन्यू कोर्ट और लॉ एंड ऑर्डर का काम अलग-अलग कराने का फैसला किया गया है, उनमें भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी, उमरिया, शहडोल शामिल हैं।

सैनिक सम्मेलन एवं आवासीय समिति की बैठक

## 7वीं वाहनी विशेष सशस्त्र बल में अनुशासन एवं मर्यादित जीवन अभियान की नवीन पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेनानी 7वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल द्वारा सैनिक सम्मेलन एवं आवासीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेनानी हितेश चौधरी द्वारा अनुशासन एवं मर्यादित जीवन अभियान नवीन पहल के साथ किया गया। यह अभियान इकाई में 3 माह से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का प्रारंभ 7 कर्मचारियों से किया गया था। वर्तमान में इकाई में 13 कर्मचारी इस अभियान से जुड़ चुके है। सभी 13 कर्मचारियों को मोटिवेशनल सेमिनार के लिए भेजा गया।

उक्त सेमिनार के प्रभावस्वरूप 2 कर्मचारियों द्वारा मादक पदार्थों के सेवन से पूर्णतः विमुक्त होने का संकल्प लेते हुए स्वस्थ एवं मर्यादित जीवन शैली को अपनाया गया। उक्त अभियान के सफल संचालन में निरीक्षक मुख्य समवाय संदीप राजावत एवं सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र गुर्जर का विशेष योगदान रहा। आवासीय समिति की बैठक में सेनानी द्वारा वाहिनी की आवासीय परिसर में निवासरत पुलिस परिवारों के सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित जीवन-यापन हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के दौरान सेनानी विशेष रूप से आवासीय परिसरों में मूलभूत सुविधाओं की सुदृढ़ता जैसे स्वच्छ पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सड़कें, जल निकासी एवं सार्वजनिक प्रकाश की व्यवस्था पर बल दिया। उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए परिसर की नियमित साफ-सफाई और वातावरण के लिए सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

### पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

एशियन योगासन स्पोर्टस चैंपियनशिप में आरक्षक 132 सुरेश परमार द्वारा स्वर्ण पदक, अखिल भारतीय पुलिस वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में योगा इंवेट में महिला आरक्षक वर्षा परिहार एवं नेहा सिंह द्वारा रजत पदक, पॉवरलिफ्टिंग इंवेट में महिला आरक्षक कुसुमलता सरौते द्वारा रजत पदक तथा पेंचक सिलाट इंवेट में महिला आरक्षक तृप्ति पांडेय द्वारा स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता को सेनानी द्वारा सम्मानित किया गया।





### विवि में मनमानी, भ्रष्टाचार पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही?

प्रदेश के ऐसे कई विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थाएं हैं, जिनमें मनमानी और भ्रष्टाचार की खबरें आए दिन आती रहती हैं। हाल ही में राजधानी के एक विश्वविद्यालय में भी ऐसी शिकायतें बड़े साहब तक पहुंच गई। यहां छात्रों ने शिकायत की, फिर प्रबंधन ने भी अपना पक्ष रख दिया। ऐसे केवल एक नहीं, प्रदेश के कई विश्वविद्यालय अथवा शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान हैं, जहां प्रबंधन के अधिकारियों-कर्मचारियों से लेकर प्रोफेसर्स की मनमानी और उनके भ्रष्टाचार सामने आए हैं। कुछ में तो कड़ी कार्रवाई हो गई, लेकिन कुछ में अब तक जांच ही चल रही है। ऐसे में मनमानी और भ्रष्टाचार के मूल तक पहुंचने में कामयाबी नहीं मिली है। आखिर यह कामयाबी क्यों नहीं मिल पा रही है। क्या वे वजह हैं, जो इसमें रोड़ा बनी हुई हैं। आखिर कब और कैसे मनमानी-भ्रष्टाचार करने वालों का पेट भर पाएगा, यह गूढ़ रहस्य कब सुलझेगा? बड़ा सवाल है।

#### मजाल है कुछ भी लीक हो जाए!

राजधानी के एक विश्वविद्यालय में इन दिनों सब कुछ पारदर्शी होता नहीं दिख रहा है। यह वहीं के कर्मचारी और अधिकारी कह रहे हैं। बात चाहे विवि से संबद्ध कॉलेजों की संबद्धता बढ़ाने की हो या भुगतान के बोझ की, सब कुछ एक दायरे तक सिमट जाता है। बात परीक्षा से लेकर रिजल्ट तक की हो अथवा कॉलेजों में किए जाने वाले विवि प्रशासन के निरीक्षण की, सब कुछ एक या दो केबिन तक ही पहुंच पाता है। कई कर्मचारी और अधिकारी यहां तक कहते हैं कि अब यह विवि पहले जैसी स्थिति और परिस्थिति में नहीं है। हॉस्टल से जुड़ी बात से लेकर कक्षा तक की कहानी, अब कुछ भी किसी से पूछना आसान नहीं रहा। अब मजाल है कि यहां कोई बात कहीं से लीक हो जाए। ऐसे में लगता है लोगों को साहब से नहीं, साहब की पहुंच से डर लगता है।

#### रखे रह गए डीपीआई के आदेश

राजधानी में स्कूल शिक्षा विभाग के चर्चे आम बात है। आए दिन कभी बाबू तो कभी अधिकारियों के विवादित कारनामें सुर्खियों में रहते हैं। हाल ही में भोपाल स्थित कार्यालय में पदस्थ एक बाबू ने आला अधिकारियों को तक चक्कर लगवा दिए, लेकिन वह बाबू का तबादला नहीं करा सके। भ्रष्टाचार सहित विभिन्न मामलों को लेकर की गई दर्जनों शिकायतें की जांच की फाइलें भी सिर्फ टेबिलों पर घूमती रही, लेकिन जांच पूरी नहीं हो पाई। यहां तक कि डीपीआई से निकले आदेश भी रखे रह गए। ऐसे में अब शिकायर्ता और आला अधिकारी भी खुद का ठगा सा महसूस कर रहे हैं, जबकि बाबू अपने पूरे रुतबे के साथ वहीं जमे हैं, जहां के लिए उन्होंने खूब मेहनत की है।

#### जेडी बनने से रह गए साहब

राजधानी स्थित लोक शिक्षण संचालनालय अपने आदेशों और अधिकारियों को लेकर कई बार सुर्खियों में रहा है। फिलहाल विभागीय गलियारों में पूर्व में भोपाल डीईओ रहे एक अधिकारी खूब चर्चा में है। कारण उनका भोपाल संभाग में जेडी न बनना है। दरअसल, साहब ने बीते दिनों जेडी बनने के लिए आला अधिकारियों से लेकर कई नेताओं के खूब चक्कर लगाए। यहां तक कि यह चर्चा भी खूब रही कि उनका जेडी बनना लगभग तय है, लेकिन आखिकार साहब की उम्मीद टूट गई और वह जेडी बनने से रह गए।

संजीव सक्सेना

# एएसआई के पैर पर गलती से रखा पैर, समझाइश देने पर बढ़ा विवाद

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, झूमाझटकी करते नजर आए एएसआई, बाद में थाने में हो गया समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाने के पास चाय की दुकान पर मामूली बात पर शुरू हुआ विवाद थाने तक पहुंच गया। दरअसल, थाने के एएसआई बृजेश मिश्रा चाय पीने पास की दुकान पर गए थे। यहां एक युवक भी चाय पीने आया और लौटते समय उसका पैर एएसआई के पैर पर रखा गया।

एएसआई ने उसे ठीक से चलने की कहा तो विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर युवक की परिचित दो युवतियां पहुंची। इस दौरान एएसआई और युवतियों के बीच जमकर बहस हुई। झूमाझटकी भी हुई। एएसआई सभी को थाने लेकर पहुंचे, वहां पता चला कि जिस युवक के साथ विवाद हुआ है उसके पिता भी पुलिस विभाग से रिटायर्ड हैं। वे भी थाने पहुंच गए। बाद में दोनों पक्षों ने इसे पारिवारिक मामला बताते हुए विवाद खत्म कर दिया। जानकारी के अनुसार एएसआई बृजेश मिश्रा बागसेवनिया थाने में पदस्थ हैं। थाने के सामने सेकंड हैंड कार का शोरूम हैं। यहां एक युवक काम करता है। शुक्रवार शाम बृजेश मिश्रा चाय की होटल के पास खड़े थे, तभी युवक आया और चाय पीने के बाद वहां से शोरूम जाने के लिए निकला तभी गलती से उसका पैर एएसआई मिश्रा के पैर पर लग गया। बुजुर्ग एएसआई ने देखकर चलने की समझाइश दी। इस पर युवक ने गुस्से में सॉरी कहा तो बहस हो गई। इसी बीच शोरूम में काम करने वाली दो युवतियां पहुंची कहने लगी कि हम भी पुलिस परिवार से हैं। इस पर एएसआई बृजेश मिश्रा युवक को पकड़कर थाने ले जाने का प्रयास किया तो युवतियां भड़क गई और अपने साथी को छुड़ाने का प्रयास करने लगी। घटना एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई और विवाद खत्म हो गया। दोनों ने कहा शिकायत दर्ज कराना नहीं चाहते हैं।

# गेहूं का अधिकतम स्टॉक 3 हजार मीट्रिक टन रख सकते हैं व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत सरकार ने व्यापारियों के लिए 31 मार्च, 2026 तक के लिए गेहूं के स्टॉक की सीमा निर्धारित कर दी गई है। व्यापारी, थोक विक्रेता 3 हजार मीट्रिक टन तक और रिटेलर 10 मीट्रिक टन तक गेहूं का भण्डारण कर सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि इसी तरह चेन रिटेलर के प्रत्येक आउटलेट के लिए 10 मीट्रिक टन की सीमा इस आधार पर निर्धारित की गई है कि सभी आउटलेट पर अधिकतम मात्रा आउटलेटों की कुल संख्या के 10 गुना मीट्रिक टन से अधिक भण्डारित नहीं होना चाहिए। प्रोसेसर के लिये स्टॉक की मात्रा उसकी मासिक स्थापित क्षमता के 70 प्रतिशत मात्रा को वर्ष 2025-26 के शेष महीनों से गुणा करने पर आने वाली मात्रा से अधिक नहीं होना चाहिए।

# सौ फीसदी बंटा तीन महीने का राशन, आधा दर्जन दुकानों पर फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आधार से राशन देने की शुरुआत होने से पीडीएस के राशन में गड़बड़ी रुकी है। जिसको लेकर खाद्य विभाग भी सौ फीसदी ईकेवायसी कराने पर जोर दे रहा है। इसी बीच अचानक से जून, जुलाई और अगस्त माह का एक साथ राशन देने का ऐलान होने के साथ दुकानदारों ने गड़बड़ी शुरु कर दी। अब तक करीब आधा दर्जन दुकानों पर राशन बांटने में गड़बड़ी सामने आई है। जिन पर केस दर्ज कर लिया गया है। अब तक जिले की 501 दुकानों से सौ फीसदी से अधिक राशन बांट दिया गया है। दरअसल दूसरे जिलों के उपभोक्ताओं ने भी यहां से राशन लिया है।

### जून में राशन के बदले पैसे लेने से हुई शुरुआत

सबसे पहले कैंची छोला में शिवरेणु महिला प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित दुकान का मामला सामने आया। जिसका राशन के बदले पैसे देने का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दुकानदार रवि जाटव हितग्राही को टेबल से रुपए निकालकर देते हुए दिखाई दे रहा था। इसकी जांच कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पुष्पराज पाटिल ने की तो पीओएस मशीन से राशन तो पूरा निकाला गया, लेकिन पात्रता से कम राशन दिया गया था।

## मप्र एनएसयूआई में फेरबदल, दिल्ली के अंकित डेढ़ा और हरियाणा के साहिल शर्मा को बनाया स्टेट इंचार्ज

**भोपाल।** मप्र एनएसयूआई संगठन में बड़ा फेरबदल हुआ है। छात्र संघ के राष्ट्रीय इकाई ने राजस्थान के महावीर गुर्जर और रितू बराला की जगह नए प्रभारी के रूप में दिल्ली के अंकित डेढ़ा और हरियाणा के साहिल शर्मा को नियुक्त किया है दोनों ही एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एनएसयूआई मप्र के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने बताया कि महावीर गुर्जर एवं रितू बराला के नेतृत्व में मप्र में संगठन ने कई ऐतिहासिक आंदोलन किए और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

## स्थानीय खेल समाचार

जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारियों तथा युवा समन्वयकों की कार्यशाला

# प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अवसर देने पूरे 365 दिन चले टैलेंट सर्च: मंत्री सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि खेल प्रतिभाओं को अवसर देने के लिये प्रत्येक दिन टैलेंट सर्च के संकल्प के साथ कार्य किया जाए, जिससे प्रदेश की लगभग 9 करोड़ जनसंख्या में से कम से कम 50 लाख युवाओं की खेल प्रतिभा को चिन्हित कर उन्हें प्रोत्साहित किया जा सके। सारंग शुक्रवार को समन्वय भवन में आयोजित जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारियों तथा युवा समन्वयकों की कार्यशाला में संवाद कर रहे थे। कार्यशाला में विभागीय नवाचारों पर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री सारंग ने कहा कि युवा समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाएं। कार्यशाला में अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव, संचालक राकेश गुप्ता, संयुक्त संचालक बी.एस. यादव सहित प्रदेश के सभी संभागीय एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी तथा युवा समन्वयक उपस्थित रहे। मंत्री सारंग ने कहा कि युवा समन्वयकों से 3 माह बाद पुनः संवाद होगा। उन्होंने कहा कि जिस ब्लॉक में जनसंख्या कम है वहां खिलाड़ियों की खोज के लिए ब्लॉक का क्लस्टर बनाकर टैलेंट सर्च आयोजित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि युवा समन्वयक स्कूल गेम्स और अन्य विभागों से भी समन्वय करें।

### खेल एवं युवा कल्याण मंत्री सारंग ने किया सीधा संवाद



#### समन्वयक युवाओं से सतत् सम्पर्क करें

मंत्री सारंग ने निर्देश दिए कि समन्वयक प्रत्येक ब्लॉक में सक्रिय भूमिका निभाते हुए युवाओं के संपर्क में रहें और उन्हें विभागीय गतिविधियों से जोड़ें। उन्होंने कहा कि युवा समन्वयकों की तीन माह बाद कार्यों की पुनः समीक्षा की जाएगी। कम जनसंख्या वाले किन्तु खेल प्रतिभा वाले ब्लॉकों को जोड़कर ब्लॉक क्लस्टर बनाकर टैलेंट सर्च कार्यक्रम चलाने का सुझाव भी उन्होंने दिया। कार्यशाला के दौरान 'खेलो बढ़ो अभियान', 'पार्थ योजना', 'फिट इंडिया क्लब', 'एक जिला-एक खेल', 'खेलो एमपी यूथ गेम्स' के नए स्वरूप, टैलेंट सर्च कार्यक्रम और जिलों में किये गए नवाचारों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

#### शहडोल में शीघ्र ही फुटबॉल फीडर सेंटर बनेगा

कार्यशाला में शहडोल के युवा समन्वयकों द्वारा प्रस्तुत सुझावों के आधार पर मंत्री सारंग ने विचारपुर (मिनी ब्राजील) में शीघ्र ही फुटबॉल फीडर सेंटर की स्थापना की घोषणा की। धार जिले के सरदारपुर में फुटबॉल को लेकर बढ़ते उत्साह और प्रदेश की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ज्योति चौहान की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए उन्होंने ब्लॉक स्तर पर खेल एक्सचेंज प्रोग्राम शुरू करने को भी कहा। उन्होंने उत्साहवर्द्धन के लिए विचारपुर और सरदारपुर के बीच भोपाल में फुटबाल प्रतियोगिता आयोजित करने के लिये भी निर्देशित किया। मंत्री सारंग ने नरसिंहपुर में स्थापित प्रदेश के एकमात्र व्हालीबॉल हॉस्टल को अकादमी में विस्तारित करने की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

#### कई जिलों के प्रयासों की सराहना

नीमच में सक्रिय 27 फुटबॉल क्लब, उज्जैन में सिंथेटिक ट्रैक, इंडोर हॉल, लघु मल्लखंभ केंद्र और कबड्डी की संभावनाएं और शहडोल की फुटबॉल परंपरा की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि विभाग अन्य खेलों की तरह सबसे ज्यादा खेले जाने वाले क्रिकेट को भी बढ़ावा देगा, जिससे क्रिकेट की उत्कृष्ट प्रतिभाएं निखर कर सामने आएं और मप्र का नाम रोशन करें।

#### उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान



कार्यशाला में मंत्री सारंग ने सभी से परिचय प्राप्त किया और उत्कृष्ट कार्य करने वाले 6 युवा समन्वयक ज्योति तिवारी, ज्योति अहिरवार, दिनेश लोधी, विशाल दामके, वसीम राजा और राजेश बम्हुरे को भी सम्मानित किया।

खेल मंत्री सारंग और चांसलर आईईएस इंजी. यादव ने किया शुभारंभ

# आईईएस पब्लिक स्कूल मेगा सीबीएसई क्लस्टर बास्केट बॉल गर्ल्स टूर्नामेंट में छात्राओं ने दिखाए अपने जौहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईईएस पब्लिक स्कूल द्वारा मेगा सीबीएसई क्लस्टर (राज्य स्तर) बास्केटबाल गर्ल्स टूर्नामेंट का आयोजन आईईएस पब्लिक स्कूल परिसर के बास्केटबाल कोर्ट में किया जा रहा है। दूसरे दिन प्रतियोगिता का शुभारंभ खेल, युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग,चांसलर आईईएस यूनिवर्सिटी बीएस यादव ने किया। अतिथियों ने मध्य प्रदेश से आई भोपाल, इंदौर, रीवा, रतलाम, सागर, विदिशा आदि स्कूल टीमों के खिलाड़ियों एवं कोच से परिचय प्राप्त कर मैच के लिए गुडलक दिया।

#### अगले दौर में पहुंची ये टीमें

अंडर-17 से जॉयती सीनियर सेकेंडरी स्कूल रीवा, राम शांति स्कूल छिंदवाड़ा, महावीर जैन स्कूल ब्यावरा, शांति पब्लिक स्कूल गुना, द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल इंदौर, जवाहरलाल नेहरू भोपाल की टीमें जीतीं अंडर 14 में डीपीएस भोपाल, शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल इंदौर, द शेफर्ड स्कूल शहडोल, सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर, सेंट थेरेसा गर्ल्स स्कूल की टीमें जीतीं।

#### जॉयती सीनियर सेकेंडरी स्कूल की जीत





टूर्नामेंट में दूसरे दिन का पहला मैच अंडर-17 में जॉयती सीनियर सेकेंडरी स्कूल रीवा ने डीपीएस स्कूल निपानिया को 31-16 से हराया, राम शांति स्कूल, छिंदवाड़ा ने इंदौर पब्लिक स्कूल, झाबुआ के 14-4 से मात दी। महावीर जैन स्कूल ब्यावरा ने सेंट मैरी स्कूल, भोपाल को 8-0 से हराया। वहीं शांति पब्लिक स्कूल, गुना ने गोकुलदास पब्लिक स्कूल, खरगोन को 12-2 से हराया। इसके साथ ही द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर ने सेंट माउंट फोर्ट भोपाल को 30-10 से हराया। वहीं, जवाहरलाल नेहरू भोपाल ने ट्रिनिटी कॉन्वेंट स्कूल विदिशा को 20-2 से हराया। इसके अलावा अंडर 14 से डीपीएस भोपाल ने बीएस होली फैमिली को 12-2 से, शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर ने एसपीएस स्कूल भोपाल को 13-8 से गुड शेफर्ड स्कूल, भोपाल 19-2 से मात मात देकर अगले राउंड में प्रवेश किया।

गुना में आयोजित की गई थी प्रतियोगिता

# खो-खो सीबीएसई क्लस्टर लेवल में ग्रेफाइट स्कूल ने प्राप्त किया प्रथम स्थान, नेशनल के लिए क्वालिफाई

**मण्डीदीप।** औद्योगिक नगर की ग्रेफाइड विधालय की खो-खो टीम ने गुना जिले के बीनागंज में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर लेवल खो-खो प्रतियोगिता प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिसके चलते सितंबर में नेशनल के लिए क्वालीफाई हुई जो गांधीनगर गुजरात में आयोजित की जाएगी। खेल प्रशिक्षक निर्मल यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के कुल 35 स्कूलो ने सहभागिता की थी, जिसमें जिसमें फाइनल मुकाबले में निपानिया इंदौर को हराकर फाइनल में स्थान प्राप्त किया है। जिसमें नगर के ग्रेफाइट विद्यालय की 14 वर्ष बालक टीम में आर्यन पुरी, नैतिक शर्मा, कार्तिक शर्मा, यश मालवीय, पारस मेहरा, मिलन चौहान, यश ठाकुर, जयंत चौकसे, अध्ययन तिवारी आदि टीम में सम्मिलित रहे। प्रतियोगिता में विद्यालय के पारस मेहरा को बेस्ट टूर्नामेंट प्लेयर का अवार्ड सम्मनित किया गया। इस प्रतियोगिता में विजयी होने पर विद्यालय प्रबंधन व प्राचार्य स्वाति राहेतेकर ने टीम को बधाई देकर शुभकामनाएं दीं।



# दुष्यंत कुमार संग्रहालय में अपर्णा पात्रीकर के गजल संग्रह 'जुबान ए बेजुबानी' का लोकार्पण

# हर बार उसी तीर से घायल नहीं होते... सब लोग मेरी तरह तो पागल नहीं होते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मन के गुल नहीं है मगर खार हम नहीं, इतना यकीन करना के ऐय्यार हम नहीं, हर बार उसी तीर से घायल नहीं होते, सब लोग मेरी तरह तो पागल नहीं होते... अपर्णा पात्रीकर की इस गजल पर पूरा हॉल वाह वाह कर उठा। मौका था शुक्रवार को दुष्यन्त कुमार संग्रहालय में अपर्णा पात्रीकर के गजल संग्रह 'जुबान ए बेजुबानी' के लोकार्पण अवसर का। कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्दू अकादमी की अध्यक्ष डॉ. नुसरत मेहदी ने की। मुख्य अतिथि डॉ. विजय बहादुर सिंह, वरिष्ठ शायर इकबाल मसूद और डॉ. मोहम्मद आजम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बद्र वास्ती ने किया एवं आभार दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय अध्यक्ष रामराव वामनक ने व्यक्त किया।



### कई बार हम ग्रामर में उलझकर रचना को रेगिस्तान की तरह बना देते हैं

*डॉ. नुसरत मेहंदी ने कहा कि अनुभव अनुभूति और अभिव्यक्ति से रचना परिपक्व होती है। कई बार हम ग्रामर में उलझ कर रचना को रेगिस्तान की तरह बना देते हैं। उन्होंने अपर्णा जो मूलतः मराठी भाषी हैं कि उर्दू सीखने की ललक पर बताया कि हमने तलाशे जौहर कार्यक्रम उर्दू अकादमी की ओर से आयोजित किया था, जिसमें हमारी तलाश अपर्णा के रूप में पूरी हुई। अपर्णा ने बड़ी शिद्दत और लगन के साथ न केवल उर्दू सीखी, परिणाम स्वरूप उसका गजल संग्रह आपके सामने है।*



### उर्दू मेरे संसार का खूबसूरत मोहल्ला

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विजय बहादुर सिंह ने कहा कि उर्दू मेरे संसार का खूबसूरत मोहल्ला है, जिसमें मुझे जाते रहना अच्छा लगता है। उर्दू और हिंदी को लेकर भारत में कोई विवाद होना ही नहीं चाहिए, क्योंकि यह दोनों बहनों की तरह हैं और मैं मानता हूं कि जुबान महत्वपूर्ण नहीं होती, भावना महत्वपूर्ण होती है। गालिब, मीर जैसे शायरों की विधा में अगर अपर्णा ने प्रवेश किया है तो वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ग्रामर कविता की पहचान नहीं, शब्द की लय के साथ अर्थ की लय भी मिलना जरूरी है।

---

### फैशन डिजाइनर रखशां शमीम ने कहा, तीज-त्यौहारों के साथ किसी भी ओकेजन पर देगा रॉयल लुक

# फैशन में एक नया एलिमेंट जोड़ता 'कॉड सूट विथ फर्शी शलवार'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूं तो सलवार सूट हमेशा से ही महिलाओं की पहली पसंद रहा है। फिर चाहे कोई तीज त्यौहार हो या कोई भी इंडियन ओकेजन, सलवार सूट महिलाओं को कम्फर्ट के साथ साथ सुंदर लुक भी देता है।

लेकिन फैशन के इस दौर में सलवार सूट की जगह कॉड सूट्स ने ले ली है। जिसमें पैंट स्टाइल कॉड सूट काफी ट्रेंडी हैं, लेकिन इस स्टाइल में एक नया ऐलीमेंट जोड़ते हुए कॉड सूट को फर्शी शलवार के साथ टीम अप करने का एक नया ट्रेंड देखने को मिला, खासकर सेलिब्रिटीज का एयरपोर्ट लुक कॉड सूट विथ फर्शी शलवार में गर्ल्स में खासा पसंद किया गया फिर वो कैटरीना कैफ हो या जाह्नवी कपूर। इन सेलिब्रिटीज के इसी लुक को गर्ल्स द्वारा सोशल मीडिया पर काफी पसंद भी किया जा रहा है।



### मैचिंग दुपट्टे से दे सकती हैं ट्रेडिशनल लुक

फैशन डिजाइनर रखशां शमीम ने कहा कि कई महिलाएं फर्शी शलवार विथ कॉड सूट के साथ मैचिंग दुपट्टा भी ले सकती हैं, जिससे कॉड सूट कम्पलीट ट्रेडिशनल रूप लेगा। उन्होंने कहा कि जहां सिंपल फंक्शंस में सिंपल जॉर्जेट या शिफॉन का दुपट्टा लिया जा सकता है, वहीं हैवी वर्क दुपट्टे से आप अपने रुप में चार चांद भी लगा सकती हैं। उन्होंने बताया कि कॉड सूट में आप टॉप या शॉर्ट कुर्ता के रूप में सिंपल कुर्ती को क्लासी बना सकते हैं। इसे या तो थ्री-क्वार्टर स्लीव्स डिजाइन करवा सकते हैं। यह डिजाइन कंधे से शुरू होता है और कोहनी से थोड़ी नीचे जाकर रुक जाता है। या फिर रफल स्लीव्स वाली प्रिंटेड टॉप से भी आपका लुक स्टनिंग लग सकता है। यदि गर्ल्स वियर कर रही हैं तो सिंपल स्कार्फ भी इस आउटफिट के साथ पेयर किया जा सकता है।





### हाई हील्स और कंप्लीट एसेसरीज से दें स्टनिंग लुक

*रखशां ने कहा कि जमाना बदलने के साथ फर्शी शलवार का अंदाज भी बदल चुका है और इसके साथ कॉड सूट को मिक्स एंड मैच कर दिया है और इसे कॉड सूट विथ फर्शी शलवार कहा जाने लगा है। यह पैटर्न आपको सादगी के साथ साथ मॉर्डन लुक देगा। जिसे हम इंडो वेस्टर्न कह सकते हैं। इसके साथ हाई हील्स या ब्लॉक हील्स पहनकर इसे ओर भी स्टाइलिश लुक दिया जा सकता है। वहीं कंप्लीट एसेसरीज में इयररिंग्स और ब्रेसलेट और पेंडेंट विथ चेन से आप एक कम्पलीट लुक ईजाद कर सकती हैं।*

### नवाबी दौर की देन, 1970 के जमाने की अभिनेत्रियों ने भी किया कैरी

इस नए ट्रेंड पर राजधानी की फैशन डिजाइनर रखशां शमीम ने बताया कि यूं तो फर्शी शलवार का ट्रेंड आज का नहीं है, बल्कि यह नवाबी दौर में बेगम्स के द्वारा भी फर्शी शलवार पहना जाता रहा है। साथ ही 1970 के जमाने की अभिनेत्रियों ने भी इसी शलवार सूट में कई फिल्में की हैं। लेकिन फर्शी शलवार के इस पुराने फैशन में नया ऐलिमेंट जोड़ते हुए इसे कॉड सूट के साथ पहना जाने लगा है।



---

### रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी शोधार्थी सम्मेलन



# हिंदी केवल भाषा नहीं, हमारी सांस्कृतिक चेतना है: चौबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा विश्व रंग फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी शोधार्थी सम्मेलन का आयोजन अत्यंत गरिमामय, वैचारिक और सांस्कृतिक माहौल में संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश के हिंदी प्रेमियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, विद्वानों एवं सांस्कृतिक दूतों ने भाग लिया।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य हिंदी को वैश्विक शोध की भाषा के रूप में प्रतिष्ठित करना और नई पीढ़ी को भारतीय भाषाओं, विशेषतः हिंदी में मौलिक शोध के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर कुलाधिपति संतोष चौबे ने कहा कि हिंदी को लेकर हताश या निराश होने की आवश्यकता नहीं है। यह भाषा हमारी संस्कृति, परंपरा और एकता की संवाहक है। इसे हमें आत्मगौरव के साथ अपनाना है।

### जो ज्ञान धन नहीं दिलाता, वह मूल्यहीन

चौबे ने कहा कि विश्वविद्यालय ने वनमाली सृजन पीठ जैसी पहल के माध्यम से 150 से अधिक केंद्रों पर हिंदी के रचनात्मक साहित्य और नवलेखन को प्रोत्साहित किया है। हमने कंप्यूटर: एक परिचय हिंदी में इसलिए लिखा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी तकनीक पहुंचे। डॉ. कुमुद शर्मा (कुलपति, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय) ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने उच्च शिक्षा में अनुसंधान को आधार बनाने पर जोर दिया है। स्नातक स्तर पर भी अब शोध-संभावनाएं खुल रही हैं, लेकिन हिंदी के शिक्षक और छात्र यह मानने लगे हैं कि जो ज्ञान आपको धन नहीं दिलाता, वह मूल्यहीन है।

### हिंदी में मौलिक शोध हो

*प्रो. विनोद तिवारी ने कहा कि भारतेंदु हरिश्चंद्र की चिंता आज भी प्रासंगिक है, हिंदी अपनी चाल-ढाल भूलती जा रही है। विज्ञान, गणित, इंजीनियरिंग, चिकित्सा जैसे विषयों में हिंदी में मौलिक शोध होने चाहिए, तभी भाषा को गरिमा प्राप्त होगी। उन्होंने शोध की गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त की और कहा कि आज हिंदी विचार की भाषा नहीं, जुगाड़ की भाषा बनती जा रही है, यह बेहद खतरनाक है।*

---

## प्रोफेसर पांडेय के मार्गदर्शन में ज्योत्सना को पीएचडी की उपाधि



**भोपाल।** सैम ग्लोबल विश्वविद्यालय भोपाल ने ज्योत्सना सिंह को उनके शोध कार्य 'किशोरों पर सोशल मीडिया का सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रभाव का अध्यनन' (मध्यप्रदेश के संदर्भ में) विषय पर अनुसंधान कार्य के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। गौरतलब है कि ज्योत्सना सिंह ने अपना शोध कार्य मीडिया विशेषज्ञ, वरिष्ठ पत्रकार एवं मीडिया स्टडीज के प्रोफेसर डॉ. नीरज कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में पूर्ण किया।

### केंद्रीय जेल में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

## महिला बंदियों ने संवाद, संवेदना सपनों को संवारने का सीखा हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कभी टूटी हुई उम्मीदों के सहारे जी रही केन्द्रीय जेल भोपाल की महिलाएं अब सपनों को नया आकार दे रही हैं। केंद्रीय जेल के महिला वार्ड में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में जब इन महिला बंदियों ने रंगों और शब्दों के ज़रिये अपनी ज़िंदगी को कागज़ पर उकेरा, तो वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें गर्व से नम हो गई।

यह कार्यशाला मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग और तिनका-तिनका फाउंडेशन के सहयोग से 'टीवी और समाचार-पत्रों के माध्यम से सुधार और व्यक्तित्व विकास' विषय पर आयोजित की गई थी।

### जीवन में आया सुधार

कार्यशाला में महिला बंदियों ने न सिर्फ संवाद के गुर सीखे बल्कि आत्मविश्लेषण, सुधार और एक बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर होने का संकल्प भी लिया। 56 वर्षीय पुतलीबाई, जो कभी अनपढ़ थीं, आज अख़बार पढ़ती हैं। और चित्र बनाना जानती हैं। उन्होंने कहा कि मेरा जीवन कठिन था। लेकिन यहां मैंने पढ़ना, चित्र बनाना और अपनी छिपी शक्ति को पहचानना सीखा है।

## व्हील्स ऑफ उड़ान ए राइड थ्रू टाइम प्रदर्शनी कल

**भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा ग्रीन प्लैनेट बायसिकल राइडर्स एसोसिएशन के सहयोग से व्हील्स ऑफ उड़ानः ए राइड थ्रू टाइम विषय पर एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 20 जुलाई को शाम 4 बजे से 7 बजे तक संग्रहालय के वीथिसंकुल परिसर में आयोजित की जाएगी। संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे ने बताया कि कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण समूह साइक्लिंग के प्रेरणादायक छायाचित्र, विंटेज से आधुनिक साइकिलों की प्रदर्शनी, संवादात्मक हेरिटेज वॉल, युवाओं के लिए कार्यशालाएं एवं ऑडियो-विजुअल प्रस्तुतियां, पर्यावरणीय चेतना एवं समुदायिक सहभागिता होंगी।

## गौहर महल में खिलौना प्रदर्शनी आज से, मिलेंगे बुदनी, सीहोर, रीवा, मुरैना के पारंपरिक खिलौने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐतिहासिक गौहर महल में एक बार फिर हस्तशिल्प और लोककला की महक बिखरेगी। 19 जुलाई से यहां खिलौना प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में बुदनी, सीहोर, रीवा और मुरैना के पारंपरिक खिलौना निर्माता कारीगर अपनी अनूठी कारीगरी का प्रदर्शन करेंगे।

मप्र हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम की ओर से आयोजित इस खिलौना प्रदर्शनी में लकड़ी से बने ऐसे खिलौने देखे जा सकेंगे, जो अपनी पारंपरिक सुंदरता और ग्रामीण संस्कृति की कहानी कहते हैं। बुदनी के लकड़ी के रंग-बिरंगे खिलौने, जिनमें छोटे



बैल-गाड़ी, घोड़े, तोते, बर्तन सेट और गृह सज्जा के खिलौने प्रमुख हैं, वहीं मुरैना के मिट्टी से बने खिलौनों में ग्रामीण जीवन की झलक देखने को मिलेगी। प्रदर्शनी के प्रभारी अरविंद शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य प्रदेश की पारंपरिक खिलौना कारीगरी को प्रोत्साहन देना और कारीगरों को सीधा बाजार उपलब्ध कराना है।

### हिंदी भवन में वरिष्ठ विमर्श आज

*मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की नियमित श्रृंखला 'वरिष्ठ विमर्श' का आयोजन शनिवार, 19 जुलाई को शाम 4 बजे से हिंदी भवन में होने जा रहा है। वरिष्ठ विमर्श में इस बार 'महाराष्ट्र के हिंदी विरोधी आंदोलन पर आपकी प्रतिक्रिया' विषय पर विचार विनिमय होगा। विमर्श के संयोजक महेश सक्सेना ने बताया कि आयोजन में किसी तात्कालिक मसले पर विचार-विमर्श किया जाता है।*

## गद्य प्रवाह मंच की व्यंग्य पाठ गोष्ठी आयोजित

**भोपाल।** गद्य प्रवाह समूह की आभासी गोष्ठी गोकुल सोनी की अध्यक्षता में हुई। कमल चंद्रा द्वारा गद्य प्रवाह की संक्षिप्त जानकारी के साथ व्यंग्य विधा पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रमदा ठाकुर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। व्यंग्यकार राजीव खरे की व्यंग्य रचना सफेद कबूतर और उषा चतुर्वेदी की व्यंग्य रचना छन्नो बुआ का पाठ शेफालिका श्रीवास्तव ने किया। समीक्षक सुधा दुबे एवं जनक कुमारी सिंह बघेल ने रचनाओं की समीक्षा की। दोनों ही व्यंग्य श्रोताओं को हंसाने में सफल रहे।

### पारा मुक्त भारत की ओर: विशेषज्ञों ने उपभोक्ताओं से किया डिजिटल उपकरण अपनाने का आह्वान

# पारे के खतरों से बचाव के लिए थर्मामीटर और बीपी मशीन को कहें अलविदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोगों और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पारे युक्त चिकित्सा उपकरणों जैसे थर्मामीटर और रक्तचाप मापक यंत्र के उपयोग को पूरी तरह बंद करने की अपील उपभोक्ता संगठनों, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों, सरकारी अधिकारियों, नागरिक समाज संगठनों और पर्यावरणविदों ने की।

यह अपील कंज्यूमर वॉयस और नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवायरनमेंट द्वारा आयोजित एक कार्यशाला के दौरान की गई, जिसमें घरेलू स्तर पर खासकर बच्चों और महिलाओं में पारे के दुष्प्रभाव और मिनामाटा कन्वेंशन में भारत की प्रतिबद्धता पर चर्चा हुई।

### कंज्यूमर वॉयस और नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवॉयरनमेंट ने किया कार्यशाला का आयोजन

### वातावरण, मिट्टी और जल को प्रदूषित कर सकता है पारा

*कार्यशाला में बताया गया कि पारे युक्त उपकरण, जब तक टूटे नहीं होते, सुरक्षित माने जाते हैं। लेकिन एक बार टूटने या गलत तरीके से फेंके जाने पर, पारा वाष्पित होकर जहरीली गैस के रूप में वातावरण में फैलता है, जो श्वसन या त्वचा के संपर्क से मानव स्वास्थ्य के लिए घातक हो सकता है। इससे फेफड़े, गुर्दे और तंत्रिका तंत्र को नुकसान हो सकता है। पारा वातावरण, मिट्टी और जल को प्रदूषित कर खाद्य श्रृंखला में प्रवेश कर सकता है और व्यापक जनसंख्या को प्रभावित कर सकता है।*




### महिलाओं और गर्भस्थ शिशुओं के लिए पारे का संपर्क जानलेवा

जेके हॉस्पिटल चिकित्सा निदेशक डॉ. एके चौधरी, ने कहा कि महिलाओं और गर्भस्थ शिशुओं के लिए पारे का संपर्क जानलेवा हो सकता है। मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के वैज्ञानिक डॉ. पीके श्रीवास्तव ने कहा कि हमें पारे के रिसाव को रोकने के लिए अस्पतालों के साथ-साथ घरों में भी सख्त प्रबंधन प्रोटोकॉल अपनाने चाहिए।

### डब्ल्यूएचओ ने पारे को टॉप 10 हानिकारक रसायनों में किया शामिल

*पर्यावरणविद डॉ. प्रदीप नंदी ने कहा कि भारत, मिनामाटा कन्वेंशन का हस्ताक्षरकर्ता है और उसने चिकित्सा उपकरणों से पारे को चरणबद्ध तरीके से हटाने की प्रतिबद्धता जताई है। यह समझौता पर्यावरण को पारे के उत्सर्जन और रिसाव से बचाने के लिए है।*

## ईडी की रडार पर अब 'आप' नेता

# मनी लॉन्ड्रिंग के 3 नए मामले दर्ज, बड़े नेताओं से जल्द होगी पूछताछ

### मामले अस्पताल निर्माण, सीसीटीवी परियोजना और शेल्टर होम से संबंधित




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एक बार फिर ईडी की रडार पर आ गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली सरकार के कार्यकाल के दौरान सामने आए 3 बड़े कथित घोटालों में मनी लॉन्ड्रिंग के केस दर्ज कर लिए हैं। ये मामले अस्पताल निर्माण, सीसीटीवी परियोजना और शेल्टर होम से संबंधित हैं। ईडी ने इन मामलों में इन्फोर्समेंट केस इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट दर्ज की है और जल्द ही आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं को पूछताछ के लिए समन भेजे जा सकते हैं।





**सौरभ और जैन की भूमिका पर सवाल**

*पहला मामला 5,590 करोड़ रुपए के अस्पताल निर्माण घोटाले से जुड़ा हुआ है। इस घोटाले में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। साल 2018-19 में दिल्ली सरकार द्वारा 24 अस्पताल परियोजनाएं मंजूर की गई थीं। इन आईसीयू अस्पतालों को 6 महीने में तैयार करना था, लेकिन 3 साल बाद भी निर्माण कार्य अधूरा है। अब तक करीब 800 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, लेकिन सिर्फ 50 प्रतिशत काम ही पूरा हुआ है। एलएनजेपी अस्पताल की लागत 488 करोड़ से बढ़कर 1,135 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है।*

**दूसरा मामला 571 करोड़ रुपए के सीसीटीवी घोटाले से जुड़ा**

दूसरा मामला 571 करोड़ रुपए के सीसीटीवी घोटाले से जुड़ा है। 2019 में दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों में 1.4 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना बनाई गई थी। यह ठेका भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (भेल) को दिया गया, लेकिन परियोजना समय पर पूरी नहीं हुई। भेल पर 17 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया, जिसे बाद में बिना किसी स्पष्ट कारण के माफ कर दिया गया था।

### 207 करोड़ की गड़बड़ी का डीयूएसआईबी शेल्टर होम घोटाला

तीसरा मामला 207 करोड़ की गड़बड़ी का डीयूएसआईबी शेल्टर होम घोटाले से जुड़ा है। दिल्ली अर्बन शेल्टर इंप्रूवमेंट बोर्ड से जुड़ी परियोजनाओं में भी गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। आरोप है कि फर्जी फिक्स्ड डिपॉजिट रसीद के जरिए 207 करोड़ रुपए की हेराफेरी की गई। लॉकडाउन के दौरान कागजों में दिखाया गया कि 250 करोड़ रुपए का शेल्टर होम का काम 'घोस्ट वर्कर्स' के नाम पर दर्शाया गया। इन कर्मचारियों की सैलरी नेताओं तक कमीशन के रूप में पहुंचाने का आरोप है।

## चार्जशीट पर भड़के राहुल मेरे बहनोई को परेशान किया जा रहा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को केंद्र सरकार पर अपने बहनोई रॉबर्ट वाड्रा को परेशान करने का आरोप लगाया। प्रवर्तन निदेशालय ने



हरियाणा के शिकोहपुर में एक जमीन सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के एक मामले में रॉबर्ट के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'मेरे बहनोई को पिछले 10 साल से यह सरकार परेशान कर रही है। यह हालिया आरोप-पत्र उसी प्रताड़ना अभियान का एक और हिस्सा है।

**आतिशी का पलटवार**

### एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा



दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आप नेता आतिशी ने ईडी के द्वारा आम आदमी पार्टी के नेताओं पर केस दर्ज करने पर कहा कि भाजपा ने जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करना फिर शुरू कर दिया है। आप के नेताओं पर फर्जी मामले दर्ज करना शुरू कर दिया गया है।

### शरद गुट के हाथापाई करने वाले विधायक जितेंद्र पर एफआईआर, 2 गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानभवन परिसर में गुरुवार को बड़ा सियासी हंगामा देखने को मिला। भाजपा धियायक गोपीचंद पडलकर और एनसीपी (शरद पवार गुट) के विधायक जितेंद्र आव्हाड के समर्थकों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। पुलिस ने आव्हाड के समर्थक नितीन देशमुख को हिरासत में लिया। आव्हाड ने पुलिस की वैन के नीचे लेटकर रास्ता रोक दिया। मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में जितेंद्र के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में केस दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप

### अश्विनी गुप्ता पीएचडी की उपाधि से सम्मानित

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में



कैलिफोर्निया यूएसए की अमेरिकन मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी ने एसीबी इंडिया ग्रुप के पूर्व एचआर हेड अश्विनी गुप्ता को उनके 40 वर्षों के योगदान के लिए इंडस्ट्रियल रिलेशन्स एंड लेबर लॉ में मानद डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि से सम्मानित किया गया।

### ट्रेन से कटकर 3 हाथियों की मौत

**बासतोला।** झारखंड और पश्चिम बंगाल से सीमा से सटे बासतोला से रेल हादसे में 3 हाथियों की मौत



की खबर है। घाटशीला के चाकुलिया से सटे बंगाल के बासतोला में ट्रेन की चपेट में आने से 3 हाथी की मौत हो गई। मृत हाथियों में एक वयस्क और दो बच्चा हाथी शामिल हैं। 7 हाथियों का एक झुंड रेलवे लाइन पार कर रहा था। इसी दौरान एक ट्रेन आ गई।

### जस्टिस को हटाने प्रस्ताव लाना सांसदों का विषय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के



न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाना पूरी तरह से सांसदों का विषय है और सरकार इसमें कहीं भी शामिल नहीं है। जांच को तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना द्वारा गठित आंतरिक समिति रिपोर्ट दे चुकी है।

### सांगली का 'इस्लामपुर' अब होगा 'ईश्वरपुर'

**सांगली।** महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को घोषणा की कि सांगली जिले के इस्लामपुर का नाम



बदलकर ईश्वरपुर कर दिया गया है। यह घोषणा राज्य विधानसभा में मानसून सत्र के अंतिम दिन की गई। यह कदम हिंदूवादी संगठन शिव प्रतिष्ठान की ओर से सांगली कलेक्ट्रेट को एक ज्ञापन भेजकर इस्लामपुर का नाम बदलकर ईश्वरपुर करने की मांग के बाद उठाया गया।

### ट्रक के पिछले हिस्से से टकराई कार, 5 की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद के आउटर रिंग रोड पर शुक्रवार तड़के एक कार ने एक ट्रक के पिछले हिस्से में टक्कर



मार दी। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ा। पुलिस ने बताया कि संभवतः तेज गति के कारण यह हादसा हुआ। कार चालक को नींद का झोंका आया जिसके बाद यह घटना घटी।

## मोतिहारी में प्रधानमंत्री मोदी का 'लालू के परिवार पर वार'

*एक तरफ लालटेन राज, दूसरी तरफ विकास की रोशनी*

# हम बनाएंगे समृद्ध व नया बिहार साथ ही हर युवा को देंगे रोजगार

### नीतीश की खुलकर की सराहना, राजद-कांग्रेस को दिया उलाहना

एजेंसी ▸▸ मोतिहारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के मोतिहारी में गांधी मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जोरदार निशाना साधा और राजद-कांग्रेस पर आरोप लगाए। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार आगे बढ़ेगा, तभी देश आगे बढ़ेगा। हमारा संकल्प है समृद्ध बिहार, हर युवा को रोजगार। बिहार के नौजवानों को बिहार में ही रोजगार के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलें। इसके लिए केंद्र कंधे से कंधा मिलाकर सीएम नीतीश कुमार का साथ दे रही है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले ही हमने एक बड़ी योजना शुरू की है। प्राइवेट नौकरी में जिसे पहली बार मौका मिलेगा, उसे 15 हजार रुपए केंद्र सरकार देगी। ये योजना अगस्त से ही लागू होने जा रही है। इसका फायदा बिहार के नौजवानों को भी होगा। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने पिछड़े जिले की जगह आकांक्षी जिला बनाकर विकास किया। अब वे देश का पहला गांव कहलाते हैं। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार की तारीफ की।



### ओबीसी आयोग पर हमारी सरकार ने ही काम किया

उन्होंने कहा कि दशकों तक ओबीसी आयोग संवैधानिक दर्जे की मांग कर रहा था, हमारी सरकार ने ही यह काम भी किया। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के पास न सामर्थ्य की कमी है और न ही संसाधन की। एनडीए सरकार आने के बाद ही मखाना की कीमत बढ़ी है, जिससे किसानों को फायदा हो रहा है। इसके अलावा लीची, जर्दालु आम, मगही पान और कतरनी चावल जैसे कई उत्पाद हैं, जिन्हें दुनिया भर के मार्केट से जोड़ा जाएगा।

**हम काम करके दिखाते हैं**

उन्होंने कहा कि न हम नारों तक अटकते हैं, न वादों तक सिमटते हैं, हम काम करके दिखाते हैं। जब हम कहते हैं कि पिछड़ों और अति पिछड़ों के लिए काम कर रहे हैं, तो ये हमारी नीतियों में नजर आता है। उन्होंने बिहार में नक्सलवाद समाप्त करने की चर्चा करते हुए कहा कि यह नया भारत दुश्मनों को सजा देने के लिए जमीन आसमान एक कर देता है। बिहार की धरती से ही मैंने ऑपरेशन सिंदूर का संकल्प लिया था और आज इसकी सफलता को पूरी दुनिया देख रही है।

**संपूर्ण बिहारवासियों के जीवन में सुख शुभ होखे**

*पीएम मोदी ने बिहार को कई सौगातें भी दीं। बिहार चुनाव से पहले पीएम मोदी का यह दौरा अहम माना जा रहा है। पीएम मोदी ने भोजपुरी में संबोधन को शुरू करते हुए कहा कि सावन के इ पवित्र माह में हम बाबा सोमेश्वर नाथ के चरण में प्रणाम करत बानी। आ उनका से हम आशीर्वाद मांगतानी की संपूर्ण बिहारवासियों के जीवन में सुख शुभ होखे। पीएम मोदी ने कहा कि चंपारण की धरती ने इतिहास बनाया है।*

**प्रधानमंत्री की जय हो**

### पटना-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी, लोगों ने नारे लगाए



*पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बापूधाम मोतिहारी से चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का शुभारंभ किया। उन्होंने राजेंद्र नगर टर्मिनल-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस सहित चार ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर विशेष ट्रेन में सवार छात्रों ने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह ट्रेन अब पटना, भोजपुर, बक्सर समेत बिहार के कई जिलों के लोगों को आधुनिक और सुलभ रेल यात्रा का अनुभव देगी। लोगों ने पटना से चली इस ट्रेन का स्वागत रास्ते में जोरदार ढंग से किया। आरा स्टेशन पर भारत माता और प्रधानमंत्री मोदी के जयकारे लगाए।*

### नार्वे, न्यूजीलैंड और सिंगापुर की आबादी के बराबर गरीबों को घर दिए

नार्वे, न्यूजीलैंड और सिंगापुर की जितनी कुल आबादी है, उससे ज्यादा हमने अकेले बिहार में गरीबों को घर दिए हैं। हमारे अकेले मोतिहारी जिले में 3 लाख के करीब गरीब परिवारों को पक्के घर मिले हैं और ये गिनती लगातार तेजी से आगे बढ़ रही है। घर के लिए राशि भी दे रहे हैं।

### 7217 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी

पीएम मोदी ने मोतिहारी से बिहारवासियों को 7217 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात दी है। उन्होंने पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर, रोजगार, विकास, माओवाद और इंडिया गठबंधन पर बातें की। राजद और कांग्रेस राजद की याद भी दिलाई। उनके शासन को बताया।

### राजद और कांग्रेस ने केवल अपना परिवार देखा

पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस के राज में विकास पर ब्रेक था, गरीब का पैसा गरीब तक पहुंचना असंभव था। जो शासन में थे, उनमें बस यही सोच थी कि कैसे गरीब के हक का पैसा लूट लें। वे गरीबों, दलितों, पिछड़ों और वंचित वर्गों के नाम पर मात्र राजनीति किए।

**ममता के आरोप पर बोले सरमा**

## असमिया, हिंदू और बंगाली मुख्यमंत्री बेनर्जी को छोड़ेंगे नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी पर जमकर निशाना साधा है। सरमा ने कहा कि ममता को केवल बंगाली



भाषी मुसलमानों की चिंता है। इसके अलावा उन्होंने चेतावनी दी कि यदि वह मुस्लिम-बंगालियों के लिए असम आती हैं, तो असमिया और हिंदू-बंगाली उन्हें नहीं छोड़ेंगे। गुरुवार को पश्चिम बंगाल की सीएम ममता ने भाजपा पर राजनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भाषाई पहचान को हथियार बनाने का आरोप लगाया था। ममता के इन्हीं आरोपों पर सरमा ने पलटवार किया है। सरमा ने पलटवार करते हुए कहा कि सवाल यह है कि क्या ममता बंगालियों को पसंद करती हैं या केवल मुस्लिम-बंगालियों को। मेरा जवाब केवल मुस्लिम-बंगाली है। उन्होंने कहा कि यदि वे मुस्लिम-बंगालियों के लिए असम आती हैं, तो असमिया लोग और हिंदू-बंगाली उन्हें नहीं छोड़ेंगे।

**बंगाल में क्यों नहीं लागू किया सीएए?**

*सरमा ने सवाल करते हुए पूछा कि अगर बेनर्जी बंगाली भाषी लोगों की सुरक्षा में रुचि रखती हैं, तो उन्होंने अपने राज्य में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम या सीएए क्यों लागू नहीं किया? बंगाली भाषी हिंदू वृहत्तर असमिया समाज में समाहित हो गए हैं और उनकी भाषा, संस्कृति, धर्म और सभी पहलुओं को यहां संरक्षित किया जाता है। हिमंत ने कहा कि ममता को यह समझना चाहिए कि असम में बंगाली-हिंदुओं को न केवल संरक्षित किया गया है, बल्कि उन्हें वृहत्तर असमिया परिदृश्य में समाहित भी किया गया है। उनके अपने मंत्री और विधायक हैं।*

## बिरमा नदी में बाढ़ में 3 पुल डूबे, 12 गांव मुख्यालय से कटे

एजेंसी ▸▸ हमीरपुर

यहां लगातार हो रही वर्षा से बांध से पानी छोड़े जाने से बिरमा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। 12 गांवों का संपर्क ब्लाक व मुख्यालय से टूट गया है। नदी किनारे बसे गांवों में बाढ़ का पानी घुस आया है। ग्राम बंडवा, उपरहका व बिलगांव जाने वाले मुख्य सड़क में बने 3 पुल बाढ़ से डूब गए हैं।

**कई राज्यों में बारिश का कहर**



लाल घेरे में वैन

### राजसमंद में सैलाब में फंसी स्कूली वैन, बच्चे मदद को चिल्लाए

**राजसमंद।** राजस्थान के राजसमंद जिले के कुंभलगढ़ क्षेत्र में बारिश ने जमकर तांडव किया। पानी के तेज बहाव में स्कूली वैन फंस गई। घटना कुंभलगढ़ क्षेत्र में उदयपुर रोड पर स्थित होटल लेक एलपी के पास हुई। लखेला तालाब का तटबंध टूट गया जिससे केलवाड़ा इलाके में पानी का वेग अचानक बढ़ गया। इसमें स्कूली वैन फंस गई। इसमें 10 बच्चे सवार थे। 2 बच्चे अपनी जान बचाने के लिए पास के पेड़ पर चढ़ गए और चिल्लाने लगे। सभी बच्चों और स्कूल स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। परशुराम महादेव रोड पर बने पुल से एक मंदबुद्धि महिला बह गई।

### अजमेर रेलवे स्टेशन बन गया झील!

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर शहर में गुरुवार देर रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने पूरे शहर की व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। शहर का प्रमुख माने जाने वाले अजमेर रेलवे स्टेशन का नजारा शुक्रवार सुबह कुछ ऐसा था, जैसे किसी झील या तालाब के किनारे खड़े हो।



**मुंबई हाई कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला**

*पति से संबंध बनाने से इनकार*

## विवाहेत्तर संबंध रखने का संदेह करना तलाक का ठोस आधार

एजेंसी ▸▸ मुंबई

हाई कोर्ट ने एक फैमिली कोर्ट के तलाक संबंधी आदेश को चुनौती देने वाली महिला को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि पति के साथ शारीरिक संबंध बनाने से इनकार करना और उस पर विवाहेत्तर (शादी के बाहर) संबंध रखने का संदेह करना क्रूरता है। इसलिए यह तलाक का आधार है। जज रेवती मोहिते डेरे और नीला गोखले की खंडपीठ ने कहा कि महिला के आचरण को उसके पति के प्रति 'क्रूरता' माना जा सकता है।

**फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती**



कोर्ट ने महिला की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। उक्त आदेश में पति की तलाक याचिका को मंजूरी दी गई थी। महिला ने याचिका में अपने पति से एक लाख मासिक गुजारा भत्ता दिलाने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया था।

### 2013 में शादी, 2014 से रहने लगे अलग

इस जोड़े की शादी साल 2013 में हुई थी, लेकिन दिसंबर 2014 से वे अलग रहने लगे। साल 2015 में पति ने क्रूरता के आधार पर तलाक के लिए पुणे की परिवार अदालत का रुख किया, जिसे मंजूरी मिल गई। महिला ने याचिका में कहा कि उसके ससुराल वालों ने उसे परेशान किया था, लेकिन वह अब भी पति से प्यार करती है और इसलिए वह विवाह संबंध खत्म नहीं करना चाहती।

**चांदनी चौक में अवैध निर्माण पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती**

# एक भी ईंट रखी तो गिरफ्तार करें, संपत्ति सील करें

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के ऐतिहासिक चांदनी चौक में अवैध निर्माणों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने अदालत के आदेश का उल्लंघन करते हुए बड़े पैमाने पर हुए अवैध और अनधिकृत निर्माणों गहरी चिंता जताई है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से कहा है कि जो लोग अवैध निर्माण में एक भी ईंट जोड़ते हुए पाए जाएं, उन्हें गिरफ्तार करें। ऐसी सभी संपत्तियों को सील भी किया जाए।



**पुलिस को दिया गिरफ्तारी का आदेश**

*सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों पर बड़ा सवाल उठाते हुए कहा कि नगर निगम के अधिकारियों की मिलीभगत से ये बड़ा घोटाला हो रहा है। इसे फौरन रोका जाना चाहिए वरना हम पुलिस को भी इस काम में लगाएंगे। बेंच ने दिल्ली पुलिस से कहा कि आप रोज इलाके में गश्त के लिए जाते हैं। अगर कोई अवैध निर्माण में ईंट भी जोड़ते पाया जाए तो उसे तुरंत गिरफ्तार किया जाए।*

**पुलिस आयुक्त को दिया गश्त करने का जिम्मा**

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि दिल्ली पुलिस आयुक्त क्षेत्र में गश्त के लिए पुलिस दल की तैनाती करते रहेंगे। वह यह सुनिश्चित करेंगे कि एमसीडी द्वारा पारित अवैध निर्माण ध्वस्तीकरण के ऐसे सभी नोटिस, जिन पर अदालतों ने स्थगन नहीं दिया है, उनका सावधानी और सख्ती के साथ पालन किया जाए। अदालत ने पूरे प्रकरण की स्थानीय डीसीपी से अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया।

### स्वर्ण मंदिर के पास बड़ी इमारतें क्यों बनी?

**अमृतसर।** यहां के ऐतिहासिक स्वर्ण मंदिर के आसपास ऊंची इमारतों के



बनाए जाने पर स्थानीय निकाय विभाग ने सवाल उठाया है। इतना ही नहीं विभाग की तरफ से इन इमारतों की ऊंचाई को नियंत्रित करने के लिए सख्त निर्देश भी जारी किए गए हैं। इन निर्देशों के तहत नगर निगम अधिकारियों को आसपास के क्षेत्रों में चल रहे और भविष्य में होने वाले निर्माण कार्यों को नियंत्रित करने के निर्देश दिया गया है।

**संसद सत्र के लिए भाजपा ने बनाई रणनीति**

## राजनाथ के आवास पर शाह-नड्डा समेत कई नेताओं ने किया मंथन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर भाजपा नेताओं ने एक रणनीतिक बैठक की। इसमें केंद्रीय मंत्री अमित शाह, पीयूष गोयल, किरेन रिजिजू, मनोहर लाल, जेपी नड्डा, एल. मुरुगन, अर्जुन राम मेघवाल और सीआर पाटिल समेत कई नेता शामिल हुए। पार्टी नेतृत्व ने आगामी संसद सत्र से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा और 21 अगस्त तक चलेगा। रविवार को होने वाली पारंपरिक सर्वदलीय बैठक के साथ माना जा रहा है कि मंत्रिसमूह ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर सहित कई मुद्दों पर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे हंगामे के बीच प्रासंगिक मुद्दों पर सरकार के रुख पर रणनीति बनाई। इस बैठक के एजेंडे पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है।



## खबर संक्षेप

### मसूद अजहर ने पीओके में बनाया नया ठिकाना

**नई दिल्ली।** पुलवामा हमले के साजिशकर्ता और जैश-ए-मोहम्मद के मुखिया मसूद अजहर को



बहावलपुर के पास पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में देखा गया है। बहावलपुर मसूद का गढ़ माना जाता है जहां से वह अपने ऑपरेशन संचालित करता है। इससे पहले उसे स्कर्दू में सदपारा रोड इलाके में देखा गया था। मसूद को पाकिस्तान की सरकार और वहां की सेना से संरक्षण प्राप्त है। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने हाल ही में दावा किया था कि मसूद अजहर अफगानिस्तान में हो सकता है।

### जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दें: फारूक

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर को राज्य के दर्जे की



मांग को दोहराते हुए कहा कि यह हम पर कोई एहसान नहीं है, यह हमारा हक है और यह मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को, पीएम और गृहमंत्री को जनता के साथ किए अपने वादे को पूरा करना चाहिए। जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा लौटाना न सिर्फ राजनीतिक रूप से जरूरी है बल्कि यह एक नैतिक जिम्मेदारी भी है, जिसे जल्द पूरा किया जाना चाहिए। इसे केंद्र शासित प्रदेश बनाकर संवैधानिक अधिकार से वंचित कर रखा है।

### सेल्फ-ड्राइविंग टैक्सी सर्विस में उतरेगी उबर

**नई दिल्ली।** कैब सर्विस देने वाली कंपनी उबर ने इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माता ल्यूसिड मोटर्स में



300 मिलियन डॉलर (करीब 25 अरब रुपए) निवेश करने का ऐलान किया है। यह निवेश उनके रोबोटैक्सी प्रोजेक्ट को लेकर हुआ है, जिसकी शुरुआत 2026 से अमेरिका के एक बड़े शहर से होने की योजना है। इस जॉइंट डील का मकसद सेल्फ-ड्राइविंग टैक्सी सर्विस को दोबारा रफ्तार देना है। इस डील के तहत अगले छह वर्षों में उबर, ल्यूसिड 20,000 से ज्यादा ग्रेविटी एसयूवी खरीदेगा।

---

आयरम डोम डिफेंस सिस्टम भी होगा फेल

# भारत और रूस बनाएंगे ब्रह्मोस हाइपरसोनिक मिसाइल, इसकी सीमा में अब पाक और चीन

ब्रह्मोस हाइपरसोनिक मिसाइल को लेकर काम शुरू हो चुका है। दोनों ही देश इस प्रोजेक्ट में जुट गए हैं। यह मिसाइल ध्वनि की गति से 8 गुना तेजी चलेगी। इसकी गति मैक-8 या मैक-9 तक हो सकती है

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारत की ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल का दुनिया लोहा मानती है। कुछ गिने-चुने एयर डिफेंस सिस्टम ही इसे रोकने में सक्षम हैं। वहीं ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस मिसाइल ने दुनिया को अपनी ताकत दिखा दी।

अब जल्द ही ब्रह्मोस को हाइपरसोनिक वेरिएंट भी आने वाला है। चीन से लेकर अमेरिका तक के एयर डिफेंस सिस्टम इस मिसाइल के आगे पानी भरेंगे। जानकारी के मुताबिक भारत और रूस जल्द ही इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर चुके हैं।

*एडवांस कंट्रोल सिस्टम स्टेल्थ फीचर्स से होगी लैस*

*11 हजार किमी प्रति घंटे की रफ्तार से वार करेगी*




**1500 किमी से अधिक की की मारक क्षमता**

इसकी मारक क्षमता 1500 किलोमीटर से अधिक होगी। ऐसे में कहा जा सकता है कि पाकिस्तान और चीन का बड़ा इलाका इसकी सीमा में होगा। इजराइल का आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम को काफी एडवांस माना जाता है, इसके लिए भी ब्रह्मोस हाइपरसोनिक मिसाइल को रोकना मुश्किल होगा।

### शुरू हुआ प्रोजेक्ट

*ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व महानिदेशक अतुल राणे ने बताया कि ब्रह्मोस हाइपरसोनिक मिसाइल को लेकर काम शुरू हो चुका है। दोनों ही देश इस प्रोजेक्ट में जुट गए हैं। यह मिसाइल ध्वनि की गति से 8 गुना तेजी चलेगी। इसकी गति मैक-8 या मैक-9 तक हो सकती है। यानी यह 11 हजार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वार कर सकती है। बता दें कि ब्रह्मोस मिसाइल का नाम ही भारत और रूस की दो नदियों ब्रह्मपुत्र और मोसकवा पर रखा गया है। इस प्रोजेक्ट में डीआरडीओ की 50.50 फीसदी और रूसी कंपनी की 49.50 फीसदी हिस्सेदारी है।*

#### दुश्मन के लिए इसे रोकना नामुमकिन

*ब्रह्मोस के इस वर्जन से डीप इनसाइड टारगेट्स को भी भेदा जा सकेगा। यह न केवल तेज गति से अपने लक्ष्य को निशाना बना सकती है बल्कि तेजी से मुड़ भी सकती है। ऐसे में दुश्मन के लिए इसे रोकना आसान नहीं होगा। यह दुश्मन के रडार सिस्टम को भी मात देने में सक्षम होगी। एडवांस कंट्रोल सिस्टम, स्टेल्थ फीचर्स और डिजाइन इसे और भी खास बना देते हैं।*

### एके-203 का स्वदेशी उत्पादन शुरू

भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में और 'मेक इन इंडिया' के तहत एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिसंबर 2025 तक एके-203 असॉल्ट राइफल का पूरी तरह स्वदेशी उत्पादन शुरू हो जाएगा। इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड (आईआरआरपीएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक मेजर जनरल एस.के. शर्मा ने




बताया कि पिछले डेढ़ साल में हमने भारतीय सेना को 48,000 एके-203 राइफलें सौंपी हैं। अगले छह महीनों में 70,000 और राइफलें सेना को दी जाएंगी। इसके बाद, हमारा लक्ष्य उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर प्रति वर्ष 1.5 लाख राइफलें करना है, ताकि 2030 तक भारतीय सेना को 6 लाख राइफलें उपलब्ध कराई जा सकें। एके-203 राइफल भारतीय सेना की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन की गई है। यह 7.62×39 मिमी कैलिबर की राइफल है, जो उच्च सटीकता, लंबी रेंज, और कठिन परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन प्रदान करती है।

#### सभी पुर्जे भारत में निर्मित हो रहे

यूपी के अमेठी जिले में स्थापित आईआरआरपीएल प्लांट, भारत और रूस के बीच रक्षा सहयोग का परिणाम है। यह संयुक्त उद्यम रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूस की रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के सहयोग से संचालित है। एके-203, जो विश्व प्रसिद्ध कलाश्निकोव राइफल का आधुनिक संस्करण है, अपनी विश्वसनीयता और कठिन परिस्थितियों में प्रदर्शन के लिए जानी जाती है। दिसंबर 2025 तक इस राइफल के सभी पुर्जे भारत में ही निर्मित होंगे, जिससे यह पूरी तरह स्वदेशी बन जाएगी।

---

*भारत की कूटनीतिक जीत* यूएस ने टीआरएफ को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया

*टीआरएफ ने पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी*

# मंत्री जयशंकर ने जताई खुशी, कहा आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस'

*कोई भी व्यक्ति इस संगठन को चंदा या मदद नहीं दे सकेगा*

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली**

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अमेरिका द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार टीआरएफ को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किए जाने की सराहना की। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि भारत-अमेरिका की आतंकवाद के खिलाफ सहयोग की एक मजबूत पुष्टि।

लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) घोषित करने के लिए विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अमेरिकी विदेश विभाग की सराहना करता हूं। इसी संगठन ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी।

आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस (शून्य सहिष्णुता)। विदेश मंत्रालय के अनुसार, हमले की कड़ी निंदा करने वाले ट्रंप ने टीआरएफ हमले के तुरंत बाद पीएम नरेंद्र मोदी को फोन किया था और इस जघन्य हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए भारत के प्रति पूर्ण समर्थन व्यक्त किया था।

### 'लश्कर-ए-तैयबा' की प्रॉक्सी विंग है टीआरएफ



*बता दें, 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने ही पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। टीआरएफ के प्रमुख शेख सज्जाद गुल को भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड बताया है। टीआरएफ पाकिस्तान के आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा' की प्रॉक्सी विंग (मुखौटा शाखा) है। कई वर्षों से टीआरएफ, जम्मू कश्मीर में आतंकी हमलों को अंजाम दे रहा है। खासतौर पर, जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों पर हमले और टारगेट किलिंग, ये टीआरएफ की रणनीति का हिस्सा रहा है।*

### टीआरएफ के वित्तपोषण पर लगेगी रोक

*अमेरिका का विदेश विभाग किसी संगठन की गतिविधियों को देखते हुए उसे विदेशी आतंकी संगठन (एफटीओ) घोषित करता है। एफटीओ के जरिए आतंकी संगठन के वित्तपोषण पर रोक लगाई जाती है। इसके अलावा अब कोई भी व्यक्ति इस संगठन को चंदा या किसी भी तरह की मदद नहीं दे पाएगा। साथ ही अमेरिका द्वारा अन्य देशों से भी उस संगठन के खिलाफ कार्रवाई की अपील की जाती है। जिस संगठन को विदेशी आतंकी संगठन घोषित किया गया है, वह 30 दिनों के भीतर अमेरिका की अदालत में अपील कर सकता है। हर दो साल बाद अमेरिकी सरकार एफटीओ की समीक्षा करती है।*

**अमेरिकी विदेश मंत्री बोले**

#### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के संग

मार्को रुबियो ने कहा कि यह कार्रवाई हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के प्रति ट्रंप प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह कार्रवाई अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, और भारत के साथ सहयोग का सबूत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मांग पर ऐसा फैसला लिया गया है। इसे भारत की बड़ी कूटनीतिक सफलता माना जा रहा है।

### अमेरिका ने गुरुवार को किया ऐलान

*अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने गुरुवार को कहा कि ट्रंप प्रशासन ने टीआरएफ को एफटीओ और एसडीजीटी की सूची में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला 2008 के मुंबई हमलों के बाद भारत में नागरिकों पर हुआ सबसे बड़ा आतंकी हमला था। 'लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का एक मुखौटा और प्रॉक्सी, टीआरएफ ने 22 अप्रैल, 2025 को भारत के पहलगाम में हुए हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। यह 2008 में मुंबई हमलों के बाद लश्कर का भारत में नागरिकों पर किया गया सबसे घातक हमला था। अमेरिकी सरकार का यह फैसला राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से पहलगाम हमले के दोषियों को न्याय के कठघरे में लाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।*

---

**ओआईसी में जाकर लगाई गुहार**

# सिंधु समझौते पर गिड़गिड़ाया पाक, किसी ने नहीं दिया साथ



**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारत की तरफ से सिंधु जल समझौते को रोके जाने का दुख पाकिस्तान ने मुस्लिम देशों के संगठन ओआईसी में भी सुनाया है। पाकिस्तान 57 मुसलमान देशों की संस्था इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की बैठक में यह बात रखी लेकिन ओआईसी ने इस मुद्दे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। जेद्दा में आयोजित ओआईसी के ह्यूमन राइट्स कमिशन के 25वें सत्र में 'राइट टू वार' नाम से आयोजित सेशन को संबोधित करते हुए पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि सैयद फवाद शेर ने कहा कि हमारे अधिकारों का भारत की ओर से हनन किया जा रहा है। भारत का यह फैसला मनमाना है।

#### हमारे लिए यह बड़ी परेशानी

सैयद शेर ने कहा कि हमारे लिए यह बड़ी परेशानी है। हालांकि पाकिस्तान के इस रुख के बाद भी मुस्लिम देशों के संगठन ने अब तक कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है, जिसमें इस मसले का कोई जिक्र हो। बता दें कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौते को रोक दिया है। इसके अलावा सिंधु समेत सभी नदियों पर बांध आदि परियोजनाओं पर तेजी लाई जा रही है। इनके माध्यम से पाकिस्तान की ओर से जाने वाले पानी का इस्तेमाल किया जाएगा।

#### पानी की कमी से खतरा पैदा होगा

सैयद शेर ने कहा कि पानी तो हमारे लिए मूल अधिकार की तरह है, लेकिन भारत उसे भी हमसे छीनने की कोशिश कर रहा है। हम तो पहले ही पानी के संकट का सामना कर रहे हैं। ऐसे में यदि भारत से आने वाली नदियों में पानी की कमी हुई तो हमारे आगे मुश्किल हालात होंगे। उन्होंने कहा कि इससे हमारे इलाके में जलवायु का संकट पैदा हो सकता है। पानी की किल्लत होगी और खेती से लेकर तमाम जरूरी चीजों पर खतरा पैदा होगा।

---

**भारत और कोरिया ने लोकतांत्रिक आदान-प्रदान को गहराने की प्रतिबद्धता दोहराई**

# लोकसभा अध्यक्ष ने कोरिया के पूर्व पीएम से मुलाकात में भारत की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति को दोहराया

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को संसद भवन में कोरिया गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री किम बू क्यूम के नेतृत्व वाले एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान भारत की आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की अटूट नीति को दोहराया।

बिरला ने जम्मू-कश्मीर में हुए हालिया आतंकवादी हमले, जिसमें 26 निर्दोष नागरिक मारे गए थे, की कड़ी निंदा की और कहा कि इस प्रकार की जघन्य घटनाएं अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अंतरात्मा



को झकझोर देती हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा अपनी धरती पर मौजूद आतंकी ढांचे के खिलाफ कार्रवाई न करने के कारण, भारत ने अपनी संप्रभुता का प्रयोग करते हुए जवाब दिया।

#### भारत-कोरिया के संबंध प्रगाढ़ होंगे

बिरला ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने और हाल ही में अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना पर संवेदना संदेश भेजने के लिए कोरियाई राष्ट्रीय विधानसभा के अध्यक्ष को धन्यवाद दिया। उन्होंने कोरिया की जनता को हाल ही में सम्पन्न राष्ट्रपति चुनाव के सफल आयोजन पर बधाई दी और भारतीय संसद की ओर से नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ली जे-म्युंग को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रपति ली के नेतृत्व में भारत-कोरिया संबंध और अधिक प्रगाढ़ होंगे।

---

**छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में मुठभेड़**

# सुरक्षा बलों ने छह नक्सली किए ढेर, हथियार और विस्फोटक जब्त



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर**

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में छह नक्सलियों को मार गिराया। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों के संयुक्त दलों को नक्सल विरोधी अभियान पर भेजा गया था। अभियान के दौरान शुक्रवार दोपहर से सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ चल रही है। अब तक तलाशी अभियान के दौरान मुठभेड़ स्थल से छह नक्सलियों के शव, एके-47 और एसएलआर राइफल, कई अन्य हथियार, विस्फोटक सामग्री तथा दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गई हैं। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को एक पक्का खुफिया इनपुट मिला था कि इलाके में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं।

---

**एयरफोर्स स्कूल के समारोह को विदेश मंत्री ने किया संबोधित**

# कूटनीति के जरिए कई बार विदेशों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालकर घर लाए

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली**

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने दिल्ली में एयरफोर्स स्कूल के 70वें स्थापना दिवस समारोह में यमन का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा समय में सभी नागरिकों का ध्यान भारत सरकार की कूटनीति पर है। क्योंकि मुसीबत के वक्त हमने अभियान चलाकर अपने नागरिकों की रक्षा की है। कूटनीति के जरिए ही हमने यमन में गृहयुद्ध के बीच फंसे हुए भारतीयों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए ऑपरेशन राहत चलाया था। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध



के बीच यूक्रेन में फंसे हुए भारतीयों की स्वदेश वापसी के लिए चलाए गए ऑपरेशन गंगा के साथ-साथ अफगानिस्तान, नेपाल से भी मुसीबत के दौरान अपने देश के नागरिकों को वापस लाने के सरकारी प्रयासों, अभियानों के बारे में जानकारी दी।

#### स्कूल में मिली सीख जीवनभर मदद करती है

जयशंकर ने कहा कि स्कूल जाने वाले छात्र चार संदेशों को याद रखें। जिनमें सबसे पहले स्कूल को गंभीरता से लें-शिक्षकों की बात सुनें। दूसरा, दुनिया में रूचि लें क्योंकि हम वैश्वीकरण के युग में रह रहे हैं। जहां दुनिया हमारे घर तक पहुंच चुकी है। हम जो कुछ भी करते हैं, उसे आकार दुनिया ही देती है। स्कूल में जो गुण हम सीखते हैं। वो बाकी जीवनभर हमें आगे बढ़ने में मदद करते हैं। जैसे टीम वर्क, लोगों की खूबियों को पहचानना और एकजुट होकर काम को आगे बढ़ाना।

---

**बौद्ध भिक्षुओं के कथित अश्लील वीडियो**

# ब्लैकमेल कर महिला ने कमाए 102 करोड़ रुपए, अब गिरफ्तार



**एजेंसी ▶▶ बैंकॉक**

थाईलैंड में बौद्ध भिक्षुओं को सेक्सुअल रिलेशनशिप में उलझाकर ब्लैकमेल करने के एक बहुत बड़े कांड का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। आरोप है कि 35 साल की महिला विलवान एम्सावत ने बौद्ध भिक्षुओं के साथ शारीरिक संबंध बनाए और इसके तस्वीरें और वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल किया। पुलिस ने महिला को बैंकॉक के नॉर्थ में नॉनथाबुरी स्थित उनके आलीशान घर से गिरफ्तार कर लिया है। उसके फोन से कई बौद्ध भिक्षुओं के साथ सेक्स करते हुए वीडियो और ब्लैकमेलिंग चैट मिले हैं। महिला के घर से पुलिस ने 80 हजार से ज्यादा न्यूड फाइल्स बरामद की हैं, जिन्हें वह बौद्ध भिक्षुओं को ब्लैकमेल कर पैंसे ऐंठने के लिए इस्तेमाल करती थी। यह मामला जून में तब सामने आया था, जब बैंकॉक में एक बौद्ध मठ के मठाधीश अचानक लापता हो गए थ। पुलिस का मानना है कि महिला द्वारा ब्लैकमेल किए जाने के बाद उन्होंने वाट त्रि थोत्साथेप मठ छोड़ दिया था।

---

**विशाखापत्तनम में हुए एक समारोह में रक्षा राज्य मंत्री ने निस्तार को नौसेना में किया शामिल**

# नौसेना की प्रमुख सुरक्षा भागीदार की मजबूत भूमिका का प्रतीक 'निस्तार'

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली**

सीमाओं पर बढ़ती चीन-पाकिस्तान की साझा युद्ध जैसी चुनौती के बीच शुक्रवार को स्वदेशी रूप से डिजाइन के साथ निर्मित पहला डाइविंग सपोर्ट युद्धपोत 'आईएनएस निस्तार' नौसेना के जंगी बेड़े में आधिकारिक रूप से शामिल किया गया। विशाखापत्तनम में एक भव्य समारोह हुआ। जिसमें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। यह युद्धपोत हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) द्वारा निर्मित दो में से पहला है। जिसे गहरे समुद्र में गोताखोरी और बचाव कार्यों के सफल क्रियान्वयन के लिए देश के अंदर तैयार किया गया है। वर्तमान में यह क्षमता दुनिया के कुछ गिने-चुने देशों के पास ही है। अब इस सूची में भारत का नाम भी शुमार हो गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी।

### पनडुब्बी बचाव में मददगार



नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा, निस्तार एक तकनीकी संपत्ति के साथ एक अहम परिचालन प्रवर्तक है। निस्तार नौसेना के अलावा हमारे क्षेत्रीय भागीदारों को पनडुब्बी बचाव सहायता प्रदान करेगा। जिससे देश एक पसंदीदा पनडुब्बी बचाव भागीदार के रूप में उभर सकेगा। यह युद्धपोत आत्मनिर्भर भारत के साथ ही हमारे समुद्री औद्योगिक आधार की बढ़ती क्षमता की परिपक्वता का प्रमाण है।

#### निस्तार की विशेषताएं

*मंत्रालय ने कहा कि निस्तार गहरे समुद्र में 300 मीटर की गहराई तक गोताखोरी और बचाव कार्यों में सहयोग कर सकता है। इसमें अत्याधुनिक डाइविंग उपकरण (रिमोट संचालित वाहन, स्व-चालित हाइपरबेरिक लाइफबोट, डाइविंग कम्प्रेशन चेंबर) लगे हुए हैं। पोत की मदद से समुद्री सतह से काफी नीचे संकट में फंसी हुई पनडुब्बी से कर्मियों को बचाने और उन्हें बाहर निकालने के लिए गहरे जलमग्न बचाव पोत की तरह से भी कार्य किया जा सकता है। इसकी लंबाई 118 मीटर और कुल वजन-विस्थापन क्षमता 10 हजार टन से अधिक है। निस्तार के निर्माण में 120 एमएसएमई ने योगदान दिया है। इसमें 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। समारोह में नौसेना और एचएसएल के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।*

#### देश की तकनीकी संपत्तिः सेठ

समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि निस्तार युद्धपोत क्षेत्र में नौसेना की प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता और मुख्य सुरक्षा भागीदार की भूमिका को मजबूती के पुष्ट करता है। ये न केवल देश की तकनीकी संपत्ति है। बल्कि एक महत्वपूर्ण परिचालन प्रवर्तक भी है। जिसे नौसेना में शामिल किया जाना तकनीकी उपलब्धि के साथ ही भविष्य के लिए तैयार बल के निर्माण की दिशा में भारतीय जहाज निर्माण के अध्याय में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, स्वदेशी जहाज निर्माण उद्योग सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान के प्रमुख प्रयासों में से एक रहा है। मौजूदा वक्त में देश के अलग-अलग शिपयार्ड में बनाए जा रहे 57 युद्धपोतों का निर्माण स्वदेशी स्तर पर किया जा रहा है। सेठ ने सशस्त्र बलों की क्षमताओं पर विश्वास जताते हुए कहा कि भारत अपने विरोधियों के किसी भी दुस्साहस से मुकाबला करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# आईपीएल बनी 'सोने की मुर्गी', बीसीसीआई की 2023-24 में छप्परफाड़ कमाई! सिर्फ ब्याज से मिले 987 करोड़

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने साल 2023-24 के लिए अपनी कमाई का खुलासा किया है। बोर्ड को सबसे ज्यादा कमाई इंडियन प्रीमियर लीग के प्रसारण अधिकार से हुई है। आईपीएल बीसीसीआई के लिए सोने की मुर्गी बन गई है। दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड का खजाना लगातार बढ़ रहा है। इसका श्रेय दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टी20 लीग मानी जाने वाली आईपीएल की बढ़ती लोकप्रियता को दिया जा रहा है।



## बोर्ड के पास 30 हजार करोड़ का रिजर्व

इसके अलावा बोर्ड ने पिछले फाइनेंशियल ईयर में सिर्फ ब्याज से 987 करोड़ रुपए कमाए थे। इस दौरान इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल डिस्ट्रीब्यूशन से उन्हें 1,042 करोड़ रुपए मिले हैं। ये नहीं बीसीसीआई को आईपीएल के अलावा रेवेन्यू बढ़ाने के लिए रणजी ट्रॉफी, दिलीप ट्रॉफी या सीके नायडू ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट के आयोजन से भी काफी मदद मिलती है। इन भी घरेलू टूर्नामेंट से भी बोर्ड को काफी फायदा होता है। इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि बोर्ड के पास लगभग 30 हजार करोड़ का रिजर्व है।

## कमाई में आईपीएल का 59 प्रतिशत योगदान

*एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारतीय क्रिकेट बोर्ड की हुई कमाई में अकेले आईपीएल ने 59 प्रतिशत का योगदान दिया है। बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया को 2023-24 में इंडियन प्रीमियर लीग से कुल 5.761 करोड़ रुपए की कमाई हुई। बीसीसीआई ने साल 2023 से 2027 के लिए आईपीएल के प्रसारण अधिकार कुल 48,390 करोड़ रुपये में बेचे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने वित्त वर्ष 23-24 में 9,741.7 करोड़ रुपए का रेवेन्यू अर्जित किया, जिसमें आईपीएल का योगदान 5,761 करोड़ रुपए है। आईपीएल के बिना मीडिया राइट्स से भी बीसीसीआई को अच्छी कमाई हुई। रिपोर्ट के अनुसार, इंटरनेशनल टूर्नामेंटों के प्रसारण अधिकारों सहित नॉन-आईपीएल मीडिया अधिकारों की बिक्री से 361 करोड़ रुपए की कमाई हुई।*



## महिला प्रीमियर लीग से 378 करोड़ की कमाई

वहीं बीसीसीआई ने आईपीएल की सफलता के बाद महिला प्रीमियर लीग की भी शुरुआत की थी। इसके 2023-24 सीजन से उन्होंने 378 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके अलावा भारतीय टीम जब दूसरे देशों में क्रिकेट खेलने जाती हैं तो भी उनकी कमाई होती है। पुरुष क्रिकेट टीम के दौरे से बोर्ड ने 361 करोड़ रुपए की कमाई की है यहीं नहीं बाकी चीजों से भी बीसीसीआई ने 2023-24 में 400 करोड़ रुपए की कमाई की। इसमें एडवरटाइजमेंट और बाकी चीजें शामिल हैं। कमाई के मामले में बाकी देशों के बोर्ड बीसीसीआई से काफी पीछे हैं।

## खबर संक्षेप



### ईस्ट बंगाल के लिए खेलेंगे ब्राजील के मिगुएल

**कोलकाता।** इंडियन सुपर लीग क्लब ईस्ट बंगाल ने शुक्रवार को ब्राजील के मिगुएल फिगुएरा, फलस्तीन के मोहम्मद राशिद और अर्जेंटीना के डिफेंडर केविन सिबिल के साथ करार की घोषणा की। लंबे कद के मिडफील्डर फिगुएरा बांग्लादेश के बशुंधरा किंग्स से जुड़े हुए थे, जिसके साथ उनका कार्यकाल काफी सफल रहा। इसमें उन्होंने 2021-24 तक लगातार तीन बांग्लादेश प्रीमियर लीग खिताब और लगातार दो इंडिपेंडेंस कप (2022-24) जीते। बशुंधरा में शामिल होने से पहले वह ब्राजीलियाई सीरी बी क्लब गोइयास ईसी में थे, जिसमें उन्होंने 64 मैच में 37 गोल दागे थे।

### अंडर-31 ब्रिज टीम ने जीता कांस्य पदक



**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-31 ब्रिज टीम ने 19वीं विश्व युवा टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता, जबकि अंडर-16 टीम चौथे स्थान पर रही। इटली के साल्सोमगिओरे में आयोजित टूर्नामेंट का अंतिम दिन यह दोनों भारतीय टीमें पोडियम स्थान (शीर्ष तीन) हासिल करने की दौड़ में थीं। अंडर-16 टीम दो करीबी सेटों के बाद सेमीफाइनल प्लेऑफ में फ्रांस से हार गई। यह टीम हालांकि इस प्रतियोगिता के अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली भारतीय टीम बन गई। अंडर-31 टीम ने 'बोर्ड ए मैच' स्पर्धा में 24 प्रतिस्पर्धी टीमों में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता। अंडर-16 टीम में प्रखर बंसल, विहा गहरोत्रा, अनन्या मेहता, जशित नारंग, अधियमान जोडिपाचे और अगिलन जोडिपाचे शामिल थे। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे को छह आईएमपी (अंतरराष्ट्रीय मैच प्वाइंट) से हराया था। भारतीय अंडर-21 और अंडर-26 टीमें शीर्ष आठ में जगह नहीं बना पाईं।

### शिलांग लाजोंग के मुख्य कोच बने बीरेंद्र थापा



**शिलांग।** मेघालय की शिलांग लाजोंग एफसी ने आई-लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र से पहले पूर्व खिलाड़ी और लंबे समय से क्लब से जुड़े बीरेंद्र थापा को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। कोच बीरू के नाम से लोकप्रिय थापा पिछले दो दशक से भी अधिक समय से फुटबॉल से जुड़े हुए हैं। वह 2001 से इस क्लब के साथ खिलाड़ी, टीम मैनेजर और सहायक कोच सहित विभिन्न भूमिकाओं में जुड़े हुए हैं। थापा 2001 से 2009 तक क्लब के लिए खेले और वह 2009-10 आई-लीग सत्र के लिए क्वालीफाई करने वाली टीम का हिस्सा थे। पेशेवर फुटबॉल से संन्यास लेने के बाद थापा को टीम मैनेजर और सहायक कोच नियुक्त किया गया।

भारत ने साउथम्प्टन में पहला मैच चार विकेट से जीता था

भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को टी20 श्रृंखला में हराया

## लॉर्ड्स में दूसरा वन डे आज, दोपहर 3:30 बजे होगा शुरू

# भारतीय महिला टीम की निगाह इंग्लैंड से वनडे सीरीज जीतने पर

एजेंसी ▸▸| लंदन

कई मैच विजेता खिलाड़ियों से सजी भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को होने वाले दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके श्रृंखला में अजेय बढ़त बनाने के साथ ही आगामी विश्व कप के लिए अपनी पुख्ता तैयारी को नए मुकाम पर पहुंचाने की कोशिश करेगी।

भारत ने साउथम्प्टन में पहला मैच चार विकेट से जीता था और लॉर्ड्स में जीत से वह तीन मैचों की इस श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर लेगा। इससे हाल के दिनों में इस प्रारूप में उसकी जीत का सिलसिला भी जारी रहेगा, जिसमें मई में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में मिली जीत भी शामिल है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिसकी मेजबानी भारत इस वर्ष के अंत में करेगा। कई खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के कारण विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, जो मुख्य कोच अमोल मजूमदार और कप्तान हरमनप्रीत कौर के लिए अच्छा सिरदर्द है।




## दीप्ति ने पहले वन डे मारा था एक हाथ से छक्का

स्पिन विभाग भी काफी मजबूत है, जिसमें अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाली बाएं हाथ की स्पिनर एन. श्री चरणी के अलावा अनुभवी दीप्ति, स्नेहा राणा और राधा यादव भी शामिल हैं। पहले वनडे में नाबाद अर्धशतक जमा कर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली दीप्ति ने अपनी इस पारी के दौरान ऋषभ पंत की तरह एक हाथ से छक्का लगाया था। शनिवार को होने वाले मैच में उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। भारतीय महिला टीम ने इससे पहले इंग्लैंड को टी20 श्रृंखला में हराया था और अब वनडे श्रृंखला जीतने से उसका 30 सितंबर से शुरू होने वाले वनडे विश्व कप के लिए मनोबल और बढ़ेगा। जहां तक इंग्लैंड की टीम का सवाल है तो उसको जीत हासिल करने के लिए खेल के तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

## तेज गेंदबाज रेणुका और पूजा चोटिल होने के कारण श्रृंखला से बाहर

टीम में कुछ ऐसे स्थान हैं, जिनमें टीम प्रबंधन के पास कई विकल्प हैं। टीम की गहराई और बेंच स्ट्रेंथ पहले कभी इतनी अच्छी नहीं रही। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर और पूजा वस्त्राकर चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला में नहीं खेल रही हैं। उनकी अनुपस्थिति में टीम ने पहले मैच में थोड़ी अधिक अनुभवी अरुंधति रेड्डी की जगह क्रांति गौड़ को तरजीह दी और इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने दो विकेट लेकर अपना प्रभाव छोड़ा। प्रतीका रावल शीर्ष क्रम में स्मृति मंधाना की जोड़ीदार के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में उभरी हैं, जबकि शैफाली वर्मा भी टी20 अंतरराष्ट्रीय, महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) और घरेलू क्रिकेट में अपने फॉर्म के कारण दावेदार बनी हुई हैं। हरलीन देओल भी अच्छी फॉर्म में हैं और अगर शैफाली निकट भविष्य में अंतिम एकादश में वापसी करती हैं तो रावल को तीसरे नंबर पर उतारा जा सकता है। ऐसी स्थिति में देओल को टीम में शामिल करना मुश्किल होगा, जिसके बल्लेबाजी विभाग में हरमनप्रीत, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष भी शामिल हैं।

## खेली थी 61 रनों की नाबाद पारी

# लॉर्ड्स टेस्ट में जडेजा की जुझारू पारी मिला सबसे मूल्यवान खिलाड़ी का तमगा



एजेंसी ▸▸| लंदन

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा की प्रशंसा करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में उनके प्रदर्शन को अविश्वसनीय जुझारूपन करार दिया, जिसके लिए उन्हें टीम का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) का तमगा भी दिया गया। जडेजा 181 गेंदों पर 61 रन बनाकर नाबाद रहे लेकिन उनकी इस शानदार पारी के बावजूद भारत तीसरे टेस्ट में 22 रन से हार गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को अपनी वेबसाइट पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें गंभीर ने जडेजा की जमकर तारीफ की है। गंभीर ने 'द एमवीपी फीट रवींद्र जडेजा' शीर्षक वाले वीडियो में कहा, ' यह अविश्वसनीय जुझारूपन था। जडेजा की जुझारू पारी वास्तव में शानदार थी।' भारतीय टीम 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गई और उसके शीर्ष आठ बल्लेबाज 40 ओवर से भी कम समय तक टिक सके। लेकिन सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए जडेजा ने दृढ़ता से काम किया और पुछल्ले बल्लेबाजों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ मिलकर साहस और धैर्य का शानदार परिचय दिया। बुमराह ने 54 गेंदों का सामना करते हुए पांच रन और सिराज ने 30 गेंदों पर चार रन बनाए। भारत 74.5 ओवर में 170 रन पर आउट हो गया और इस तरह से पांच मैचों की श्रृंखला में 1-2 से पीछे हो गया।

## जडेजा में दबाव झेलने की क्षमता

वीडियो में सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने कहा, 'जडेजा की बल्लेबाजी एक अलग ही स्तर पर पहुंच गई है। पिछले दो टेस्ट मैचों में उन्होंने, जो धैर्य दिखाया वह वास्तव में काबिले तारीफ है। मैं उन्हें वर्षों से खेलते हुए देख रहा हूं। मैंने देखा है कि उन्होंने अपने खेल को कैसे निखारा है। उनका डिफेंस बहुत मजबूत है और वे एक बेहतरीन बल्लेबाज लगते हैं।' भारत के बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक ने कहा, 'मुझे हमेशा लगता था कि उनमें दबाव झेलने की क्षमता है। वह आमतौर पर कुछ ऐसा करते हैं, जिसकी टीम को किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में जरूरत होती है। वह टीम के लिए वाकई बहुत मूल्यवान हैं।' तेज गेंदबाज सिराज ने कहा, 'उनके जैसा खिलाड़ी मिलना बहुत मुश्किल है। हम भाग्यशाली हैं कि हमारी टीम में ऐसा खिलाड़ी है।'

# बटलर ने टी20 क्रिकेट में पूरे किए 13 हजार रन, बने वर्ल्ड क्रिकेट के 7वें खिलाड़ी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इंग्लैंड में खेली जा रही उनके घरेलू टी20 टूर्नामेंट टी20 ब्लास्ट में जोस बटलर ने यॉर्कशायर टीम के खिलाफ हुए गुरुवार को हुए मैच में एक बड़ी उपलब्धि अपने करियर में हासिल की। बटलर, जो लंकाशायर की टीम से खेलते हैं उनके बल्ले से इस मुकाबले में 77 रनों की बेहतरीन पारी देखने को मिली, जिसके दम पर वह इंग्लैंड की तरफ से टी20 क्रिकेट में 13 हजार रनों का आंकड़ा पूरा करने वाले वर्ल्ड क्रिकेट के 7वें खिलाड़ी बन गए हैं।




## बटलर का टी20 कॅरियर

जोस बटलर का टी20 करियर देखा जाए तो वह वर्ल्ड क्रिकेट की अधिकतर टी20 लीग में खेलते हुए दिखते हैं, जिसमें उन्होंने अब तक कुल 457 मैचों में 35.74 के औसत से कुल 13046 रन बनाए हैं। वहीं बटलर के बल्ले से टी20 में 8 शतकीय तो 93 अर्धशतकीय पारियां भी देखने को मिली हैं। जोस बटलर का टी20 क्रिकेट में स्ट्राइक रेट 145.97 का है।

## टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी

| | |
|---|---|
| क्रिस गेल | - 14562 रन |
| कायरन पोलार्ड | - 13854 रन |
| एलेक्स हेल्स | - 13814 रन |
| शोएब मलिक | - 13571 रन |
| विराट कोहली | - 13543 रन |
| डेविड वॉर्नर | - 13395 रन |
| **जोस बटलर** | **- 13046 रन** |

## यूरो 2025: इंग्लैंड सेमीफाइनल में...



**ज्यूरिख।** इंग्लैंड ने तीन मिनट के अंदर दो गोल करके पहले स्कोर बराबर किया और फिर पेनल्टी शूटआउट में स्वीडन को 3-2 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2025) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना मंगलवार को इटली से होगा।

## आईसीसी ने प्रतीका पर लगाया जुर्माना

***दुबई।*** *भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज प्रतीका रावल और इंग्लैंड की टीम पर शुक्रवार को साउथम्प्टन में खेले गए तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के पहले मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया। रावल पर दो अलग-अलग घटनाओं में लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया। रावल को 18वें ओवर के दौरान इंग्लैंड की गेंदबाज लॉरेन फाइलर और उसके अगले ओवर में सोफी एक्लेस्टोन के साथ अनावश्यक शारीरिक संपर्क बनाने का दोषी पाया गया।*

## फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम टूर शतरंज : प्रज्ञानानंदा खिताब की दौड़ से बाहर

# अर्जुन का शानदार प्रदर्शन, सेमीफाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▸▸| लास वेगास

भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराकर यहां 750,000 डॉलर इनामी फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम टूर शतरंज प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन आर. प्रज्ञानानंदा अमेरिका के फैबियानो कारूआना से हारकर खिताब की दौड़ से बाहर हो गए। अर्जुन ने अब्दुसत्तोरोव पर 1.5-0.5 से जीत हासिल की, लेकिन प्रज्ञानानंदा एक कड़े मुकाबले में कारूआना से 3-4 से हार गए।

क्वार्टरफाइनल चरण में लेवोन अरोनियन और हंस मोके नीमन की अमेरिकी जोड़ी भी जीत हासिल करने में सफल रही। उन्होंने क्रमशः अमेरिका के हिकारू नाकामुरा और उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंडारोव को हराया। जहां अरोनियन ने 2.5-1.5 के अंतर से जीत हासिल की, वहीं निमन को सिंडारोव को 4-2 से हराने में अधिक समय लगा।



सेमीफाइनल में अर्जुन का मुकाबला अरोनियन से जबकि नीमन का कारूआना से होगा।

### कार्लसन ने विदित को हराया

निचले वर्ग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अपनी जीत की लय वापस पा ली। उन्होंने भारत के विदित गुजराती को आसानी से 2-0 से हराया। निचले वर्ग के अन्य मुकाबलों में अमेरिका के वेस्ली सो ने हमवतन सैमुअल सेवियन को जबकि लीनियर डोमिनगेज पेरेज ने कजाकिस्तान की बिबिसारा अस्सौबायेवा को 1.5-0.5 के समान अंतर से हराया। पहले चरण के विजेता जर्मनी के विन्सेंट कीमर ने अमेरिका के ही रॉबसन रे को 2.5-1.5 के अंतर से पराजित किया।

### एरिगैसी ने शुरुआत से ही बनाई बढ़त

अर्जुन ने दोनों ही बाजी में शानदार प्रदर्शन किया और शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी। दूसरी बाजी में सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए भारतीय खिलाड़ी ने शुरुआत में ही अपनी स्थिति मजबूत कर ली और फिर अब्दुसत्तोरोव को आसानी से मात दी। इससे पहले पहली बाजी में भी अर्जुन ने बढ़त हासिल की थी, लेकिन बाद में कुछ गलतियों के कारण उज्बेक खिलाड़ी को आधा अंक मिल गया।

### प्रज्ञानानंदा नहीं रख पाए लय बरकरार

प्रज्ञानानंदा और कारूआना के बीच कुल सात निर्णायक बाजियां खेली गईं। इस दौरान भारतीय खिलाड़ी ने तीन बार बढ़त बनाई। प्रज्ञानानंदा ने पहली बाजी जीती लेकिन दूसरी बाजी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। छठी बाजी तक यह सिलसिला बना रहा। इसके बाद अमेरिकी खिलाड़ी ने सातवीं बाजी जीत कर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। प्रज्ञानानंदा इस हार से सात अन्य खिलाड़ियों के साथ निचले ब्रैकेट में खिसक गए हैं।

# ओलिविया स्मिथ बनी दुनिया की सबसे महंगी महिला फुटबॉलर



एजेंसी ▸▸| लंदन

ओलिविया स्मिथ महिला फुटबॉल इतिहास की सबसे महंगी खिलाड़ी बन गईं हैं। आर्सेनल ने कनाडा की इस 20 वर्षीय खिलाड़ी को 10 लाख पाउंड (लगभग 11 करोड़ 57 लाख रुपए) की विश्व रिकॉर्ड ट्रांसफर फीस पर लिवरपूल से अपनी टीम में शामिल किया।

महिला फुटबॉल में यह नई धनराशि जनवरी में सैन डिएगो वेव से नाओमी गिर्मा को अपनी टीम से जोड़ने के लिए चेल्सी की ओर से भुगतान की गई 900,000 पाउंड की राशि को पार कर गई है। आर्सेनल की महिला फुटबॉल निदेशक क्लेयर व्हीटली ने कहा, 'वह खेल की सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक हैं और क्लब में आगे बढ़ने की उनमें अपार संभावनाएं हैं।' अनुबंध के बारे में जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि इस फॉरवर्ड ने चार साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

## कानन देवी की कहानी है साहस, कला और समर्पण का एक उदाहरण

# भारत की पहली लेडी सुपरस्टार, लेकिन रिश्तेदारों के घर में नौकरानी का काम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आज भारतीय सिनेमा में कई महिलाएं प्रमुख अभिनेताओं के बराबर चमक रही हैं। वे अभिनय के अलावा निर्माता, गायक के रूप में भी अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं। लेकिन, भारत की आजादी से पहले ही भारतीय सिनेमा की पहली 'लेडी सुपरस्टार' ने यह सब कर दिखाया था। वह हैं बंगाली सिनेमा की पहली सुपरस्टार कानन देवी। मेलोडी क्वीन के नाम से मशहूर कानन देवी एक बेहतरीन अभिनेत्री, गायिका और फिल्म निर्माता थीं। उनकी मधुर आवाज, भावनात्मक अभिनय और साहसी व्यक्तित्व ने उन्हें दर्शकों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी. हालांकि, कनन देवी का शुरुआती जीवन इतना आसान नहीं था।



### अभिनय के साथ गाने भी गाए

*बाद में, उन्होंने बोलती फिल्मों में भी काम किया और अपनी पहचान बनाई। जोरभारत (1931), मां (1934), मनमय गर्ल्स स्कूल (1935) जैसी फिल्मों में अभिनय किया। मुक्ति (1937) और विद्यापति (1937) की सफलता ने उन्हें सुपरस्टार का दर्जा दिलाया। इों में उन्होंने न केवल अभिनय किया, बल्कि अपनी मधुर आवाज से गाने भी गाए और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी लोकप्रियता बढ़ती गई और एक समय ऐसा आया जब उन्हें भीड़ से बचाने के लिए सुरक्षा दी गई।*

### जयदेव थी पहली फिल्म

*पश्चिम बंगाल के हावड़ा में 22 अप्रैल 1916 को जन्मी कानन देवी गरीबी में पली-बढ़ीं। उनके बचपन का अधिकांश समय गरीबी में बीता। उनके पिता की मृत्यु के बाद, वह अपने रिश्तेदारों के घर में नौकरानी का काम करने लगीं। 10 साल की उम्र में, एक दोस्त की मदद से उन्हें मूक फिल्मों में काम करने का मौका मिला। 1926 में रिलीज हुई जयदेव उनकी पहली फिल्म थी, जिसमें उन्हें केवल पांच रुपए का वेतन मिला। यही उनके सिनेमा कॅरियर की शुरुआत थी।*

### खुद की प्रोडक्शन कंपनी में बनाईं फिल्में

उस समय में ही उन्होंने श्रीमती पिक्चर्स नाम से अपनी खुद की प्रोडक्शन कंपनी शुरू की और फिल्में बनाईं। इसी तरह, सव्यसाची कलेक्टिव नामक कंपनी भी शुरू की और बंगाली साहित्य पर आधारित फिल्में बनाईं, जिससे वह भारत की पहली महिला फिल्म निर्माता बनीं।

### दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से किया सम्मानित

उस समय में एक महिला का फिल्म में अभिनय करना और फिल्में बनाना आसान नहीं था। इसलिए, इसे एक क्रांति के रूप में देखा गया। कानन देवी ने अपनी फिल्मों के माध्यम से समाज में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने की कोशिश की। तीन दशकों तक सिनेमा में सक्रिय रहीं और लेडी सुपरस्टार के रूप में जानी गईं। 1968 में उन्हें पद्मश्री और 1976 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### वैवाहिक जीवन में कठिनाइयों का किया सामना

सिनेमा में स्टार होने के बावजूद, कानन देवी ने अपनी वैवाहिक जीवन में कुछ कठिनाइयों का सामना किया। उन्होंने दो शादियां कीं। पहली शादी ब्रह्म समाज के प्रसिद्ध विद्वान हरंबा चंद्र मैत्रा के बेटे अशोक मैत्रा से की। इस शादी का कड़ा विरोध हुआ। एक महिला के रूप में फिल्मों में काम करने के कारण उनकी शादी का विरोध हुआ। हालांकि, पहली शादी पांच साल में ही टूट गई। इसके बाद, कानन देवी ने दूसरी शादी हरेंद्रनाथ चक्रवर्ती से की। उनके एक बेटा हुआ। हालांकि, पहली शादी के संकट से उबरने में कानन देवी को काफी समय लगा। इसी बीच, 1992 में उनका निधन हो गया। लेकिन, गरीबी से उठकर सिनेमा में प्रवेश कर, जो कोई भी महिला नहीं कर पाई, वह सब कर दिखाने वाली कानन देवी की कहानी साहस, कला और समर्पण का एक उदाहरण है।

## टीवी मसाला



### दयाबेन बनकर दिशा ने हमेशा हंसाया है सबको

नई दिल्ली। तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में दया बेन यानी दिशा वकाणी काफी समय से गायब हैं। फैंस दिशा को दयाबेन के रूप में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि बीच में कई बार ऐसी खबर आई कि दिशा की जगह अब नई दयाबेन आएगी, लेकिन फिर ये खबरें बंद हो जाती हैं। अब शो में सोनू का किरदार निभा चुकीं निधि भानुशाली ने दया बेन को लेकर बात की। निधि से पूछा गया कि क्या वह दिशा को तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में देखना चाहते हैं? इस पर निधि बोलती हैं कि यह फैसला दिशा को ही लेना पड़ेगा और जो भी उनका फैसला हो दर्शकों को उनके फैसले की रिस्पेक्ट करनी चाहिए। निधि ने कहा, 'मुझे सच में लगता है कि हम में से कोई फैसला ले सकता है। यह उनकी लाइफ है, उनकी जर्नी है और सिर्फ उन्हें हक है वह क्या करना चाहती हैं।' निधि ने आगे कहा, 'बतौर दर्शक हम सब चाहते हैं कि दिशा कमबैक करें, लेकिन हमें उनके हर फैसले की रिस्पेक्ट करनी चाहिए। उन्होंने अपनी मौजूदगी में हमेशा हमें हंसाया है।'

### नजर आएगी विवयन और दीपिका की जोड़ी


**नई दिल्ली।** कलर्स टीवी का चेहरा रह चुके विवियन डीसेना और दीपिका कक्कड़ के फैंस के लिए एक खुशखबरी है। बिग बॉस के घर में नजर आ चुके ये एक्टर्स जल्द ही एक नए प्रोजेक्ट में साथ नजर आएंगे। विवियन और दीपिका का ये प्रोजेक्ट ड्रीमियाता एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन हाउस के तहत बनेगा। इस शो से दोनों टीवी एक्टर्स की छोटे



पर्दे पर वापसी होगी। विवियन और दीपिका के इस सीरियल की शूटिंग साल 2026 में शुरू होगी। दीपिका कक्कड़ की बात करें तो आखिरी बार उन्हें सिलेब्रिटी मास्टर शेफ्स में देखा गया था। इसके बाद उन्हें कैंसर हो गया था। कैंसर की वजह से दीपिका कक्कड़ ने टीवी की दुनिया से दूरी बना ली थी। हाल ही में दीपिका की सर्जरी हुई थी। विवयन डीसेना की बात करें तो वो बिग बॉस 18 के घर में नजर आ चुके हैं। विवियन डीसेना कलर्स टीवी के शो मधुबाला, शक्ति और सिर्फ तुम जैसे हिट शोज में भी नजर आ चुके हैं। ड्रीमियाता एंटरटेनमेंट टीवी इंडस्ट्री के सबसे चर्चित प्रोडक्शन हाउस में से एक है। विवियन और दीपिका के शो की कहानी या नाम को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## देश को बचाने निकली हिम्मत सिंह की सेना

**मुंबई।** लोगों का इंतजार खत्म हुआ और हिम्मत सिंह एक बार फिर देश को बचाने के लिए हाजिर हो गए हैं। केके मेनन स्टारर स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज



हो चुका है। रिलीज होते ही स्पेशल ऑप्स 2 सुर्खियों में भी आ गया है और सोशल मीडिया पर लोग शो की कहानी से लेकर लोगों के अभिनय तक की तारीफ कर रहे हैं। स्पेशल ऑप्स के इस नए सीजन में एआई के बढ़ते इस्तेमाल से होने वाले खतरों के बारे में दिखाया गया है। कैसे एआई देश के लिए और लोगों के लिए खतरा हो सकता है। इस बार की कहानी देश के टॉप एआई साइंटिस्ट डॉ. पीयूष भार्गव के अपहरण और हिम्मत सिंह की टीम को उन्हें ढूंढने पर आधारित है। डॉ. पीयूष भार्गव ऐसे सीक्रेट्स जानते हैं जो देश की सुरक्षा के लिए बेहद अहम हैं। ऐसे में रॉ की टीम उन्हें ढूंढने में लग जाती है। वहीं दूसरी ओर सीरीज के विलेन उनका इस्तेमाल करके देश के लिए खतरा पैदा करने में लगे हैं। कहानी काफी इंटरेस्टिंग है और लोग इससे जुड़ पा रहे हैं।

## पसंद आई प्यार और जुनून की कहानी

**मुंबई।** मोहित सूरी की फिल्म सैयारा शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। आशिकी 2 और एक विलेन जैसी यादगार सुपरहिट लव स्टोरी देने वाले मोहित सूरी इस बार एक नई प्रेम कहानी के साथ लौटे हैं। फिल्म में इश्क, जुनून, दर्द और तड़प की कहानी को दिखाया गया है। सैयारा पूरी तरह से एक रोमांटिक-लव स्टोरी है। फिल्म के गाने पहले से ही सुपरहिट हो चुके हैं। सैयारा देखकर लौटे अधिकांश लोग फिल्म से संतुष्ट नजर आ रहे हैं और फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि इस फिल्म ने मुझे रुलाया और मुझे प्यार और भरोसे पर फिर से यकीन करना सिखाया है। यह एक शानदार इमोशनल फिल्म है। सिनेमाहॉल से एक वीडियो भी सामने आ रहा है, जिसमें एक शख्स फिल्म देखकर काफी भावुक हो गया और रोने लगा। एक अन्य यूजर ने फिल्म के संगीत, सिनेमेटोग्राफी और स्क्रीनप्ले की तारीफ करते हुए फिल्म को शानदार बताया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930